सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 24 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 17, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 364 अंकों की गिरावट

शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहा और सेंसेक्स 364 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की गिरावट आई। } 10

युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार प्रतिबद्ध : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि युवाओं का कल्याण और उनका उज्ज्वल भविष्य मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता भी है और संकल्प भी है। } 12



नीट मुद्दे पर संसद में विपक्ष का हंगामा

विरोध के चलते दोनों सदन स्थगित, सरकार चर्चा के लिए तैयार



एजेंसी

नयी दिल्ली। नीट प्रश्नपत्र लीक मामले पर चर्चा से पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के अड़े रहने के कारण राज्यसभा की कार्यवाही बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन भी बाधित रही और तीन बार के स्थगन के बाद बैठक दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

हंगामे के कारण उच्च सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। दिन में तीन बार स्थगित होने के बाद अपराह्न तीन बजे सदन की कार्यवाही जब दोबारा शुरू हुई तो उपसभापति हरिवंश ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे को बोलने की अनुमति दी। खरगे ने लिखित पाठ से काव्यात्मक पंक्तियां पढ़ना शुरू करते ...शेष पृष्ठ 10 पर

युवाओं का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मोदी

प्रदर्शनकारी छात्रों के नाम पीएम मोदी का संदेश-छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शेंगे नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के युवाओं का कल्याण और हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा उनके भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी का युवाओं के लिए यह संदेश ऐसे समय आया है, जब तीन दिन पहले कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हजारों छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में कथित अनियमितताओं के विरोध और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर संसद चलो मार्च निकाला था। इस मार्च के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे बड़ी संख्या में छात्र घायल हो गए।

वहीं, विरोध मार्च को रोकने की कोशिश के दौरान 100 से अधिक पुलिसकर्मी भी घायल हुए। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह भी कहा कि प्रश्नपत्र लीक के मामलों में शामिल लोगों को जल्द से जल्द कठोर दंड देने के लिए सरकार ने त्वरित अदालतें स्थापित करने का फैसला किया है। मोदी ने कहा हमारे युवाओं के कल्याण और भविष्य से बढ़कर कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। हमारे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।



प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर संबंधित प्राधिकारियों और अधिकारियों को सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा विद्यार्थियों के हितों को सुरक्षित करने के लिए सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णयों की श्रृंखला में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मोदी ने नीट प्रश्नपत्र लीक के मुद्दे पर पहली बार सार्वजनिक रूप से मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की संसदीय दल की बैठक में अपनी बात रखी थी। इस बैठक का न तो सीधा प्रसारण किया गया और न ही कोई आधिकारिक बयान जारी किया गया। हालांकि, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और कुछ सांसदों ने बैठक में प्रधानमंत्री द्वारा कही गई बातों की जानकारी साझा की। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रश्नपत्र लीक जैसे घोर पाप में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की गई है ताकि कोई भी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ न कर सके। मोदी ने कहा कि इस मुद्दे पर सभी राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को मिलकर काम करना चाहिए क्योंकि यह दलगत राजनीति का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हित का मामला है। उन्होंने राजग सांसदों से यह भी कहा कि वे लोगों के साथ गर्मजोशी और आत्मीयता के साथ जुड़े रहें तथा युवाओं का विश्वास जीतने का प्रयास करें। रीजीजू ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सांसदों से कहा कि प्रश्नपत्र लीक की खबर सामने आते ही सरकार ने तत्काल कार्वाई की और 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि छात्रों का भविष्य प्रभावित न हो, इसके ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

वैभव ने 19 गेंद पर जड़ा अर्धशतक



हरारे। तेज गेंदबाजों मयंक यादव और प्रिंस यादव की धारदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के तूफानी अर्धशतक से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जिम्बाब्वे के सात विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। जिम्बाब्वे के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने सूर्यवंशी (50 रन, 19 गेंद, चार छक्के, चार चौके) और इशान किशन (35 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्का) की पारियों से 13.2 ओवर में तीन विकेट पर 126 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

डंपर से कुचलकर तीन चचेरे भाइयों की मौत

ललितपुर। कोतवाली सदर क्षेत्र के रोड़ा गांव के पास गुरुवार दोपहर हुए एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार तीन चचेरे भाइयों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि तीनों किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया, जबकि आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगाकर दोषी चालक की गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की। रोड़ा निवासी अभिषेक पाल (15) पुत्र ब्रजभान, शनि (12) पुत्र जगभान और अंशू (12) पुत्र रूपलाल गुरुवार दोपहर करीब 2.30 बजे एक ही बाइक से खेत की ओर जा रहे थे। गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर रेलवे पुल के पास स्थित टाटा सर्विस सेंटर के नजदीक पीछे से तेज गति से आए एक अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

आस्था पर प्रहार करने वाले उठा रहे सवाल : योगी

हास्यास्पद लगते हैं सपा व कांग्रेसी नेताओं के उपदेश, 995 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आस्था, सुरक्षा व विकास के मुद्दे पर कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ता में रहने के दौरान आस्था पर प्रहार करने वाले सबसे बड़े आस्थावान बनने का ठेका ले रहे हैं। कांग्रेस व सपा के लोगों के मुंह से आस्था के उपदेश हास्यास्पद लगते हैं। सपा ने अपने शासन में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन में बाधा डाली, रामभक्तों पर गोली चलवाई। कांग्रेस ने भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाया, मंदिर आंदोलन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में वकील खड़ा किया। ये लोग किस मुंह से आस्था की बात कर रहे हैं?

मुख्यमंत्री गुरुवार को गोरखपुर जिले के पहले सिक्सलेन फ्लाईओवर सहित 995 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उक्त विकास कार्यों में टीपीनगर-पैडलेगंज मार्ग पर 2.6 किमी लंबे सिक्सलेन फ्लाईओवर सहित 813.52 करोड़ रुपये की 4 परियोजनाओं का लोकार्पण और 181.77 करोड़ रुपये की 10 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस-सपा ने अपनी सरकारों में न केवल आस्था से खिलवाड़ किया, बल्कि युवाओं को नौकरी और रोजगार से वंचित किया, अन्नदाता किसानों का हक छीना। बहन-बेटियों व व्यपारियों की सुरक्षा पर संकट खड़ा किया। 2017 के पहले यूपी में आए दिन दंगे होते थे, अराजकता



चरम पर थी। होली, दुर्गापूजा, विजयदशमी, रामनवमी, कृष्ण जन्माष्टमी जैसे पर्वों पर दंगे होते थे, कांवड़ यात्रा नहीं निकलने दी जाती थी। अब इन्हीं दलों के लोग आस्था पर बड़े-बड़े हास्यास्पद उपदेश दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने 2017 के पहले इंसेफेलाइटिस को लेकर सरकारी उदासीनता, सुरक्षा और निवेश के बदतर हालात को लेकर भी कांग्रेस-सपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इंसेफेलाइटिस बीमारी पूर्वी उत्तर प्रदेश की नियति बन चुकी थी। हजारों बच्चों की मौत हो गई, पर पिछली सरकारें कान में रुई डालकर सोती रहीं। उन्हें जनता की पीड़ा महसूस करने की फुर्सत नहीं थी। बच्चों, किशोरों व नौजवानों के जीवन के साथ कांग्रेस व सपा ने जितना शोषण व अत्याचार किया, उसे शब्दों में नहीं व्यक्त किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार ने नौजवानों को बेरोजगार करने का पाप किया। कभी नौकरी निकली भी तो उस पर सैफई सिंडिकेट का कब्जा हो जाता था। सपा ने न सिर्फ नौकरियों पर डकैती डाली, बल्कि उसने नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया, जिससे युवाओं की पढ़ाई, नौकरी, व्यापार, समृद्धि व भविष्य पर प्रश्न खड़े हुए। हमारी सरकार सुरक्षा के माहौल में विकास करने और बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 वर्ष पूर्व गोरखपुर में भय का माहौल था। यह गुंडों, माफियाओं व मच्छर के लिए बदनाम था। माफिया के भय से कोई प्रॉपर्टी नहीं खरीदता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2007 से 2017 तक प्रदेश की 29 चीनी मिलों को तत्कालीन कांग्रेस व सपा सरकारों ने बंद कर दिया। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने 9 वर्षों के दौरान बिना भेदभाव 9 लाख से ज्यादा नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब अच्छी सरकार आती है तो अच्छा कार्य होता है। जब अच्छे जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं तो उसके सकारात्मक और प्रगतिशील परिणाम आते हैं। सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर का रामगढ़ताल पर्यटन का सबसे बड़ा और बेहतरीन केंद्र बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर आवागमन को आसान बनाने का माध्यम है। आवागमन के माध्यम जितने तेज होंगे और आवागमन जितना सुगम होगा, उतनी ही तीव्र गति से प्रगति भी होगी। मुख्यमंत्री ने आमजन से बरसात के मौसम में विशेष तौर पर स्वच्छता पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

हर पंप पर मिलेगा ई-20 मिक्स पेट्रोल

नई दिल्ली। देश में इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर चल रही चर्चा के बीच सरकार ने बड़ा स्पष्टीकरण दिया है। सरकार ने कहा है कि सरकारी तेल कंपनियों की ओर से बेचे जाने वाले प्रीमियम पेट्रोल में पहले की तरह आगे भी इथेनॉल नहीं मिलाया जाएगा। साथ ही पेट्रोल में 20 प्रतिशत से अधिक इथेनॉल मिश्रण बढ़ाने का फिलहाल कोई फैसला नहीं हुआ है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि ए0 और ए10 पेट्रोल की आपूर्ति दोबारा शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। सरकार का कहना है कि देश की ईंधन नीति अब स्वच्छ और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित ईंधन की दिशा में आगे बढ़ने की है।

लोकसभा में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने लिखित जवाब में बताया कि इंडियन ऑयल का एक्सपी-100, हिंदुस्तान पेट्रोलियम का पॉवर-100 और भारत पेट्रोलियम का स्पीड-100 जैसे प्रीमियम पेट्रोल में इथेनॉल नहीं मिलाया जाता। ये विशेष प्रकार के ईंधन हैं, जिनमें प्रदर्शन क्षमता बढ़ाने वाले खास एडिटिव्स होते हैं। देश में कुल पेट्रोल बिक्री में इनकी हिस्सेदारी केवल लगभग 0.5 प्रतिशत है। इन प्रीमियम पेट्रोल की कीमत ...शेष पृष्ठ 10 पर

गंगा किनारे अवैध निर्माण चिंता का विषय

अवैध ढांचों व अतिक्रमणों को छह सप्ताह के अंदर हटाने का निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गंगा नदी के किनारे हो रहे अवैध निर्माणों को गंभीर चिंता का विषय मानते हुए बिहार सरकार को पटना में नदी के किनारे नौजर घाट से नूरपुर घाट तक सभी अवैध ढांचों व अतिक्रमणों को छह सप्ताह के अंदर हटाने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि पहले दिए गए आदेशों के बावजूद अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। पीठ ने कहा हमें बताया गया है कि अब तक अतिक्रमण हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। हम यह सुनिश्चित करने के लिए बिहार सरकार



को छह सप्ताह का समय देते हैं कि पटना में नौजर घाट से नूरपुर घाट के बीच सभी अवैध ढांचे, निर्माण और अतिक्रमण हटा दिए गए हैं।

पीठ ने सक्षम प्राधिकारी को इस संबंध में सुनवाई की अगली तारीख तक हलफनामे के रूप में कार्वाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अवैध निर्माणों के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट अदालत में पेश करने के लिए और समय मांगा। उन्होंने कहा कि कुछ राज्यों ने अभी तक जरूरी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है। इस पर उच्चतम न्यायालय ने कहा, सभी राज्यों को केंद्र सरकार को आवश्यक जानकारी देने का अंतिम अवसर दिया जाता है। अगर वे ऐसा नहीं करेंगे तो अदालत को उन राज्यों के मुख्य सचिवों को व्यक्तिगत रूप से अदालत में बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश उस समय दिया जब याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ...शेष पृष्ठ 10 पर

दुराचार और हत्या के दोषी को एक माह में मृत्युदण्ड की सजा

लखनऊ। नाबालिग से दुष्कर्म व उसकीनिर्मम हत्या के मामले में एक माह के भीतर आरोपित को दोषी करार देते हुए न्यायालय ने मृत्युदण्ड की सजा सुनाई है। न्यायालय पीठासीन अधिकारी अरविन्द कुमार गौतम (पाक्सो एक्ट) जनपद बहराइच द्वारा उक्त घटना कारित करने वाले अभियुक्त को मृत्युदंड की सजा व 1,00,000/- रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर 01 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गई। बताया जारहा है कि 13 मई 2026 को थाना कैसरगंज को लक्ष्मन निषाद पुत्र हीरा निषाद निवासी दयालपुरवा मंझारा तौकली थाना कैसरगंज बहराइच ने सूचना दी थी कि मेरा लड़का (07) 12 मई 2026 ...शेष पृष्ठ 10 पर

श्रमिकों के परिश्रम ने विकास को दी नयी गति : धामी

मुख्यमंत्री धामी ने कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का किया शुभारंभ

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को उत्तराखंड भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ करते हुए कहा कि विकास परियोजनाओं को धरातल पर उतारने वाले श्रमिक राज्य की प्रगति के महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दो मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में विकास कार्यों को आगे बढ़ाना आसान नहीं है। इसके बावजूद श्रमिकों ने पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों और



पुलों के निर्माण से लेकर मैदानी इलाकों में भवनों और अन्य आधारभूत परियोजनाओं को पूरा करने तक लगातार महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके परिश्रम ने प्रदेश के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी केवल विकास परियोजनाओं को पूरा करने तक सीमित नहीं है, ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्रियों ने सर्वसम्मति से 16वां ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्री-स्तरीय घोषणा पत्र अपनाया

स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने को प्रतिबद्धता ब्रिक्स देश

एजेंसी

चंडीगढ़। भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों की 16वीं बैठक यहां आयोजित हुई और स्वास्थ्य मंत्री-स्तरीय घोषणापत्र को सर्वसम्मति से अपनाया गया, जो ब्रिक्स देशों के स्वास्थ्य सहयोग को और गहरा करने तथा अधिक लचीली, समानतापूर्ण एवं जन-केंद्रित स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें ब्रिक्स सदस्य देशों के स्वास्थ्य मंत्री, प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी और जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ शामिल हुए। उन्होंने साझा जनस्वास्थ्य प्राथमिकताओं पर सहयोग बढ़ाने और



अधिक सुदृढ़ वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श किया। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास का निर्माण शीर्षक के तहत आयोजित इस बैठक ने सदस्य देशों को प्रमुख स्वास्थ्य चुनौतियों पर चर्चा करने तथा स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने, महामारी की रोकथाम, तैयारियों और प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ाने तथा निरंतर सहयोग के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज को आगे बढ़ाने की अपनी सामूहिक प्रतिबद्धता दोहराने का अवसर प्रदान किया। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम 16वें ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्री-स्तरीय घोषणापत्र को सर्वसम्मति से अपनाया जाना रहा। यह घोषणापत्र स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने तथा अधिक लचीली, न्यायसंगत और जन-केंद्रित स्वास्थ्य प्रणालियों के निर्माण के प्रति ब्रिक्स देशों की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत इस वर्ष अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत 22 से 24 जुलाई तक चंडीगढ़ में ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्रियों की 16वीं बैठक की मेजबानी कर रहा है। मंत्रिस्तरीय बैठक बृहस्पतिवार को आयोजित की गई। ब्रिक्स एक बहुपक्षीय संगठन है, जिसमें प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। इसके सदस्य देश ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने ब्रिक्स स्वास्थ्य मंत्रियों की 16वीं बैठक को ऑनलाइन ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीजेपी का देशव्यापी प्रदर्शन आज प्रधान के इस्तीफे तक करेंगे विरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी का गुरुवार को जंतर-मंतर पर 32वें दिन प्रदर्शन जारी है। सरकार ने गुरुवार को कहा कि वह कॉकरोच जनता पार्टी के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 24 घंटे में सीजेपी को जेपी नड्डा के घर या ऑफिस पर बातचीत के लिए 4 बार प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

सरकार ने चार बार बतचीत के लिए बुलाया

हालांकि, सीजेपी ने कहा है कि सरकार को बात करनी है तो जंतर-मंतर आए या फिर किसी न्यूट्रल जगह पर चर्चा करे। हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगे। इधर, कॉकरोच जनता पार्टी ने अब 24 जुलाई को देशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का ऐलान किया है। 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सीजेपी के नेतृत्व में छात्रों का प्रदर्शन 20 जून से जारी है। प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। प्रश्नपत्र लीक के मामलों में कार्वाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा में जवाबदेही के मुद्दे पर कोई बात नहीं की गई है। पीएम मोदी ने बृहस्पतिवार ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.

न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- गोरखपुर को कई परियोजनाओं की सौगात (पृष्ठ-02)
- देहरादून में नकली दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़ (पृष्ठ-02)
- रुपया चार पैसे टूटकर 96.57 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- ई-कॉमर्स मॉडल में एफडीआई की मिली अनुमति (पृष्ठ-10)
- पीपीपी मॉडल के तहत होगा तेल भंडार का निर्माण (पृष्ठ-10)

बीबीडीआईटीएम में एआई आधारित छात्र मेंटरिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





लखनऊ। बाबू बनारसी दास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट लखनऊ एवं वैल्यू एजुकेशन सेल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से छात्र मेंटरिंग एवं मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण : शिक्षकों को स्मार्ट मेंटरिंग एवं छात्र सहयोग के लिए सशक्त बनाना का सफलतापूर्वक समापन हुआ। 13 से 17 जुलाई, 2026 तक आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविदों, मनोवैज्ञानिकों एवं उद्योग विशेषज्ञों ने सहभागिता करते हुए शिक्षकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित छात्र मार्गदर्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य के नवीन आयामों से परिचित कराया। यह कार्यक्रम बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) प्रतुल अरविंद, सहायक निदेशक प्रो. (डॉ.) अनुराग तिवारी, रजिस्ट्रार, सहायक रजिस्ट्रार एवं संस्थान के सभी विभागाध्यक्षों की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत निदेशक प्रो. (डॉ.) प्रतुल अरविंद ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों, संसाधन व्यक्तियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के समग्र विकास, प्रभावी मार्गदर्शन एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता का संतुलित एवं नैतिक उपयोग समय की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर आईआईएम लखनऊ के पूर्व छात्र एवं 'युक्ति' स्टार्टअप के संस्थापक अखिलेश शुक्ला ने डिजिटल युग में विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र विकास विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिक्षा को नई दिशा प्रदान कर सकती है, किंतु विद्यार्थियों के जीवन में मानवीय संवेदनाएं, सहानुभूति एवं नैतिक मूल्यों का कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर टीसीएस के रीजन हेड संदीप जोशी तथा राजेन्द्र कालरा ने भी उद्योग जगत के अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों को नई तकनीकों के प्रभावी उपयोग के लिए प्रेरित किया।

द्वितीय दिवस पर डॉ. सौम्या शर्मा, इंग्लिश एंड फॉरेन लैंग्वेज यूनिवर्सिटी ने लैंग्वेज, साइकोलॉजी एवं एआई फॉर मेंटरिंग एंड इन्क्लूसिव क्लासरूम टीचिंग विषय पर व्याख्यान देते हुए लार्ज लैंग्वेज मॉडल, संज्ञानात्मक भाषाविज्ञान एवं भाषा मनोविज्ञान के माध्यम से समावेशी एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण की अवधारणा को विस्तार से समझाया।

तृतीय दिवस पर डॉ. पी. प्रशांत, डिप्टी प्रो-वाइस चांसलर, सिक्किम ग्लोबल टेक्निकल यूनिवर्सिटी ने एआई ड्रिवन स्टूडेंट मेंटरिंग सिस्टम विषय पर व्याख्यान देते हुए एआई आधारित विश्वविद्यालय प्रणाली, मशीन लर्निंग, प्रिडिक्टिव एनालिटिक्स, लर्निंग एनालिटिक्स एवं 360त्छात्र प्रोफाइल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। चतुर्थ दिवस पर डॉ. प्रतीक्षा श्रीवास्तव, मनोवैज्ञानिक एवं प्रोफेशनल स्टूडेंट काउंसलर, एडीजीआईपीएस, दिल्ली ने टीचर-स्टूडेंट रिलेशनशिप : ए साइकोलॉजिकल पर्सपेक्टिव विषय पर व्याख्यान देते हुए विश्वास, संवाद, सहानुभूति, व्यक्तिगत भिन्नताओं की पहचान, माइंडफुलनेस एवं तनाव प्रबंधन जैसी मनोवैज्ञानिक तकनीकों को प्रभावी मेंटरिंग का आधार बताया।

समापन दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. संजय मेधावी का प्रेरणादायक व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, भारतीय ज्ञान परंपरा एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के समन्वित उपयोग पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित जीवन मूल्यों तथा आधुनिक तकनीकों के संतुलित समावेश से ही गुणवत्तापूर्ण एवं मूल्यपरक शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों के समग्र विकास, नवाचार एवं मानवीय मूल्यों को शिक्षा के केंद्र में रखने का आह्वान किया। साथ ही भविष्य की प्रवृत्तियां एवं संस्थागत नियोजन विषय पर भी सार्थक चर्चा हुई। एफडीपी की समन्वयक डॉ. प्रीति मिश्रा एवं सह-समन्वयक डॉ. कौशल यादव ने कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्यों एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को एआई आधारित मेंटरिंग, व्यक्तिगत शिक्षण, छात्र परामर्श तथा मानसिक स्वास्थ्य सहयोग के आधुनिक उपकरणों एवं तकनीकों से परिचित कराना है।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रूपाली अग्रवाल, डॉ. नेहा गुप्ता, शहाब अहमद, गरिमा जैन, सुश्री पद्मिनी मिश्रा एवं काजल सिंह ने किया। अंत में आयोजन समिति ने सभी विशिष्ट अतिथियों, संसाधन व्यक्तियों, प्रबंधन, संकाय सदस्यों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान शिक्षकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र व्यक्तित्व विकास में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा।

बीबीडी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा 'शिक्षण कौशल' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। बीबीडी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के शिक्षकों के लिए शिक्षण कौशल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रो चांसलर विराज सागर दास के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

साथ ही, बीबीडी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. के. श्रीवास्तव तथा प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) एस. सी. शर्मा का विशेष निर्देशन एवं सहयोग भी प्राप्त हुआ।

कार्यशाला की मुख्य वक्ता डॉ. निष्ठा शुक्ला, प्राचार्य, आर.के.जी. एजुकेशनल कॉलेज, लखनऊ रहीं। उन्होंने प्रभावी शिक्षण कौशल, कक्षा प्रबंधन, संप्रेषण कौशल, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया तथा शिक्षक एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की विभिन्न प्रविधियों एवं आयामों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, नवाचारों तथा विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण दृष्टिकोण को अपनाने पर विशेष बल देते हुए प्रतिभागियों को एक प्रभावी एवं प्रेरणादायी शिक्षक बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यशाला के दौरान प्रो. (डॉ.) शिवानी भटनागर, मिस नेहा शुक्ला असिस्टेंट प्रोफेसर, डॉ. मुदित कुमार वर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर, और डॉ. मावरा शोएब, असिस्टेंट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ एजुकेशन ने विभिन्न शिक्षण कौशलों एवं शिक्षण तकनीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया तथा प्रतिभागियों से इन कौशलों का अभ्यास भी करवाया, जिससे कार्यशाला अधिक सहभागितापूर्ण एवं उपयोगी बनी।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रभावी शिक्षण कौशल का विकास करना, शिक्षण प्रक्रिया को अधिक रोचक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाना तथा शिक्षकों को व्यावहारिक शिक्षण तकनीकों एवं नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों से परिचित कराना था।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के शिक्षकों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा शिक्षण-अधिगम से संबंधित अनेक विषयों पर अपने प्रश्न प्रस्तुत किए, जिनका डॉ. निष्ठा शुक्ला ने स्पष्टता के साथ उत्तर दिया। यह कार्यशाला प्रतिभागियों के लिए शिक्षण कौशल में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु एक प्रभावी एवं प्रेरणादायी मंच सिद्ध हुई।

इस कार्यशाला का सफल आयोजन स्कूल ऑफ एजुकेशन की विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) कनक द्विवेदी के निर्देशन एवं समन्वय में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर प्रो. (डॉ.) कनक द्विवेदी ने मुख्य वक्ता डॉ. निष्ठा शुक्ला, सभी संकाय सदस्यों, शोधार्थियों तथा विभिन्न संकायों से उपस्थित सभी शिक्षक-प्रतिभागियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

यह कार्यशाला बीबीडी विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के शिक्षकों के लिए प्रभावी शिक्षण कौशल विकसित करने, व्यावहारिक शिक्षण तकनीकों को समझने तथा एक कुशल, नवाचारी एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षक बनने की दिशा में अत्यंत उपयोगी, प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक रहा।

गोरखपुर को मिली 1753 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

विशेष संवाददाता (vol)



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 12 दिनों के भीतर दूसरी बार गोरखपुर पहुंचकर जिले को कुल 1753 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। 11 जुलाई को 758 करोड़ रुपये और गुरुवार को 995 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। दोनों दौरों में सड़क संपर्क और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं पर विशेष जोर रहा।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को 429.49 करोड़ रुपये की लागत से बने गोरखपुर के पहले सिक्सलेन फ्लाईओवर का लोकार्पण किया। इसके साथ ही 278 करोड़ रुपये की लागत से तैयार पैडलेगंज चौक से फिराक गोरखपुरी चौक तक फोरलेन सड़क का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं से शहर के साथ-साथ आसपास के जिलों और नेपाल तक की आवाजाही अधिक सुगम होने की उम्मीद है। टीपी नगर-पैडलेगंज मार्ग पर निर्मित 2.6 किलोमीटर लंबे सिक्सलेन फ्लाईओवर से संतकबीरनगर, बस्ती, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, आजमगढ़, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज और नेपाल की ओर जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं पैडलेगंज से फिराक गोरखपुरी चौक तक फोरलेन सड़क बनने से शहर के भीतर यातायात का दबाव कम होगा। मुख्यमंत्री ने नंदानगर पुलिस चौकी-शमशेर गेट मार्ग पर अंडरपास और सर्विस रोड निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इससे पहले 11 जुलाई को मुख्यमंत्री ने करीब 690 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 11.60 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क सहित कुल 758 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया था। इन परियोजनाओं में भी सड़क संपर्क को मजबूत करने वाले कार्य प्रमुख रहे। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तीकरण और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने कामकाजी महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास के निर्माण का शिलान्यास किया तथा राजकीय महिला पॉलिटेक्निक में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया। इस केंद्र में उभरती तकनीकों से जुड़े आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी।

पारदर्शी प्रक्रिया से विद्यार्थियों को नियत समय पर मिलेगी छात्रवृत्ति

- बायोमेट्रिक सत्यापन, एनआईसी स्क्रूटनी और पीएफएमएस से होगा भुगतान
- 5 अगस्त तक मास्टर डाटा ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना होगा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश के छात्र-छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति का लाभ दिलाने की दिशा में अहम पहल करते हुए वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पूर्वदशम (कक्षा 9-10) और दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजनाओं की विस्तृत समय-सारिणी जारी कर दी है। प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग की ओर से जारी शासनादेश के तहत आवेदन से लेकर सत्यापन, स्क्रूटनी और पीएफएमएस के माध्यम से सीधे बैंक खातों में छात्रवृत्ति हस्तांतरण तक प्रत्येक चरण की स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित की गई है। योगी सरकार का उद्देश्य पूरी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और समयबद्ध बनाते हुए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र विद्यार्थियों तक अनावश्यक विलंब के बिना छात्रवृत्ति का लाभ पहुंचाना है।

शासन की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों को अपना मास्टर डाटा ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक और संबंधित अधिकारी विद्यालयों की मान्यता, सीटों और अन्य आवश्यक विवरणों का सत्यापन करेंगे। अल्पसंख्यक वर्ग के निजी विद्यालयों की पोर्टल पर मार्किंग की प्रक्रिया भी निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाएगी, जिससे आगे की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न आए। नवीनीकरण श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन आवेदन और हार्डकॉपी जमा करने की प्रक्रिया 11 अगस्त से 25 अगस्त तक चलेगी। विद्यालय स्तर पर बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, आवेदन सत्यापन और अग्रसारण (फॉरवर्डिंग) 30 अगस्त तक पूरा किया जाएगा।

देहरादून में नकली दवा फैक्ट्री का भंडाफोड़

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ/देहरादून। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) उत्तर प्रदेश ने क्राइम ब्रांच गाजियाबाद और एफएसडीए उत्तराखंड के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए देहरादून में अवैध रूप से संचालित नकली दवा निर्माण फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई के दौरान करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की नकली दवाएं, पैकिंग सामग्री और मशीनरी जब्त की गई, जबकि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

एफएसडीए मुख्यालय से गठित विशेष टीम में औषधि निरीक्षक आशुतोष मिश्रा, गौरव लोधी और नीलेश शर्मा शामिल थे। जांच में सामने आया कि यह गिरोह उत्तराखंड में नकली दवाओं का निर्माण कर उन्हें उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में सप्लाई कर रहा था। अधिकारियों के अनुसार, 19 जुलाई को लखनऊ के अमीनाबाद थाना क्षेत्र में नकली दवाओं के भंडारण एवं बिक्री के मामले में दर्ज एफआईआर की जांच के दौरान इस अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा हुआ। इसके बाद गाजियाबाद से गिरोह के मुख्य वितरक राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा को गिरफ्तार किया गया। उसके मोबाइल की जांच में व्हाट्सएप चैट, नकली दवाओं की पैकिंग के फोटो तथा मशीनरी से जुड़े डिजिटल साक्ष्य मिले, जिनके आधार पर देहरादून स्थित फैक्ट्री का पता चला। संयुक्त टीम ने देहरादून के देवीपुर न्यू हाईवे रोड स्थित परिसर में छापा मारकर भारी मात्रा में नकली दवाएं, सेमी-फिनिश उत्पाद, एल्युमिनियम फॉयल, पैकिंग रैपर, मास्टर कार्टन तथा अत्याधुनिक पैकिंग मशीनें बरामद कीं। मौके से क्लैवेक्टम 625, राजो डी सहित कई नामी कंपनियों की दवाओं की नकली पैकिंग सामग्री भी मिली। जांच में यह भी सामने आया कि बिना वैध लाइसेंस के बड़े पैमाने पर नकली दवाओं का निर्माण किया जा रहा था। इस मामले में गौरव त्यागी, राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा, विपिन भटनागर और विनय चंद सहित आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)-2023 की विभिन्न धाराओं तथा संगठित अपराध संबंधी प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा और विनय चंद को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। एफएसडीए उत्तराखंड ने मौके से औषधियों के नमूने जांच के लिए संग्रहित किए हैं तथा शेष नकली दवाओं, मशीनों और पैकिंग सामग्री को सील कर दिया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई गई है। नकली दवाओं के निर्माण, भंडारण और बिक्री से जुड़े पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

भाजपा सरकार किसी की बात नहीं सुन रही : अखिलेश यादव

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा अहंकार में सरकार चला रही है। भाजपा सरकार नहीं अहंकार है। भाजपा सरकार किसी की बात नहीं सुन रहीं है। लोकतंत्र में सरकार की जिम्मेदारी होती है कि लोगों की बात सुने और जाने कि लोग क्या चाहते है? उन्होंने कहा कि सरकार अगर अन्याय करेगी, दबाव बनायेगी तो दबाव नहीं चलने वाला है। गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि नीट परीक्षा लीक सरकार की गलती है, इसीलिए परीक्षा दोबारा हुई। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों, नौजवानों की मांग स्वीकार करे। जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देंगे, तब तक हम लोग सदन में आवाज उठाते रहेंगे। नीट परीक्षा लीक के बाद जिन बच्चों की जान गयी है, सरकार उन परिवारों की मांगों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया हैं, भाजपा सरकार में लगातार पेपर लीक हो रहे हैं।

राज्यपाल को अजय राय ने लिखा पत्र

- जौहर विवि के भवनों के नियमितीकरण किये जाने के लिए लिखा पत्र

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को पत्र लिखकर कहा है कि रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के अधिकांश भवनों को ध्वस्त किए जाने संबंधी समाचारों ने प्रदेश के विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं शिक्षा जगत में व्यापक चिंता उत्पन्न की है। प्रदेश की संवैधानिक मुखिया एवं प्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति होने के नाते आपके संवेदनशील हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता है।

उन्होंने पत्र में लिखा है कि शिक्षा और जनकल्याण के उद्देश्य से स्थापित विश्वविद्यालय किसी सरकार, राजनीतिक दल अथवा व्यक्ति की संपत्ति नहीं होते। वे राष्ट्र की बौद्धिक पूंजी समाज की साझा धरोहर और आने वाली पीढ़ियों की अमानत होते हैं। सरकारें बदलती है लेकिन शिक्षा संस्थानों की गरिमा, निरंतरता और उपयोगिता नहीं बदलनी चाहिए।

उन्होने पत्र में लिखा है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की अगुआई में निर्मित भारत का संविधान अनुच्छेद 30(1) के माध्यम से अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना एवं प्रशासन का मौलिक अधिकार प्रदान करता है। यह अधिकार राज्य से यह अपेक्षा रखता है कि किसी भी कथित दंडात्मक कार्रवाई की स्थिति में भी संविधान की भावना, प्राकृतिक न्याय, सार्वजनिक हित और अनुपातिकता के सिद्धांतों का पूर्ण पालन हो। ऐसे में जौहर विश्वविद्यालय के अनेक भवनों के व्यापक ध्वस्तीकरण का निर्णय न्याय और प्रशासन दोनों की दृष्टि से गलत है। उन्होंने कहा है कि मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय वर्ष 2013 से विधिवत संचालित हो रहा है और इतने वर्षों में हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करता रहा है। रामपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किसी प्रकार के भवन विस्तार संबंधी आपत्ति को विधिक प्रक्रिया और प्राधिकरण के मान्य नियमों के अंतर्गत दूर किया जा सकता था।

हर जरूरतमंद के साथ मजबूती से खड़े दिखे डॉ. राजेश्वर

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अस्वस्थ कार्यकर्ताओं, शोकाकुल परिवारों और जरूरतमंद नागरिकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने आर्थिक सहायता, बेहतर उपचार और बच्चों की शिक्षा का दायित्व उठाते हुए जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

अर्जुनगंज के सरसवां में कैंसर से पीड़ित पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार रोहित से भेंट कर विधायक ने उनके उपचार में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उनके दोनों बच्चों की एक वर्ष की शिक्षा-शुल्क वहन करने और पुत्री के डॉक्टर बनने के सपने को पूरा करने में सहयोग देने की घोषणा की।

अर्जुनगंज क्षेत्र में ही आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ चुकी छात्रा रिद्धिमा गौतम के बारे में जानकारी मिलने पर डॉ. सिंह ने दो दिन के भीतर उसका पुनः विद्यालय में प्रवेश कराने और शिक्षा-शुल्क की व्यवस्था कराने का भरोसा दिया। उन्होंने अस्वस्थ भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अपर्णा भारती से मुलाकात कर बेहतर उपचार का आश्वासन दिया। वहीं आवास क्षतिग्रस्त होने से परेशान संगठन के एक बूथ अध्यक्ष को अपने निजी सहयोग से एक कमरे के निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की।

जनसंपर्क अभियान के दौरान डॉ. सिंह ने लखनऊ महानगर अल्पसंख्यक मोर्चा के नगर महामंत्री शेर अली के आवास पहुंचकर उनकी माता स्वर्गीय अकबरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सुभाषनगर और तेलीबाग क्षेत्र में लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने हृदय रोग से पीड़ित एक जरूरतमंद नागरिक के उपचार के लिए विधायक निधि से 1.75 लाख रुपये की सहायता का आश्वासन दिया तथा एक बुजुर्ग महिला के उपचार के लिए आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि राजनीति केवल चुनाव जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि लोगों के कठिन समय में उनके साथ खड़े रहने का दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों के सुख-दुःख में सहभागी बनना ही उनके जनप्रतिनिधित्व का मूल मंत्र है।

संघ कल मनायेगा श्रद्धांजलि दिवस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने 25 जुलाई को 'श्रद्धांजलि दिवस' के रूप में मनायेगा। 25 जुलाई 2017 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षामित्रों के समायोजन निरस्त किये जाने के बाद से अब तक हजारों शिक्षामित्र असमय काल के गाल में समा चुके हैं। इस अवसर पर प्रदेश भर में शिक्षामित्र अपने दिवंगत साथियों को नमन करेंगे और उनके प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ ही संगठन जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में अपनी लंबित और गंभीर समस्याओं के समाधान के लिए एक व्यापक मांग पत्र भी जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को प्रेषित करेगा। इसकी जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह ने कहा कि हमारी प्रमुख मांगों ट्रांसफर प्रकिया में हो रही देरी है, इसमें 3 जनवरी 2025 के शासनादेश और महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के निर्देशों के बावजूद, लखनऊ और बाराबंकी के अतिरिक्त अन्य जिलों में शिक्षामित्रों की मूल विद्यालय वापसी और समायोजन की प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई है, जिससे शिक्षामित्रों को लंबी दूरी तय करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। शिक्षकों के पद पर समायोजन की बात की जायें तो टीईटी उत्तीर्ण और एनसीटीई मानकों को पूरा करने वाले लगभग 60,000 शिक्षामित्रों को 'सुपर टीईटी' से छूट प्रदान करते हुए उन्हें शिक्षक पद पर समायोजित किया जाए। शिक्षामित्रों के वर्षों के अनुभव और योग्यता को देखते हुए उनकी सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष की जाए। शिक्षामित्रों को 11 माह के स्थान पर 12 महीने का मानदेय प्रदान किया जाए और बेसिक स्कूलों में आयोजित होने वाली 'स्पेशल टीईटी' परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर दिया जाए।

विपक्ष का एजेंडा चर्चा नहीं, व्यवधान पैदा करना : पंकज चौधरी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश मुख्यालय पर पत्रकारवार्ता कर विपक्ष को लिया आड़े हाथ

विशेष संवाददाता (vol)

- कहा, राहुल गांधी खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए राजनीतिक प्रदर्शन कर रहे

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार संसद के भीतर हर विषय पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन विपक्ष का उद्देश्य चर्चा नहीं बल्कि व्यवधान उत्पन्न करना और भ्रम फैलाना है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी विपक्ष ने संविधान परिवर्तन और चुनावी सुधार जैसे विषयों पर देश में भ्रम फैलाने का प्रयास किया था, जबकि सरकार ने संसद में विस्तृत चर्चा के माध्यम से सभी तथ्यों को स्पष्ट किया था।

उन्होंने कहा कि आज भी सरकार नीट पेपर लीक अथवा किसी भी अन्य विषय पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है लेकिन विपक्ष संसद नहीं चलने देना चाहता। उन्होंने राहुल गांधी के हालिया बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वयं कांग्रेस के नेताओं के वक्तव्यों से स्पष्ट हो चुका है कि विपक्ष का एजेंडा चर्चा नहीं बल्कि व्यवधान पैदा करना है। प्रधानमंत्री आवास के बाहर कांग्रेस द्वारा किए गए प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि प्रधानमंत्री आवास के सामने किसी राजनीतिक दल ने धरना दिया हो। प्रधानमंत्री किसी एक दल के नहीं बल्कि पूरे देश के प्रधानमंत्री होते हैं। उन्होंने इसे राजनीति का निम्नतम स्तर बताते हुए कहा कि राहुल गांधी संसद की राजनीति नहीं बल्कि कैमरे की राजनीति कर रहे हैं और खोया हुआ जनाधार वापस पाने के लिए इस प्रकार के राजनीतिक प्रदर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा देश के युवाओं को किसी राजनीतिक दल का नहीं बल्कि राष्ट्र का भविष्य मानती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की सभी नीतियों के केंद्र में युवा शक्ति है। उन्होंने कहा कि जैसे ही नीट परीक्षा में अनियमितताओं की जानकारी मिली, सरकार ने तुरंत परीक्षा रद्द कर पुनः परीक्षा आयोजित कराई, जिसका परिणाम भी घोषित हो चुका है। सरकार विद्यार्थियों के भविष्य के प्रति पूरी तरह संवेदनशील और प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए छात्रों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री ने पेपर लीक के सभी मामलों में दोषियों को शीघ्र एवं कठोर दंड दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्देश दिए हैं, ताकि ऐसे मामलों का त्वरित निस्तारण हो सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पंकज चौधरी ने कहा कि यह समय छात्रों की समस्याओं के समाधान का है, न कि राजनीति करने का। यदि विपक्ष के पास नीट और पेपर लीक की समस्या के समाधान के लिए कोई सुझाव हैं तो उन्हें संसद में चर्चा के दौरान रखना चाहिए। सरकार जिस भी नियम के अंतर्गत और जितनी देर तक चर्चा करनी हो, उसके लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन विपक्ष चर्चा से भागकर केवल भ्रम और अराजकता फैलाना चाहता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में भी अनेक पेपर लीक की घटनाएं हुई थीं, जबकि मोदी सरकार ने परीक्षा प्रणाली को लीक-प्रूफ बनाने के लिए कड़े कानूनी एवं प्रशासनिक कदम उठाए हैं।

संक्षेप

घर से हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात उड़ाये, दी तहरीर



प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों द्वारा दरवाजे का ताला तोड़कर घर से नकदी समेत सोने चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। पीडित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना के पूरे ओरी रेहुआ लालगंज निवासी प्रेमचंद्र सिंह पुत्र जवाहर के घर बुधवार की देर रात बदमाश पीछे का दरवाजे का ताला तोडकर घुस आये। बदमाशो ने कमरे के अंदर आलमारी में रखे लाखों के जेवरात व दस हजार रुपए नकद पर हाथ साफ कर दिया। गुरूवार की सुबह परिजन सोकर उठे तब ताला टूटा देख आवाक रह गये। पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच कर घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

पेट्रोल पम्प से बैटरी चोरी, दी तहरीर

प्रतापगढ़। पेट्रोल पम्प से बैटरी व स्टेबलाइजर अज्ञात चोर उड़ा ले गये। घटना को लेकर पीड़ित ने गुरूवार को पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली लालगंज के कान का पुरवा बेलहा स्थित पेट्रोल पम्प में बीती बुधवार की रात अज्ञात चोर कार्यालय मे लगे कांच तोड़कर अंदर कमरे में रखा बैटरी व स्टेबलाइजर उठा ले गये। पेट्रोल पम्पकर्मी सत्य प्रकाश पाण्डेय ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

मारपीट की घटना में नौ पर केस

प्रतापगढ़। मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने नौ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के महराज का पुरवा गांव की उषा मिश्रा पत्नी बृजेश मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बीस जुलाई की शाम करीब साढ़े छः बजे उसका पुत्र नितेश व रिश्तेदार शिवम बाइक से रामपुर जा रहे थे। पीड़िता का आरोप है कि भभया नगर रामपुर मार्ग पर घात लगाए बैठे गोड़वा निवासी रिषभ पाण्डेय समेत नौ आरोपियो ने जबरन रोक कर गाली देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

आपत्तिजनक वीडियो बनाने पर दर्ज हुआ मुकदमा

प्रतापगढ़। धोखे से आपत्तिजनक वीडियो बना लेने तथा विरोध पर जानलेवा धमकी देने के आरोप को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह सांगीपुर थाना के हर्षपुर असांव गांव निवासी बृजेश गुप्ता पुत्र शोभनाथ गुप्ता से करीब वर्ष भर से बातचीत करती थी। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच आरोपी बृजेश ने धोखे से उसका आपत्तिजनक वीडियो बना कर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने वीडियो डिलीट करने को कहा तो आरोपी ने मना करते हुए धमकी दी। यह भी आरोप है कि आरोपी पीड़िता व उसके पिता को अलग अलग नंबरों से जानलेवा धमकी दिलवा रहा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

चार बम के साथ युवक धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली के दरोगा ज्ञानचंद्र तिवारी गुरूवार की सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर सरस्वती विद्या मंदिर के समीप चार बम के साथ मो0 साबिर खान उर्फ कल्लन पुत्र मो0 जुम्मन खान उर्फ तन्ने निवासी कुरैसिन का पुरवा राहाटीकर, उदयपुर को धर दबोचा। दरोगा ने बताया कि पकड़े गये आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

तीन किशोर बाणगंगा नदी में डूबे

अंतिम संस्कार में शामिल होने आये थे किशोर, एनडीआरएफ का रेस्क्यू अभियान जारी

जिला संवाददाता



शोहरतगण सिद्धार्थनगर। जिले के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बैदौली घाट पर गुरुवार को बानगंगा नदी में नहाने के दौरान तीन किशोर लापता हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन, स्थानीय गोताखोरों और एनडीआरएफ की टीम ने संयुक्त रूप से खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया। देर शाम तक तीनों का पता नहीं चल सका था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत माधवापुर के टोला मिझुनिया निवासी 85 वर्षीय कंचन देवी के अंतिम संस्कार के लिए ग्रामीण बैदौली घाट पहुंचे थे। इसी दौरान शिवा (17) पुत्र राममूरत, रवि (17) पुत्र रामरूप और मोनू (18) पुत्र बबलू नदी में नहाने उतर गए। बताया जाता है कि तीनों गहरे पानी और तेज बहाव की चपेट में आ गए, जिसके बाद वे लापता हो गए। घटना की सूचना पर एसडीएम राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी, तहसीलदार प्रकाश सिंह यादव तथा थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक स्तर पर स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। इसके बाद संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बानगंगा नदी के इस हिस्से में पानी काफी गहरा है और बहाव तेज होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने जिला प्रशासन से संपर्क कर खोज एवं बचाव अभियान में तेजी लाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वह अधिकारियों के संपर्क में हैं और अभियान की लगातार जानकारी ले रहे हैं। हादसे के बाद बैदौली घाट पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन का कहना है कि तीनों किशोरों की तलाश के लिए अभियान जारी है और आवश्यकता पड़ने पर पूरी रात सर्च ऑपरेशन चलाया जाएगा।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

बांसी सिद्धार्थनगर (बांसी)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में जनपद में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत गुरुवार को थाना बांसी क्षेत्र के ग्राम तेलौरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को नए आपराधिक कानूनों, साइबर अपराध से बचाव, महिला सुरक्षा, एंटी रोमियो अभियान तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन सेवाओं का निडर होकर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। जागरूकता अभियान में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अनेक महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

गांजा तस्करी पर पुलिस ने कसा शिकंजा

बोलेरो समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

जिला संवाददाता



श्रावस्ती। जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नवीन मॉडर्न पुलिस थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 किलो 750 ग्राम अवैध गांजा, 107 मिट्टी की चिलम, गांजा सेवन एवं पैकिंग में प्रयुक्त सामग्री, तीन मोबाइल फोन, 3,590 रुपये नकद तथा तस्करी में प्रयुक्त महिंद्रा बोलेरो नियो वाहन बरामद कर सीज कर दिया है। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक सिंह के पर्यवेक्षण में नवीन मॉडर्न पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक जयहरी मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, 22 जुलाई को गिलौला थाना पुलिस ने गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि उन्हें गांजा कटरा बाजार निवासी सोमनाथ उपलब्ध कराता है। इस महत्वपूर्ण जानकारी के आधार पर नवीन मॉडर्न पुलिस थाना पुलिस ने सोमनाथ की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि महिंद्रा बोलेरो नियो वाहन से गांजे की खेप ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने परशुरामपुर मोड़ के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोक लिया। क्षेत्राधिकारी की मौजूदगी में वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 5.750 किलोग्राम अवैध गांजा, 107 मिट्टी की चिलम, एक पैकेट मोमबत्ती, तीन डिब्बे रोलिंग पेपर, दो पैकेट पैकिंग पन्नी, तीन मोबाइल फोन तथा 3,590 रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर ही तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो नियो वाहन को सीज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोमनाथ पुत्र छेदीलाल निवासी कटरा बाजार, गंगाराम तिवारी पुत्र भगौती प्रसाद तथा छेदीलाल पुत्र शांति प्रसाद निवासी ककरा रोड वीरपुर, थाना नवीन मॉडर्न पुलिस थाना, श्रावस्ती के रूप में हुई है। तीनों के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 97/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने कहा कि जनपद में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के विरुद्ध श्रावस्ती पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

थाना प्रभारी निरीक्षक जयहरी मिश्रा ने बताया कि गिलौला थाना पुलिस से प्राप्त अहम जानकारी और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अभियान निरंतर जारी रखेगी और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व चिकित्साधिकारी का इलाज के दौरान निधन, जताया गया दुख



प्रतापगढ़। दुर्घटना में घायल हुए पूर्व चिकित्साधिकारी डा0 हरिश्चंद्र शुक्ल 73 के निधन को लेकर सगरा सुन्दरपुर क्षेत्र में गुरूवार को शोक का माहौल देखा गया। सोलह जुलाई को डाक्टर शुक्ल घर से स्कूटी से किसी काम से निकले थे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के समीप अज्ञात बाइक की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गये। लालगंज ट्रामा सेंटर में प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें पड़ोसी जिले रायबरेली एम्स में रेफर कर दिया। वहां भी स्थिति नाजुक देख परिजन उन्हें लखनऊ के मैक्स अस्पताल ले गये। गुरूवार की भोर में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। निधन की जानकारी घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। इधर बाजार के साथ डा0 शुक्ल के पैतृक गांव पूरे शुक्लन हण्डौर में भी शोक का माहौल देखा गया। डाक्टर हरिश्चंद्र श्रीराम कथा आयोजन समिति के संरक्षक भी थे। निधन की जानकारी पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता डॉ0 राकेश सिंह, विश्वम्भर नाथ शुक्ल, प्रतीक शुक्ल, पूर्व बीडीसी राजकुमार शुक्ल, मानस ग्रन्थ संरक्षा अभियान के राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रधानाचार्य रमेशचंद्र तिवारी, समाजसेवी संजय शुक्ल, मदन तिवारी, मनोज तिवारी आदि ने डा0 हरिश्चंद्र के निधन को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अपूर्णनीय क्षति कहा है।

डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का किया मासिक निरीक्षण



श्रावस्ती। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के तहत किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी मशीनों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर (रिकॉर्डिंग सिस्टम) के लगातार संचालन और रिकॉर्डिंग की भी समीक्षा की तथा इसे हर समय सुचारु रूप से चालू रखने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ललित कुमार, उप कृषि निदेशक रामाश्रय यादव, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष विनोद साहू, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव, कांग्रेस के मो. अजमल, बसपा के केशवराम सोनकर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, वरिष्ठ सहायक प्रतिभा पाण्डेय, कनिष्ठ सहायक मकसूद अहमद सहित निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

यूपी में दशमोत्तर छात्रवृत्ति का कार्यक्रम जारी, 15 सितंबर से शुरू होंगे आवेदन

श्रावस्ती। समाज कल्याण अधिकारी श्रावस्ती अमर नाथ यति ने जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश शासन के समाज कल्याण विभाग ने शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की समय-सारिणी जारी कर दी है। यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों पर लागू होगी। जारी शासनादेश के अनुसार 22 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक सभी शिक्षण संस्थानों को अपना मूल अभिलेख विवरण तैयार करना होगा। इसके बाद विश्वविद्यालय तथा संबंधित एजेंसियां पाठ्यक्रम, शुल्क और सीटों का सत्यापन करेंगी। पहले से छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के नवीनीकरण के लिए 15 सितंबर से 15 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। वहीं पहली बार आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के नवीन पंजीकरण एवं आवेदन 15 सितंबर से 31 अक्टूबर 2026 तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद शिक्षण संस्थान, विश्वविद्यालय तथा संबंधित विभाग चरणबद्ध ढंग से अभिलेखों का सत्यापन करेंगे। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पात्र विद्यार्थियों के आधार से जुड़े बैंक खातों में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि सीधे भेजी जाएगी।

हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास, 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत प्रभावी पैरवी से मिली सजा

सिद्धार्थनगर। जनपद में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कन्विक्शन' के तहत जिला मॉनिटरिंग सेल और थाना खेसरहा पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। पुलिस के अनुसार, 23 जुलाई 2026 को वाद संख्या 77/2018 (मु0अ0सं0 57/2018), थाना खेसरहा, से संबंधित मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी-1) सिद्धार्थनगर कनिष्क कुंवर सिंह की अदालत ने अभियुक्त अब्दुल रज्जाक पुत्र अलीरजा, निवासी सालेपुर, थाना दुधारा, जनपद संतकबीरनगर तथा मोहम्मद असलम पुत्र सिद्दीक, निवासी बन्हैती करहवा, थाना खेसरहा, जनपद सिद्धार्थनगर को भारतीय दंड संहिता की धारा 302/34 के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने दोनों दोषियों को आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। यह मामला वर्ष 2018 में थाना खेसरहा में भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 376 एवं 511 के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चल रही प्रभावी पैरवी के तहत इस मामले में जिला मॉनिटरिंग सेल, अभियोजक राजेश त्रिपाठी तथा न्यायालय पैरवीकार मुख्य आरक्षी राजेश्वर चन्द्र (थाना खेसरहा) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने इसे ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को सजा दिलाने की कार्रवाई का हिस्सा बताया है।

जनता दर्शन में डीएम ने सुनीं 16 फरियादियों की समस्याएं



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों ने अपनी शिकायतें जिलाधिकारी के सामने रखीं। जनता दर्शन में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुईं, जो विभिन्न विभागों से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम अन्नपूर्णा गर्ग ने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिकायतों के समाधान में देरी या लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने कार्यालयों में प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक जनसुनवाई करें और लोगों की समस्याओं का समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करें।

इण्डिया गठबंधन छात्रों की लड़ेगा लड़ाई

पेपरलीक व चढ़ावा चंदा चोरी पर विस में सरकार को घेरेगी कांग्रेस : मोना



प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने विधानसभा के शुरू होने वाले मानसून सत्र में पेपरलीक और अयोध्या में चढ़ावा चंदा चोरी के मुददे पर सरकार की कांग्रेस की ओर से तगड़ी घेराबंदी का ऐलान किया है। उन्होने कहा कि पेपरलीक को लेकर उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में नाराज छात्र दिल्ली के जंतर मंतर के धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होने कहा कि वहां प्रदर्शन के दौरान केंद्र के अधीन दिल्ली पुलिस ने लाठीचार्ज कर छात्रों को बड़ी संख्या मे चुटहिल किया है। गुरूवार को नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में सीएलपी नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि पेपरलीक गैर राजनैतिक मुददा है। उन्होने कहा कि इससे हर घर में बच्चे बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होने कहा कि राजनीति में नैतिकता एक अहम मुददा है। विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा न देना नैतिक जिम्मेदारी से भाजपा का मुंह मोड़ना है। बतौर उदाहरण आराधना मिश्रा ने कहा कि रेल दुर्घटना को लेकर तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री समेत इसके पहले कांग्रेस शासनकाल में कई मंत्रियों ने नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार कर इस्तीफा दिया है। उन्होने सवालिया अंदाज मे कहा कि क्या पूर्व में इस्तीफा देने वाले मंत्रियों का कोई दोष सिद्ध हुआ। उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेपरलीक मसले पर फास्टटैज्क कोर्ट में मुकदमा चलाने के ताजा बयान की भी घेराबंदी की। उन्होने कहा कि क्या प्रधानमंत्री बताएंगे कि पेपरलीक को लेकर अभियुक्त तय हो गये हैं। उन्होने जोर देकर कहा कि छात्रों पर बर्बरता के बाद शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेने की जगह मोदी सरकार का इस पर चर्चा कराने का राग अलापना गैर जिम्मेदाराना है। वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में चढ़ावा चन्दा चोरी को लेकर विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि यह आस्था के साथ अभूतपूर्व विश्वासघात है। उन्होने कहा कि भाजपा और आरएसएस देश को बताए कि चंदा चोरी के भ्रष्टाचारी आखिर कितने बड़े हैं। उन्होने सवाल दागा कि किस डर या भय से भाजपा व सरकार इस मामले मे बड़े भ्रष्टाचारियों को बचाने का प्रयास क्यूं कर रही है। उन्होने कहा कि चंदा चोरी से स्पष्ट है कि भाजपा भगवान श्रीराम से जुड़ी आस्था तक के साथ विश्वासघात करने में परहेज नहीं कर सकी। उन्होने तंज कसा कि ऐसे में यह सरकार इंसान के साथ क्या क्या धोखा अब नहीं कर सकती।

कालानमक चावल को वैश्विक पहचान दिलाने की तैयारी किसानों को मिलेगा बाजार से 5-10% अधिक मूल्य



सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कालानमक चावल (ओडीओपी) के कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कालानमक धान के उत्पादन क्षेत्र का विस्तार, अनुबंधित खेती को बढ़ावा देने, किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार और एसपीवी से अधिक किसानों को जोड़ने पर जोर दिया गया। सीएफसी के निदेशक ने बताया कि आगामी सत्र में 1500 मीट्रिक टन कालानमक धान की खरीद और प्रसंस्करण के लिए सिंगापुर की कंपनी बुद्धा राइस सहित और अन्य एफपीओ के साथ एमओयू किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लूलू मॉल, ब्लिंकिट और बिग बाजार जैसी बड़ी कंपनियों से भी संपर्क कर सिद्धार्थनगर के कालानमक चावल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एसपीवी सदस्य एवं 4 टन से अधिक कालानमक धान उपलब्ध कराने वाले किसानों का प्रसंस्करण और परिवहन निःशुल्क किया जाएगा। साथ ही किसानों से वर्तमान बाजार भाव से 5 से 10 प्रतिशत अधिक कीमत (गुणवत्ता एवं नमी के अनुसार) पर धान खरीदने की गारंटी भी सीएफसी द्वारा दी जाएगी। बैठक में कृषि, उद्योग एवं ओडीओपी से जुड़े अधिकारी, उद्यमी, सीएफसी निदेशक अभिषेक सिंह तथा एसपीवी के सदस्य उपस्थित रहे।

कपिलवस्तु महोत्सव-2026 : पीडब्लूडी पर दोहरे भुगतान का आरोप

शिकायत के आधार पर जांच की मांग

जिला संवाददाता



सिद्धार्थनगर। कपिलवस्तु महोत्सव-2026 के लिए की गई तैयारियों के दौरान लोक निर्माण विभाग की ओर से कराए गए कार्यों में कथित वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। अधिवक्ता प्रशस्त उपाध्याय ने प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग (लखनऊ) को शपथपत्र और संबंधित दस्तावेजों के साथ शिकायत भेजकर पूरे प्रकरण की स्वतंत्र वित्तीय एवं तकनीकी जांच कराने की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रांतीय खंड पीडब्लूडी ने 63.22 लाख रुपये का आगणन शासन को भेजा, जिसके आधार पर 37.93 लाख रुपये की पहली किश्त जारी हुई। शिकायतकर्ता का दावा है कि जिन कार्यों के लिए धन स्वीकृत कराया गया, उनमें से कुछ कार्य पहले से मौजूद थे या उनका निष्पादन कपिलवस्तु महोत्सव आयोजन समिति के माध्यम से कराया जा चुका था। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। शिकायत के अनुसार, वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री के सिद्धार्थनगर दौरे के दौरान बीएसए ग्राउंड में तीन स्थायी हेलीपैड बनाए गए थे। इसके अलावा महोत्सव स्थल पर भी पूर्व से एक हेलीपैड मौजूद होने का दावा किया गया है। ऐसे में वर्ष 2026 के आयोजन के लिए हेलीपैड निर्माण अथवा इसी मद में धन स्वीकृत किए जाने पर शिकायतकर्ता ने सवाल उठाए हैं।

शिकायत में कहा गया है कि कपिलवस्तु महोत्सव आयोजन समिति ने 20 दिसंबर 2025 को टेंट, मंच, पंडाल, साउंड सिस्टम, एलईडी, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और बैरिकेडिंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए टेंडर जारी कर कार्य संपन्न कराया था। इसके बावजूद पीडब्लूडी द्वारा भी मंच, पंडाल और बैरिकेडिंग जैसे कार्यों का अलग से आगणन तैयार कर भुगतान लेने का आरोप लगाया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यदि एक ही कार्य के लिए आयोजन समिति और पीडब्लूडी दोनों स्तरों पर अलग-अलग टेंडर और भुगतान की प्रक्रिया अपनाई गई है, तो इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। शिकायत में संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच, आवश्यक होने पर कानूनी कार्रवाई तथा सरकारी धन की संभावित क्षति की वसूली की मांग भी की गई है।

इस संबंध में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि मामले से जुड़ी अधिकृत जानकारी प्रांतीय खंड पीडब्लूडी के अधिशासी अभियंता ही उपलब्ध करा सकते हैं। समाचार लिखे जाने तक अधिशासी अभियंता का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

मामले में लगाए गए आरोप फिलहाल शिकायतकर्ता के दावों पर आधारित हैं। इनकी पुष्टि किसी सक्षम जांच एजेंसी द्वारा नहीं की गई है। ढहऊ या संबंधित अधिकारियों की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया आने तथा जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही पूरे मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

संक्षेप

बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण आज

पाटन, उन्नाव। बीघापुर बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को तहसील परिसर के राव राम बक्स सिंह भवन मे आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के तौर पर कनिष्ठ राठौर न्यायिक मजिस्ट्रेट ग्राम न्यायालय बीघापुर रहेंगे। वही अति विशिष्ट अतिथि के रुप में गिरीश मिश्रा अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, आनन्द कुमार नायक एसडीएम, यादवेंद्र सिंह बेस एसडीएम न्यायिक रहेंगे। कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रुप मे अनुज बाजपेई महामंत्री अधिवक्ता संघ, गणेश सिंह तहसीलदार, प्रभात सिंह रजिस्टार, विजय रंजन श्रीवास्तव, अविनाश मिश्रा नायब तहसीलदार रहेंगे। यह जानकारी बार एसोसिएशन के महामंत्री सुरेश पटेल ने दिया।

खेत देखने गईं युवतियों से अभद्रता का आरोप

हिलौली, उन्नाव। मौरावां थाना क्षेत्र में बीती 22 जुलाई को दो युवतियों के साथ अभद्रता का मामला सामने आया है। एक युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि सुबह करीब 9 बजे जब वह अपनी छोटी बहन के साथ खेत देखने गई थी, तभी तीन युवकों ने उनके साथ अश्लील हरकतें कीं और कपड़े खींचे। पीड़िता के अनुसार, खेत में मौजूद तीन युवकों ने उन्हें देखकर अभद्र और अश्लील टिप्पणियां कीं। जब युवतियों ने इसका विरोध किया, तो युवकों ने उन्हें पकड़ लिया, उनके कपड़े खींचे और अभद्रता की। युवतियों के चिल्लाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। युवती ने शिकायत में बताया है कि मौरावां थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे उनका परिवार चिंतित है। पीड़िता ने कहा कि 24 जुलाई को वे क्षेत्राधिकारी पुरवा को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाएंगी।

गंभीर बीमारियों के इलाज में भरपूर मदद करेगी : सीएम

जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार सबकी समस्या का समाधान कराने को प्रतिबद्ध है। गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता का अनुरोध लेकर आए लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया कि गंभीर बीमारियों के इलाज में सरकार भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया। साथ ही चेताया भी कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी शीघ्रता से सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पारिवारिक विवाद के समाधान के लिए पहले संवाद और फिर विधिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता से किया जाए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। इलाज के लिए किसी जरूरतमंद को परेशान न होना पड़े, इसके लिए उन्होंने सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के भी निर्देश दिए।

हर सनातनी की श्वांस-श्वांस में बसते हैं प्रभु श्रीरामः सीएम योगी

गोरखनाथ मंदिर में सप्तदिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर सनातनी की श्वांस-श्वांस में प्रभु श्रीराम बसते हैं। भगवान श्रीराम का नाम ऐसा है जिसे हर कोई अपने नजदीक पाता है। जीवन में भक्ति के बिना अंधकार, अराजकता व अज्ञानता होती है। जीवन में सुगमता को जानने के लिए हमें ज्ञान और भक्ति का अनुगामी बनना पड़ेगा। यह ज्ञान और भक्ति हमें श्रीराम कथा और श्रीमद्भागवत जैसी पावन कथाओं के माध्यम से प्राप्त होती है।

सीएम योगी गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में गुरुवार से आयोजित सप्तदिवसीय श्रीराम कथा के शुभारंभ के अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में व्यासपीठ का पूजन करने के बाद उन्होंने कहा कि जीवन में जहां भक्ति नहीं है, वहां अंधकार ही अंधकार है। भक्ति के बिना जीवन में अराजकता ही अराजकता और अज्ञानता ही अज्ञानता है। अंधकार, अराजकता और अज्ञानता से मुक्ति पाने का माध्यम भक्तिसम्मत ज्ञान ही है। गोरक्षपीठाधीश्वर ने श्रीराम कथा की महत्ता को समझाते हुए कहा कि सनातन धर्म की परंपरा में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का नाम ऐसा है जो हर भारतीय के अंतःकरण में पूरी श्रद्धा एवं पूरी भक्ति से जुड़ा है। हर सनातनी की श्वांस-श्वांस में प्रभु श्रीराम बसते हैं। भगवान श्रीराम का नाम ऐसा है जिसे चाहे बालक हो या वृद्ध, अधेड़ हो या जवान, गृहस्थ हो या विरक्त, हर कोई अपने नजदीक पाता है। सीएम योगी ने कहा कि देश के अंदर हम कहीं भी जाते हैं, चाहे कोई हिंदीभाषी हो अहिंदीभाषी, सबकी तरफ से अभिवादन का एक ही स्वर होता है- जय श्रीराम। पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में आपसी अभिवादन के लिए एक ही शब्द सुनाई देता है- राम राम जी। उन्होंने कहा कि जय श्रीराम या राम राम जी का यह संबोधन हमारे सनातन संस्कार का संबोधन है। इस संबोधन ने हमारे संस्कार को तो जोड़ा ही, जीवन की हर परिस्थिति में मयार्दा की लक्ष्मणरेखा भी खींची। सीएम योगी ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि अपने पावन धाम और तीर्थस्थलों से यह देश की हृदयस्थली के रूप में प्रतिष्ठित है। जीवन के किसी भी पक्ष में जब मयार्दा की बात होती है तो सभी लोग मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम और अयोध्या की ओर देखते हैं। जीवन के रहस्यों को समझने के लिए व्यक्ति अविनाशी काशी को देखता है। जीवन में भक्ति कैसी होनी चाहिए, इसके लिए लोग मथुरा-वृंदावन को देखते हैं। समरसता क्या होनी चाहिए, इसके दर्शन प्रयागराज में होते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया चाहें जितना दुष्प्रचार कर ले, सनातन मूल्यों को जानने का अवसर उत्तर प्रदेश के तीर्थों में ही प्राप्त होता है।

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन के उपरांत श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान प्रयागराज से पधारे कथा व्यास आचार्य शांतनु जी महाराज ने कराया। यह कथा प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से शाम 6 बजे तक सुनाई जाएगी।

पिछौरा-टिकरी के पास तीसरी बार टूटी सरयू नहर

17 घंटे बाद भी नहीं थमा कटान, किसानों का फूटा गुस्सा

गगहा, गोरखपुर। गगहा विकास खंड से होकर गुजरने वाली सरयू नहर एक बार फिर सिंचाई विभाग की लापरवाही की गवाही देती नजर आई। पिछौरा-टिकरी के पास पिछले पांच दिनों में तीसरी बार नहर टूटने से सैकड़ों बीघा क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई और किसानों की धान की फसल पानी में डूब गई। हैरानी की बात यह रही कि बुधवार शाम हुए कटान के लगभग 17 घंटे बाद भी गुरुवार दोपहर एक बजे तक नहर को पूरी तरह बंद नहीं किया जा सका। कटान रोकने के लिए ठेकेदार, मजदूर और जेसीबी मशीन की मदद से बांस लगाकर तथा मिट्टी से भरी बोरियां डालकर पानी का बहाव रोकने का प्रयास किया जाता रहा, लेकिन दोपहर तक सफलता नहीं मिल सकी। किसानों का आरोप है कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद गुरुवार दोपहर तक सिंचाई विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया। किसान पंकज तिवारी, गोविंद, पप्पू तिवारी, अन्नू तिवारी, विनय मिश्रा और सुरेश यादव ने बताया कि पिछले पांच दिनों में पिछौरा-टिकरी के पास दो अलग-अलग स्थानों पर यह तीसरी घटना है। बुधवार शाम खेतों पर पहुंचने पर कटान की जानकारी हुई, जिसके बाद तत्काल विभागीय अधिकारियों को सूचना दी गई। बावजूद इसके समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से कई किसानों की धान की फसल जलमग्न हो गई। किसान नेता दिलीप किसान ने कहा कि यह प्राकृतिक नहीं, बल्कि विभागीय उदासीनता का परिणाम है। उनका आरोप है कि यदि समय रहते नहर की समुचित मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कराया गया होता तो बार-बार कटान की नौबत नहीं आती।

भारी बारिश के बीच भी आयुर्वेद विभाग की मुस्तैदी



इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के आदेश एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार के निर्देशन में जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में आयुर्वेद विभाग द्वारा लगातार आउटरीच कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। भारी बारिश के बावजूद चिकित्सकीय टीमें गांव-गांव पहुंचकर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क औषधि वितरण एवं वर्षा ऋतु में होने वाले रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक कर रही हैं। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय 4 शैय्या नगर, इटावा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमल कुमार कुशवाहा द्वारा अकालगंज में आयोजित आउटरीच कैंप में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में सुशील कुमार, सिद्धांत वर्मा वार्डबॉय, सपा नेता मो. शारिक, गुड्डू, शमीम, बल्लू, पत्रकार मुजफ्फर अली एवं अन्य स्थानीय लोगों का काफी सहयोग रहा। डॉ. कमल कुमार कुशवाहा ने बताया कि वर्षा ऋतु में दूषित जल एवं संक्रमण के कारण उल्टी, दस्त, बुखार, त्वचा रोग तथा अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे समय में आयुर्वेद विभाग पूरी तत्परता के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आउटरीच कैंप आयोजित कर लोगों को समय पर उपचार, निःशुल्क औषधियां एवं बचाव संबंधी जानकारी उपलब्ध करा रहा है। ग्राम जारीखेड़ा में आयोजित आउटरीच कैंप में डॉ. शीलेन्द्र सिंह एवं डॉ. इंदु सिंह ने 104 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया। शिविर में उल्टी, दस्त, बुखार, सर्दी-जुकाम, पेट दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं त्वचा रोग से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में पहुंचे। योग प्रशिक्षक अनुज यादव ने लोगों को नियमित योगाभ्यास कराया।

जौहर विश्वविद्यालय को लेकर हस्ताक्षर अभियान चला



इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष छात्रसभा विनीत कुशवाहा के आदेशानुसार समाजवादी छात्रसभा इटावा के जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक के नेतृत्व में चैधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज हेंवरा सैफई में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण आदेश के विरोध में एंव पुनर्विचार हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने हस्ताक्षर कर-कर इस निकम्मी नाकारा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन दर्ज किया। रवी यादव विधायक ने कहा कि यह निकम्मी भाजपा सरकार शिक्षा विरोधी है, छात्र विरोधी है, यह सरकार हमेशा से ही शिक्षा के खिलाफ रही है, भाजपा सरकार ने एक भी विश्वविद्यालय नहीं बनाया, लेकिन विश्वविद्यालय गिराने में लगी हुई है, रामपुर की मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय को आजम खान ने बनाया है, रामपुर के लाखों छात्रों कि शिक्षा की उम्मीद है मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय लेकिन यह भाजपा सरकार, शिक्षा विरोधी सरकार, तानाशाही पर उतर आई है विश्वविद्यालय के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण के आदेश के खिलाफ समाजवादी छात्रसभा विरोध दर्ज करती है। इस कार्यक्रम में उपस्थिति रहे किसान नेता संजेश यादव जिलाध्यक्ष किसान यूनियन एव उनके साथी एव राजेन्द्र निराला एव छात्रसभा के पदाधिकारी जय पहलवान ऋषि यादव पंकज यादव प्रदीप कुमार प्रज्वल यादव शिवम कुमार अर्पित यादव जीतू शर्मा लालू यादव गौरव सिंह एव समस्त छात्र एव छात्रायें शामिल हुये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 जुलाई रविवार को इटावा



इटावा। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को सकुशल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से बृस्पितवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर यमुना प्रसाद एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से नुमाइश पंडाल एवं रिजर्व पुलिस लाइन परिसर स्थित हेलीपैड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार 26 जुलाई को इटावा, मैनपुरी व जिला आगरा कार्यक्रम में आने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, मंच एवं सभा स्थल, वीआईपी आगमन एवं प्रस्थान मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, जनसामान्य के प्रवेश एवं निकास मार्ग, आपातकालीन निकासी व्यवस्था, अग्निशमन, चिकित्सा सहायता, विद्युत व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। साथ ही रिजर्व पुलिस लाइन परिसर स्थित हेलीपैड पर सुरक्षा प्रबंधों, वीवीआईपी आगमन-प्रस्थान व व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सुरक्षा ड्यूटी में नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता, अनुशासन एवं आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने, प्रत्येक गतिविधि पर प्रभावी निगरानी रखने तथा आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, एसपी ग्रामीण श्रीश चन्द्र, सीओ सिटी अवनीश सिंह, सीओ जसवंतनगर आयुषी सिंह, सीओ भरथना, आरआई सुभाष यादव आदि पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

उपजिलाधिकारी ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया



पाटन, उन्नाव (वीओएल)। बीघापुर के उपजिलाधिकारी आनन्द कुमार नायक ने सीएचसी ऊंचगांव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी डॉ. राजकिशोर उपस्थित मिले। उपजिलाधिकारी ने अस्पताल की साफ-सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही आगामी 30 जुलाई से प्रारंभ हो रहे श्रावण मास के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लेने के लिए उपजिलाधिकारी आनन्द कुमार नायक, क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुप नाथ मिश्र तथा नायब तहसीलदार सुमेरपुर अवनीश मिश्रा ने संयुक्त रूप से बक्सर घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रावण मास में होने वाले धार्मिक आयोजनों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए।

आवास के लिये मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत



असोहा (वीओएल)। क्षेत्र के पाठकपुर गांव निवासी मोनू शुक्ल ने आवास के लिये मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रार्थना पत्र दिया। खण्ड विकास अधिकारी से मिलने आये मोनू ने बताया कि मेरा घर पूरी तरह से कच्चा व आधे से अधिक गिर गया, बरसात में तो घर मे बैठने की जगह तक नही है, पूरा घर जगह जगह से टपक रहा है, मैं किसी तरह चाट का ठेला लगा कर जीवकोपार्जन करता हूं, मेरे पास जमीन भी नही है की उसी को बेच के अपने रहने के लिये आवास बनवा सकू। पिछले पांच वर्षों में मैंने कई बार ग्राम प्रधान को लिखित व मौखिक सूचना दी, इसके अलावा कई बार खण्ड विकास अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को भी प्रार्थना पत्र दिया परन्तु आज तक मेरी कही सुनवाई नही हुई, ग्राम प्रधान तो पिछले पांच वर्षों से सिर्फ कोरा आश्वासन देते आ रहे है कि बस इस बार की लिस्ट में कालोनी आ जायेगी। थक हार कर बीते 20 जुलाई को मुख्यमंत्री पोर्टल पर प्रार्थना पत्र दिया था, जिसके सम्बन्ध में आज ब्लॉक बुलाया गया था। बताया गया कि जांच के आदेश दे दिए गए है। वही इस सम्बंध में जब खण्ड विकास अधिकारी निशा सागर से बात की तो उन्होंने बताया कि सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी को जांच के आदेश दे दिए गए है यदि पात्र है तो आवास जरूर मिलेगा।

महिला चिकित्सक न होने से इलाज के लिए भटक रही महिलाएं

उन्नाव। नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई महीनों से महिला चिकित्सक की तैनाती न होने के कारण क्षेत्र की महिला मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्त्री एवं प्रसूति संबंधी समस्याओं के इलाज के लिए आने वाली महिलाओं को उचित परामर्श और उपचार नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में उन्हें निजी अस्पतालों और क्लीनिकों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां इलाज पर अधिक खर्च करना पड़ता है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और प्रत्येक अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का दावा कर रही है, लेकिन नवाबगंज सीएचसी में लंबे समय से महिला चिकित्सक का पद खाली होने से सरकार के दावों पर सवाल उठ रहे हैं। सबसे अधिक दिक्कत गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और स्त्री रोग से पीड़ित मरीजों को हो रही है। कई महिलाएं संकोचवश पुरुष चिकित्सक को अपनी समस्या बताने से भी बचती हैं, जिससे समय पर उपचार नहीं मिल पाता। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द महिला चिकित्सक की नियुक्ति की जाए, ताकि क्षेत्र की हजारों महिलाओं को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें तथा उन्हें निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराने के लिए मजबूर न होना पड़े।

इस प्रकरण पर बात करने इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार शर्मा ने बताया कि नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र ही महिला चिकित्सक की व्यवस्था की जाएगी। विभाग इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई कर रहा है, ताकि महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

मनायी गयी धर्मा देवी की प्रथम पुण्यतिथि

पुण्यतिथि पर गरीब महिलाओं को वस्त्र वितरित



गोला, गोरखपुर। जन सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। गरीबों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। इस कार्य के लिए अच्छी सोच के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। ऐसा करने से हम लोग इन गरीबों का कुछ देर के लिए दुःख दूर कर सकते हैं। गरीबों की सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उक्त बातें चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने कही। वे उपनगर गोला के वार्ड नंबर छह निवासी समाजसेवी व युवा शक्ति संगठन उपाध्यक्ष राजेश यादव की 105 वर्ष शतायु होकर परम धाम को प्रस्थान करने वाली दादी स्व धर्मा देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में गरीब महिलाओं को अंगवस्त्र प्रदान करते हुए कही। विधायक श्री त्रिपाठी ने समाजसेवी राजेश यादव व राजकुमार हिन्दुस्तानी द्वारा अपनी स्व दादी की पूण्य स्मृति में गरीब महिलाओ में वस्त्र वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा तथा मानवता एवं समाज सेवा के संदेश पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा को सबसे बड़ा धर्मा कहा गया है। भागवत कथा और रामायण में भी भगवान श्रीकृष्ण और राम ने भी जनसेवा धर्म को निभाया है। कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं मजा तब है, जब गरीबों व असहायों के लिए भी कुछ करें। विधायक ने इस कार्य की सराहना करते हुए दोनो भाईयों से कहा कि इस परंपरा को हमेशा कायम रखे। कार्यक्रम के आयोजक शिवानंद यादव, राजेश यादव, राजकुमार हिन्दुस्तानी व राकेश यादव ने कहा कि गरीबों का सहयोग करना हमार प्रथम कर्तव्य है। इससे मन मस्तिष्क को शांति मिलती है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दूबे, ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, पूर्व जिपंस घनानंद यादव मौजूद रहे। संचालन भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय ने किया इस अवसर पर राम मिलन यादव, नागेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, घनश्याम कसौधन, राकेश कुमार यादव, अजय राजभर, हेमंत मिश्रा, रामसजीवन मिश्र, बसंत यादव, ऋषि साहनी, अंकुर चंद, दीपक सिंह, अनिल कुमार, शुभम तिवारी, पंकज सोनकर, अर्जुन सोनकर आदि मौजूद थे।

तेज रफ्तार कार ने पहले ऑटो, फिर बाइक को मारी टक्कर

दो की मौत 13 घायल, मातम में बदली शादी की खुशियां

इकदिल, इटावा। आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर सराय जलाल ओवरब्रिज के पास बुधवार देर शाम तेज रफ्तार और अनियंत्रित कार ने पहले आगे चल रहे ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो अनियंत्रित हो गया। इसके बाद कार ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को भी अपनी चपेट में ले लिया। तेज रफ्तार के कारण हुए इस भीषण हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है।

हादसे में ऑटो सवार धर्मेंद्र (25) पुत्र रमेश चंद्र निवासी ग्राम मनोना, थाना करहल, जिला मैनपुरी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



हादसे में एक अज्ञात बुजुर्ग की भी जान चली गई। बताया गया कि धर्मेंद्र अपने माता-पिता के साथ बकेवर क्षेत्र में मामा की बेटी की शादी में शामिल होने जा रहे थे। शादी की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। धर्मेंद्र दो भाइयों में सबसे छोटे थे और मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिला अस्पताल में माता मुन्नी देवी और पिता रमेश चंद्र का रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची इकदिल पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में कार की तेज रफ्तार को हादसे की प्रमुख वजह माना जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यदि कार की गति नियंत्रित होती तो इतना बड़ा हादसा टाला जा सकता था। कार सवार गाड़ी छोड़कर भाग गए।

बाइक सवार युवक घायल

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चौरी टोला सतहवा निवासी बाइक सवार युवक का सड़क पार करते समय मैजिक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में उसे एंबुलेंस से गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौरीचौरा भेजवाया।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र मोहम्मद इरफान व बहू सना एवं उनकी संतानों को उनका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **बाबू राईनी पुत्र लाला नि.- 462/405, सतखंडा के पास, रामगंज, बल्ली वाले, हुसैनाबाद, लखनऊ।**

सूचना

मेरे पुत्र के शैक्षणिक प्रमाण पत्र (कक्षा 01-05) में त्रुटिवश उसका नाम मो. ऊमर बेग, पिता का नाम हकीम बेग (HAKEEM BEIG), माता का नाम शाहीन फातमा (SHAHIN FATMA) अंकित हो गया था जबकि उसका सही नाम MOHAMMAD UMAR BEIG पिता का नाम HAKEEM BEIG माता का नाम SHAHIN FATMA है जो कि सत्य एवं सही है। हमे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। हकीम बेग पुत्र शमीम बेग निवासी ग्राम-पोस्ट चकईनामी तहसील सदर थाना सिधारी आजमगढ़।

सूचना

सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शहर बानो पत्नी एजराज हुसैन निवासी 259 सरौरा कलां तह. सिधौली जनपद सीतापुर की हूँ। मेरा पासपोर्ट संख्या आर 4929632 बना हुआ है, जिस पर मेरा नाम हसरत जहाँ (HASRAT JAHAN) तथा पता मो. तामसेनगंज वाल्दा रोड, सीतापुर दर्ज है। जबकि मेरा नाम बदलकर शहर बानो (SHARHAR BANO) हो गया है तथा स्थाई पता 259 सरौरा कलां तहसील सिधौली जनपद सीतापुर है। अब मेरा नाम शहर बानो जाना पहचाना व लिखा पढ़ा जाये।

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रय विलेख संख्या 848, दिनांक- 06-02-2017 (बही सं. 1, जिल्द सं. 7136, पृष्ठ 47-70) (उपनिबंधक कार्यालय, सुलतानपुर में पंजीकृत दस्तावेज) की मूल प्रति जो मेरे (राम सुरेश) विक्रय विलेख संख्या-3451 की मदर डीड थी दिनांक- 15-07-2026 को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बाँधमंडी, सुलतानपुर मोटरसाइकिल से ले जा रहे थे रास्ते में कहीं खो गई है। उक्त दस्तावेज का किसी भी प्रकार का उपयोग या दुरुपयोग अवैध एवं विधि-विरुद्ध होगा। दस्तावेज मिलने पर कृपया नीचे दिए गए पते/मोबाइल पर सूचित करें। राम सुरेश पुत्र हरिनाथ, बौद्ध विहार कालोनी मौहरिया, सुलतानपुर मोः 7236827702

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

उप–मुख्य अभियन्ता/नि0–चतुर्थ/लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द **निविदा दो–पैकेट** में आमंत्रित की जाती हैं ।

कार्य का नाम व स्थान	उप मुख्य अभियंता/सी–IV/लखनऊ के अंतर्गत उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के अजगैन–सोनिक खंड के किलोमीटर 44/19–21 पर स्थित समपार फाटक (एल.सी.) संख्या 26–सी के स्थान पर, दोनों ओर पहुँच मार्गों सहित 2–लेन सड़क ऊपरी पुल (आर.ओ.बी.) का निर्माण।
कार्य की अनुमानित लागत	₹6972.76 लाख / निविदा फॉर्म का मूल्य: शून्य
धरोहर राशि	₹1,39,45,500/- / कार्य पूरा करने की अवधि: 18 (अठारह माह)
ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख	क. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 01.09.2026 समय 15:00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in ख. • पूर्व–निविदा बैठक की तिथि, समय एवं स्थान – 10.08.2026 पूर्वाह्न 11:30 बजे, उप मुख्य अभियंता/निर्माण–IV, लखनऊ का कार्यालय, निकट सेवाग्राम कॉलोनी,चारबाग, लखनऊ। • निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि 18.08.2026 • निविदा के कार्य की समान प्रकृति और इवैल्यूएशन के लिए विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र शर्तों के साथ तिथि 03.08.2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जा सकती है ग. निविदा दिनाँक 01.09.2026 को समय 15.00 बजे खोली जाएगी।

संख्याः 89-टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि0–चतुर्थ/लखनऊ
दिनांकः 22.07.2026 2528/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आस्था रहेगी, जोखिम नहीं

जालिमनगर घाट का डीएम-एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। आगामी श्रावण माह में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीएम अंजनी कुमार सिंह एवं एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने तहसील एवं थाना धौरहरा क्षेत्र अंतर्गत जालिमनगर घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कटान प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेने के साथ ग्रामीणों से संवाद कर वर्तमान परिस्थितियों की जानकारी लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सेनानायक द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर/बाढ़ आपदा बचाव राहत दल संतोष कुमार मीणा, एएसपी (पूर्वी) पवन गौतम, एसडीएम राशि कृष्णा, सीओ शमशेर बहादुर सिंह, बीडीओ सर्वेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों एवं नदी के कटान को देखते हुए श्रद्धालुओं के नदी में स्नान पर रोक रहेगी। श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए प्रशासन द्वारा नदी का पवित्र जल उपलब्ध कराने की समुचित वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट क्षेत्र में जनजागरूकता के लिए पर्याप्त संख्या में बैनर एवं फ्लेक्स लगाए जाएं, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य सभी सुरक्षा संबंधी प्रबंध समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस वर्ष गत वर्षों की अपेक्षा अधिक सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। उन्होंने ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं का पालन करने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। एसपी डॉ.ख्याति गर्ग ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिगत जालिमनगर घाट पर व्यापक पुलिस प्रबंध किए जाएंगे। संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा किसी भी व्यक्ति को प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमें लगातार निगरानी रखेंगी और सभी व्यवस्थाओं का सतत अनुश्रवण किया जाएगा। डीएम-एसपी ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे नदी में स्नान करने का प्रयास न करें। प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा निदेशों का पूर्ण पालन करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल पुलिस अथवा प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दें। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण ढंग से श्रावण मेले का आयोजन सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

गेट में 98वीं रैंक हासिल कर अभिनव ने आईआईटी धनबाद में बनाई जगह



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र अभिनव वर्मा ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने गेट परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर पर 98वीं रैंक प्राप्त कर आईआईटी धनबाद में एमटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश हासिल किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कन्नौजिया ने बताया कि अभिनव वर्मा वर्ष 2022 इंटरमीडिएट बैच के छात्र रहे हैं। इंटरमीडिएट की शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने केंद्रीय विश्वविद्यालय से वस्त्र प्रौद्योगिकी (टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी) में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद गेट परीक्षा में अभिनव वर्मा का चयन आईआईटी धनबाद के इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट विभाग में एमटेक के लिए हुआ है।

मेधावियों का पालिकाध्यक्ष ने किया सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नीट परीक्षा में सफलता हासिल कर नगर का नाम रोशन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने उनके घर पहुंचकर सम्मान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर देश की प्रतिष्ठित चिकित्सा प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर गोला का गौरव बढ़ाया है। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने नीट-2026 में सफल हुए जसकवल सिंह पुत्र रंजीत सिंह, फैज अहमद पुत्र अतीक अहमद, स्मृति सिंह पुत्री स्वर्गीय अंब्रीश सिंह, अनुदेश मोहन मिश्रा पुत्र ललित मोहन मिश्रा, कर्तव्य पटेल पुत्र डॉ. एसपी वर्मा, धैर्य पटेल पुत्र सौरभ वर्मा, शहबाज आलम पुत्र निहाल अहमद, प्रगति वर्मा पुत्री डॉ. राधेश्याम वर्मा और आस्था भारद्वाज पुत्री उमाकांत भारद्वाज को सम्मानित किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। सामान्य परिवारों से आने वाले इन मेधावियों की सफलता यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी विद्यार्थी भविष्य में बेहतर चिकित्सक बनकर समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगे। इस दौरान सफल विद्यार्थियों और उनके परिजनों ने पालिकाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। कर्तव्य पटेल के पिता डॉ. एसपी वर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र के साथ-साथ नगर के कई विद्यार्थियों को नीट परीक्षा की तैयारी में मार्गदर्शन दिया है। सम्मान समारोह के दौरान सभासद हरिओम वर्मा, नानक चन्द्र वर्मा, इजरान अहमद, नामित सभासद शत्रोहन मिश्रा, रामचन्द्र राठौर, भाजपा नगर अध्यक्ष विनोद स्वर्णकार, रविन्द्र कटियार, रिंकल भाटिया, विमलेश वर्मा, हर्ष कटियार, विकास मिश्रा सहित विद्यार्थियों के परिजन एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

विधायक ने पीड़ित परिवार से मिलकर सहायता का भरोसा दिलाया

पुलिस को दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई को कहा

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र के गांव भानपुर बनवारी के प्रदीप कुमार की बहन की श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल में नर्स के पद पर कार्य के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो हो गई थी जिसमें भाई ने हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने प्रबंधक समेत दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था विधायक लोकेंद्र प्रताप ने पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव सहायता देने का भरोसा दिलाया है। गुरुवार को विधायक गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार के मुखिया से मिलकर युवती सुरभि पटेल की मौत की जानकारी लेकर निरीक्षक उमेश चौरसिया से घटना के संबंध में कठोर कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने कहा घटना में शामिल दोषियों को बचना नहीं चाहिए इस दौरान मृतका के भाई अस्पताल प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इस मौके पर पूर्व गन्ना समिति अध्यक्ष राम प्रताप वर्मा समेत प्रमुख लोग मौजूद रहे हैं।

जमीनी विवाद में युवक पर बांके से हमला

धौरहरा खीरी। धौरहरा कस्बे के मोहल्ला मनिहार वार्ड तिवारिन टोला निवासी शिवचरण पुत्र रामासरे यादव पर गुरुवार को जमीनी विवाद के चलते बांके से हमला कर दिया गया। हमले में शिवचरण गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके माथे से काफी खून बहने लगा। बताया गया कि शिवचरण की गाटा संख्या 2255 की भूमि मोहल्ला रामबट्टी में स्थित है, जिसकी पहले ही पैमाइश और मेड़बंदी हो चुकी है। गुरुवार को वह अपनी भूमि पर दीवार का निर्माण करा रहा था। इसी दौरान रमेश व सरवन पुत्र छोटकन्ने तथा शोभित पुत्र रमेश निवासी मोहल्ला रामबट्टी मौके पर पहुंच गए और निर्माण कार्य रुकवाने लगे। आरोप है कि विरोध का कारण पूछने पर तीनों ने शिवचरण के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट करने लगे। इसी दौरान रमेश पुत्र छोटकन्ने ने कथित रूप से बांके से शिवचरण के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शिवचरण को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

फैक्ट्री के स्टोर से लाखों के कापर केबल उठा ले गये चोर



पसगवां खीरी। कोतवाली पसगवां क्षेत्र के ग्राम अजबापुर स्थिति डिस्टलरी यूनिट के स्टोर से अज्ञात चोर लाखों रुपए के कापर की इंस्ट्रूमेंटेशन एवं इलैक्ट्रिक केबल चुरा ले गए। डीसीएम श्रीराम लिमिटेड डिस्टलरी यूनिट अजबापुर में सिक्योरिटी ऑफिसर के पद कार्यरत वीरेंद्र सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह ने 22 जुलाई दिन बुधवार को पसगवां पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 9 जुलाई रात करीब 1:30 बजे डीसीएम श्रीराम लिमिटेड डिस्टलरी यूनिट अजबापुर के स्टोर में सुरक्षित रखी गई कापर की लगभग चार सौ मीटर इंस्ट्रूमेंटेशन एवं इलैक्ट्रिकल केबल जिसकी कीमत लगभग 5 लाख रुपए है, अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई इस चोरी की घटना से कंपनी को आर्थिक क्षति हुई है, पसगवां पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बी एन एस की धारा 303(2) में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पसगवां कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, जांच की जा रही है।

गन्ने में रेड रॉट की दस्तक, किसानों को सतर्क रहने की सलाह



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। आगामी पेराई सत्र 2026-27 की तैयारियों के तहत गोला चीनी मिल और गन्ना विकास परिषद ने किसानों से सीधा संवाद अभियान शुरू कर दिया है। जीपीएस तकनीक से कराए गए गन्ना सर्वेक्षण की जानकारी किसानों को घर-घर पहुंचकर दी जाएगी। साथ ही गन्ना आपूर्ति, नए सदस्य पंजीकरण और बेसिक कोटा सहित अन्य विषयों पर किसानों को जागरूक किया जाएगा।

इसी अभियान के तहत गोला चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी और उप प्रबंधक गन्ना शिवांशु शुक्ला के नेतृत्व में विभागीय टीम ने बाबूपुर और प्रतापपुर गांवों में पहुंचकर गन्ने की फसल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाबूपुर की किसान कुसुमा देवी के खेत में को. 5011 तथा प्रतापपुर के किसान रामनरेश के खेत में को.शा. 8436 प्रजाति के गन्ने में रेड रॉट रोग की पुष्टि हुई। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि लाल सड़न रोग में शुरूआत में पत्तियों की मध्य धारी पर लाल-भूरे रंग के निशान दिखाई देते हैं। बाद में पौधा सूखने लगता है और गन्ने के अंदर लाल-सफेद धब्बे दिखाई देते हैं। उन्होंने किसानों को संक्रमित पौधों को जड़ सहित उखाड़कर नष्ट करने और खेतों में दवा का उचित प्रयोग करने की सलाह दी। गन्ना विभाग ने किसानों से अपील की कि रोग प्रभावित प्रजातियों की बुवाई से बचें और रोगरोधी उन्नतशील प्रजातियों का चयन करें। अधिकारियों ने कहा कि समय रहते सावधानी बरतने से फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है और उत्पादन बेहतर किया जा सकता है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच

पत्रांक : 200/राज्य सेक्टर-पेयजल/नि०कार्य /ई-टेंडर/2026-27 **दिनांक : 21 जुलाई, 2026**

प्रस्ताव आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद, बहराइच के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में कराये जाने वाले कार्यो के सम्बंध में ''पेयजल हेतु व्यवस्था'' योजना के अन्तर्गत नगर क्षेत्र में कराये जाने वाले कार्यों के सम्बंध में संयुक्त सचिव महोदय, उ.प्र. शासन, लखनऊ के पत्र सं.-179/2026/2316/नौ-5-2026/002-Com.No, -2044861 दिनांक 04 जून 2026 में प्रथम किश्त के रूप में आवंटित धनराशि रू. 10000000.00 से ''पेयजल हेतु व्यवस्था'' योजना में क्रमांक-01 पर मो० सरस्वती नगर में पेयजल हेतु (एच.डी.पी.ई.) पाइप लाइन का 2300 मीटर विस्तार के कार्य की स्वीकृति महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा प्रदान कर दी गयी है। निम्न विवरण के अनुसार मो० सरस्वती नगर में पेयजल हेतु (एच.डी.पी.ई.) पाइप लाइन का 2300 मीटर विस्तार के कार्य करने हेतु नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारो/फर्मों से प्रतिशत दर के आधार पर निम्नलिखित नियम व शर्तों के अधीन निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त अवधि में ही ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल http://etender-up-nic-in पर डाउनलोड करके दिनांक 06 अगस्त, 2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 06 अगस्त, 2026 को अपरान्ह 04.00 बजे आनलाइन खोली जायेगी। तकनीकी बिड में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोलने हेतु अपलोड की जायेंगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध है। सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। कार्य का विवरण, अनुमानित लागत, धरोहर धनराशि/जमानत धनराशि, निविदा मूल्य सहित विवरण निम्नवत है :-

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (18 प्रतिशत जी.एस.टी. रहित)	10 प्रतिशत धरोहर जमानत धनराशि	निविदा मूल्य	निविदा मूल्य पर 18 % GST	ई-टेंडरिंग शुल्क	निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य
1	मो. सरस्वती नगर में पेयजल हेतु (एच.डी.पी.ई.) पाइप लाइन का 2300 मीटर विस्तार का कार्य।	रु. 31,16,070.00	रु. 3,12,000.00	रु. 3,200.00	रु. 576.00	रु. 250.00	रु. 576.00

नियम व शर्तें-

1. ई-निविदादाता द्वारा उक्त कार्य की घरोहर राशि/जमानत धनराशि एंव निविदा मूल्य की धनराशि को अलग-अलग नगर पालिका परिषद बहराइच के इण्डियन बैंक शाखा डिगिहा स्थित खाता संख्या 50383894033 IFSC Code IDIB000C601 में आर०टी०जी०एस नेफ्ट के माध्यम से अथवा एफ०डी०आर०/टी०डी०आर० एन०एस०सी० के रूप में जमा करके जमा रसीद/यू०टी०आर नम्बर ई-निविदा पोर्टल पर निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य है।
2. ई-निविदादाता को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण-पत्र व जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र (जो निर्धारित समयावधि के अन्दर का हो) एंव निर्माण कार्यों हेतु किसी भी विभाग में फर्म के पंजीकरण होने का प्रमाण पत्र, जी०एस०टी०ए पैन कार्ड, श्रम विभाग का पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं समान कार्य का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र तथा रू. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित शपथ पत्र ई-टेण्डर पोर्टल पर स्कैन कर अपलोड करना अनिवार्य होगा तथा मूल शपथ पत्र एवं आर०टी०जी० एस०/नेफ्ट की मूल जमा रसीद कार्यालय में जमा करना होगा।
3. समस्त निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ही स्वीकार की जायेंगी, अन्य किसी माध्यम से कोई भी निविदा स्वीकार नहीं होगी।
4. निविदादाता द्वारा निर्धारित जमानत धनराशि आनलाइन अथवा एफ०डी०आर०टी०डी०आर०/एन०एस०सी० के रूप में जमा कराना होगा) एवं निविदा मूल्य की धनराशि को आनलाइन अपने स्वयं के बैंक खाते से ही पालिका के उपरोक्त वर्णित बैंक खाते में आर०टी०जी०एस०/नेफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा। अन्य किसी के बैंक खाते से जमा की गयी धनराशि मान्य नहीं होगी।
5. ठेकेदार/फर्म का जी०एस०टी० में एवं श्रम विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
6. प्राप्त न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त न्यूनतम निविदादाता (पालिका में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों को छोड़कर) को अनुबन्ध से पूर्व नगरपालिका परिषद, बहराइच में नियमानुसार पंजीकरण कराना होगा तदोपरान्त नियमानुसार कायार्देश निर्गत किया जायेगा।
7. स्थल पर कार्य पूर्ण होने से पूर्व प्रयुक्त निर्माण सामग्रियों की जांच ठेकेदार को अपने खर्च पर स्वयं करानी होगी।
8. निविदा की धनराशि में 18 प्रतिशत जी०एस०टी० सम्मिलित नहीं है, जिसका भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।
9. उक्त कार्य हेतु कम से कम तीन-तीन निविदायें समस्त औपचारिकताओं सहित आनलाइन प्राप्त होने पर ही न्यूनतम निविदा की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा ।
10. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी ।
11. निविदा की विस्तृत जानकारी नगर पालिका परिषद, बहराइच के जलकल अनुभाग से निविदा अपलोड करने से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
12. किसी भी फर्म/ठेकेदार का ठेका स्वीकृत होने/कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात यदि कभी भी संज्ञान में आता है कि सम्बंधित किसी भी अभिलेख (प्रमाण पत्रों)/नियम के अनुसार ठेका पाने के लिए अनर्ह था अथवा सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों, असामाजिक कार्यों एवं संगठित अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है, तो ऐसी दशा में अनुबन्धित कार्य का ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
13. निविदादाता को निविदा सूचना में अंकित कार्य के प्राक्कलन में प्राविधानित निर्माण कार्य के सम्बन्ध में निविदा मूल्य के बराकर अथवा उससे अधिक लागत के समान निर्माण कार्य जो संतोषजनक पूर्ण कराया गया हो का सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण-पत्र भी निविदा के साथ अनिवार्य रूप से अपलोड करना होगा।
14. निविदादाता द्वारा विगत 03 वर्षों में से किसी एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम टर्नओवर जल कल कार्यों का) जो उल्लिखित निर्माण कार्य की लागत के बराबर अथवा अधिक होना चाहिए।
15. स्थलीय सत्यापन के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कमी पायी जाती है तो सम्बंधित ठेकेदार/फर्म द्वारा तत्काल कार्य को मानक के अनुरूप निदेर्शानुसार तत्काल ठीक कराना होगा अन्यथा कराये गये कार्य का कोई भी भुगतान नहीं किया जायेगा।
16. प्राप्त किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त ई-निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को होगा। इस सम्बंध में किसी भी ठेकेदार/फर्म का कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा मूल्य नान रिफण्डेबूल है।
17. उक्त निर्माण कार्य हेतु स्वीकृत आगणन के अनुसार ही स्थल पर मानक के अनुरूप गुणवत्ता परक कार्य न्यूनतम निविदादाता को कराना होगा।
18. कार्य को स्वीकृत आगणन की धनराशि पर ही पूर्ण कराया जायेगा ।
19. कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व कार्य स्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्प्ले बोर्ड पर योजना का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था एवं कार्य प्रारम्भ होने तथा कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।
20. तकनीकी बिड में अर्ह पायी गयी निविदाओं की ही वित्तीय निविदायें आनलाइन ई-टेण्डर पोर्टल पर खोली जायेंगी।
21. उपरोक्त समस्त शर्तों का पालन ठेकेदार/फर्म को करना होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा की स्वीकृति पर विचार नहीं किया जायेगा।
22. यदि उक्त तिथि को कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा खोलने की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जायेगी।
23. शासनादेश सं.-01/2018/3070/78-2-2018/42 IT/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित निदेर्शों के क्रम में निविदादाता को वित्तीय निविदा खुलने से पहले अथवा तीन दिन बाद निविदा से सम्बन्धित मूल अभिलेख डाक द्वारा अथवा स्वयं कार्यालय उपस्थित होकर जमा करना होगा। अन्यथा की स्थिति में अपलोड की गयी निविदा निरस्त कर दी जायेगी। साथ ही ई-टेण्डर पोर्टल पर अपलोड की गयी बिड को भी साथ में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा ।
24. निविदादाता को गत 05 वर्षों में से किन्ही तीन वर्षों का लाभ-हानि विवरण तथा वार्षिक टर्न ओवर जो सी०ए० तथा आडिटर द्वारा निर्गत किया गया हो उपलब्ध कराना होगा।
25. निविदादाता को निविदा अपलोड करने के पश्चात बिड से सम्बंधित स्वः प्रमाणित मूल प्रपत्र नोटरी शपथ-पत्र सहित इस प्रमाण के साथ देना होगा कि अपलोड की गयी निविदा में दी गयी समस्त जानकारियाँ सत्य है।
26. निविदादाता को रु. 10.00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ-पत्र के माध्यम से यह प्रमाण देना होगा कि निविदादाता के विरुद्ध कोई अपराधिक मुकदना नहीं है और न ही निविदादाता बार काउंसिल में रजिस्टर्ड है।
27. निविदादाता को अपनी फर्म के पैड पर अपना अधिकृत पत्र व्यवहार का पता, ई-मेल आई०डी० एंव मोबाइल नम्बर सहित उपलब्ध कराना होगा।
28. कार्य कराये जाने के पश्चात भुगतान बिल से परफारमेन्स सिक्योरिटी की कटौती नियमानुसार की जायेगी।
29. निविदादाता को रू. 10.00 के स्टाम्प पेपर पर इस बात का प्रमाण पत्र देना होगा जिसमें निविदा में अंकित कार्य को कराये जाने हेतु उसके पास स्वयं के उपकरण अथवा किराये पर लिए जाने से सम्बंधित अनुबन्ध एंव स्वामित्व का उल्लेख करना होगा।
30. निविदादाता को रू. 10.00 के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा कि उनके पास कार्य कराये जाने हेतु तकनीकी स्टाफ उपलब्ध है।
31. निविदादाता को ई०पी०एफ० अथारिटी द्वारा निर्गत ई०पी०एफ० प्रमाण पत्र एंव ई०एस०आई०सी० प्रमाण पत्र की प्रति उपलब्ध कराना होगा।
32. कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण कराया जाना होगा, बिलम्ब की स्थिति में सक्षम अधिकारी के निदेर्शानुसार अर्थदण्ड लगाया जा सकता है अथवा समय वृद्धि प्रदान की जा सकती है।
33. ऐसे राज्यपत्रित अभियन्ता/अधिकारी जो राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार की सेवा से 02 साल सेवानिवृत्त के पूर्ण नहीं हुए हैं/ को कार्य करने की अनुमति राज्य सरकार/केन्द्र सरकार की अनुमति के बिना नहीं दी जायेगी। यदि कोई सेवा निवृत्त अभियन्ता/अधिकारी बिना सरकार की अनुमति के कार्य कराते हुए पाये जायेंगे तो संज्ञान में आते ही उनकी निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
34. पालिका अधिकारी, अध्यक्ष, सभासद के प्रथम ब्लड रिलेशन एवं उनके स्पाउसेस निविदा प्रकिया में भाग लेने के लिए अधिकृत नहीं होगे।

अधिशासी अधिकारी
न.पा.परि.
बहराइच

अध्यक्ष
न.पा.परि.
बहराइच

संक्षेप

पिकअप की टक्कर से युवक की मौत

गोसाईगंज, सुलतानपुर। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कटका-मायंग रोड पर महिलो आशापुर स्थित गैस एजेंसी के सामने गुरुवार दोपहर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बल्दीराय थाना क्षेत्र के नन्दरई गांव निवासी भीम वर्मा (32) पुत्र सुखराम वर्मा खेती के साथ शटरिंग का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। गुरुवार को वह बाइक से शिवगढ़ काम पर जा रहे थे। दोपहर करीब एक बजे महिलो आशापुर गैस एजेंसी के सामने पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में सिर गंभीर रूप से कुचलने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची गोसाईगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त पिकअप भी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। मृतक दो भाइयों में छोटा था और अविवाहित था। परिवार में बड़े भाई अर्जुन वर्मा, मां उतराजी तथा बहनें उषा और मंजू हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। द्वारिकागंज चौकी प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पिकअप को कब्जे में ले लिया गया है।

आग से कार खाक

लालगंज, रायबरेली। अचानक लगी आग से ब्रेजा कार जलकर खाक हो गई। मामला कोतवाली क्षेत्र लालगंज के बरस गांव का है जहां के रहने वाले खुर्शीद आलम पुत्र शहजादे की कार घर के बाहर खड़ी थी। रात में अचानक कार में आग लग गई। जब तक आग पर काबू पाया जाता कार जलकर क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। रात में ही मामले की जानकारी पीआरवी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जानकारी ली। घटना के पास बोतल पड़ी देख खुर्शीद को शंका है कि किसी ने पेट्रोल डालकर उनकी गाड़ी में आग लगाई है। कोतवाल प्रमोद सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है।

छह वर्षीय बच्ची से रेप करने का प्रयास

अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र में एक 6 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव का ही एक युवक बच्ची को टॉफी का लालच देकर झाड़ियों में ले गया। लोगों को आता देख आरोपी बच्ची को छोड़कर मौके से फरार हो गया। बच्ची ने घर आकर अपनी मां को घटना की जानकारी दी। बच्चों के पिता ने गुरुवार 23 जुलाई की सुबह थाने पहुंचकर तहरीर दी है। घटना बुधवार शाम करीब 5.30 बजे की बताई जा रही है। बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी, तभी आरोपी युवक उसे टॉफी खिलाने के बहाने जंगल की ओर ले गया। जब बच्ची घर पर नहीं दिखी तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बच्ची की मां उसे खेत की ओर खोजने जा रही थी, तभी बच्ची रोते हुए वापस आ रही थी। उसने अपनी मां को पूरी घटना बताई। इसके बाद गुरुवार सुबह बच्ची के पिता उसे लेकर कुमारगंज थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ लिखित तहरीर दी। बच्ची के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी ने टॉफी का लालच देकर बच्ची को गांव के बाहर पश्चिम दिशा में वन विभाग के जंगल में ले गया। वहां उसने बच्ची के कपड़े उतारे और अश्लील हरकतें करने लगा। बच्ची के चिल्लाने पर जब लोगों ने आवाज लगाई तो आरोपी भागते समय जान से मारने की धमकी भी दी।

न्याय की मांग को लेकर महिलाओं ने नसीराबाद थाने का किया घेराव

पुलिस पर लगाये गंभीर आरोप, राम सिंह की संदिग्ध मौत मामले में उबाल



नसीराबाद, रायबरेली। नगर पंचायत नसीराबाद के वार्ड नंबर दो डेला निवासी राम सिंह (35) की संदिग्ध मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे पांच दर्जन से अधिक महिलाएं, पुरुष नसीराबाद थाने पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए न्याय की मांग की। प्रदर्शन के दौरान मृतक की पत्नी श्यामकली थाना प्रभारी के सामने फूट-फूटकर रो पड़ी और अपने पति की हत्या का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। श्यामकली ने कहा कि उसके पति ही परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। अब उसके सामने तीन छोटे-छोटे बच्चों के पालन-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। उसने रोते हुए कहा, ष्मेरे पास खाने-पीने तक के पैसे नहीं हैं। मेरे पति की हत्या कर दी गई है। मुझे इंसाफ चाहिए, नहीं तो मुझे भी इसी थाने में पड़े रहने दीजिए।ष उसकी भावुक अपील सुनकर मौके पर मौजूद महिलाएं भी आक्रोशित हो उठीं।

तीन बार बदली तहरीर, अब दो लोगों पर हत्या का आरोप : राम सिंह की मौत के बाद श्यामकली ने एक सप्ताह के भीतर पुलिस को तीन अलग-अलग तहरीरें दीं। अंतिम तहरीर, जो 18 जुलाई को दी गई, उसमें प्रकाश पुत्र मुन्ना वर्मा निवासी मोहल्ला कायस्थाना तथा बिल्लू कश्यप पुत्र गजाधर कश्यप निवासी वार्ड नंबर-4 सोनी नगर पर आरोप लगाए गए हैं। तहरीर के अनुसार, 15 जुलाई को दोपहर करीब एक बजे कल्लू चिकवा के घर से लगभग 300 मीटर दूर नहर की पटरी पर किसी बात को लेकर राम सिंह की दोनों आरोपितों से मारपीट हुई थी। श्यामकली का दावा है कि यह पूरी घटना कल्लू चिकवा के घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है और उसी मारपीट के कारण उसके पति की मौत हुई।

शाम को मिला शव, रात भर घर में रखा गया

परिजनों के मुताबिक 15 जुलाई को राम सिंह मजदूरी करने निकले थे लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटे। बाद में उनका शव नहर की पटरी के पास पड़ा मिला। परिजन शव को बिना पुलिस को सूचना दिए घर ले आए और पूरी रात घर में रखा। अगले दिन किसी व्यक्ति द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद जब शव घर पहुंचा तो परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि पहले हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए, उसके बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच और कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद देर शाम राम सिंह का अंतिम संस्कार किया गया।

महिलाओं का आरोप, रात में पुलिस ने घरों पर दी दबिश : प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के बजाय पुलिस बीती रात करीब ढाई बजे कई लोगों के घरों पर पहुंची और दबिश देकर डराने-धमकाने का प्रयास किया। महिलाओं का कहना था कि पुलिस ने कहा कि राम सिंह की मौत ईश्वरीय घटना है, किसी पर कार्रवाई नहीं होगी और यदि थाने का घेराव या प्रदर्शन किया गया तो परिणाम ठीक नहीं होंगे। इसी बात से नाराज गुरुवार सुबह कस्बे और आसपास के बड़ी संख्या में महिलाएं, युवक व ग्रामीण थाने पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताई। कुछ महिलाओं ने कहा पुलिस का काम आरोपियों को गिरफ्तार करना है, न कि उन्हें खुला छोड़ देना। वहीं कुछ प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि रात में दोबारा पुलिस घरों पर दबिश देने आई तो उसका विरोध किया जाएगा।

थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर का कहना है दोनों कि मृतक की पत्नी द्वारा अलग-अलग समय पर अलग-अलग तहरीरें दी गई हैं, यदि रात में आपके घर पर कोई भी पुलिस कर्मी रात में जाकर डराया धमकाया हो तो उसके साथ हमको फोटो या वीडियो दीजिए जिनकी गंभीरता से जांच की जाएगी।

कचरा नहीं अब पौधा बनेगी पृथ्वी राखी

अयोध्या। रक्षाबंधन पर भाई-बहन के अटूट प्रेम के साथ अब प्रकृति की रक्षा का संकल्प भी जुड़ेगा। शहर के प्रतिष्ठित आभूषण प्रतिष्ठान पृथ्वी ज्वेल्स ने इस दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए देश की पहली इको-फ्रेंडली और प्लांटेबल सिल्वर राखी पृथ्वी राखी लॉन्च की है। गुरूवार को पार्क इन बाय रैडिसन होटल में आयोजित भव्य लॉन्च समारोह में इस अनोखी राखी से पर्दा उठाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। आमतौर पर रक्षाबंधन के बाद करोड़ों प्लास्टिक की राखियां कचरे में चली जाती हैं। श्पृथ्वी राखीश इसी समस्या का समाधान है। यह शुद्ध चांदी से निर्मित है और इसमें विशेष बीज लगाए गए हैं। राखी का त्योहार मनाने के बाद इसे फेंकने की बजाय मिट्टी में दबा देने पर यह एक पौधे के रूप में उग आएगी। इसी सोच के साथ ब्रांड ने आज की देखभाल, कल की सुरक्षा का संदेश दिया है।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या के नगर निगम महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, अयोध्या हनुमानगढ़ी के उत्तराधिकारी महंत संजय दास महाराज व श्रृंगी ऋषि पीठाधीश्वर महंत हेमंत दास महाराज उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अयोध्या विप्रा के उपाध्यक्ष आईएएस अनुराज जैन, प्रसिद्ध उद्योगपति सर्वेश्वर सिंह और ब्रह्माकुमारी आश्रम के वरिष्ठ सदस्य बी.के. मुकेश भाई ने शिरकत की।

बूथ संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : राहुल राज



रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र के लालूपुर चौहान में भाजपा द्वारा आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल राज रस्तोगी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र रहे। सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों एवं पार्टी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बूथ संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने प्रत्येक बूथ को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का आह्वान करते हुए संगठन की योजनाओं और आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सदर विधायक अदिति सिंह ने सभी बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कार्यकताओं की मेहनत ङ्क जनसेवा की भावना ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने सभी से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आग्रह किया। सम्मेलन में मण्डल अध्यक्ष अमावाँ मंजेश सिंह, मण्डल अध्यक्ष बेलाभेला अजीत सिंह बघेल, मण्डल अध्यक्ष राही वेद प्रकाश त्रिपाठी, नगर पूर्वी आशुतोष पाण्डेय, नगर पश्चिमी नवजीत सलूजा एवं बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन की मजबूती एवं आगामी चुनावों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के संकल्प के साथ हुआ।

जमीनी विवाद को शांत कराने पहुंचे व्यक्ति पीट-पीटकर हत्या, दो घायल, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

अयोध्या। थाना हैदरगंज क्षेत्र के कुआंडाड गांव में दो पक्षों के बीच चल रहे विवाद को शांत कराने पहुंचे 55 वर्षीय व्यक्ति की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमले में दो लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचकर पुंलिस के अधिकारियों ने जांच की। पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात बजे जमीनी विवाद को लेकर राजकुमार और राम अनुज के बीच कहासुनी हो रही थी। इस विवाद को सुलझाने के लिए चैतूराम पहुंचे थे। जिसमें आरोप है कि आठ लोगो ने मिलकर चैतूराम की पिटाई कर दी। जिसमें उनका बेटा व अन्य घायल हो गए। परिजन चैतूराम को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना में घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। मौके पर पहुंचकर अधिकारियों ने जांच किया। मामले में मृतक के बेटे बालगोविंद की तहरीर पर आठ नामजद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या, आपसी विवाद में किये ताबड़तोड़ वार, इलाज के दौरान मौत

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के रायगंज चैकी क्षेत्र के खाले के पुरवा गांव में गुरुवार को आपसी विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। छोटे भाई ने बड़े भाई पर चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस के मुताबिक, 25 साल के आदर्श सिंह की उसके छोटे भाई अभिषेक सिंह से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि अभिषेक ने चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से आदर्श गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल आदर्श को तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी अभिषेक सिंह को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। कोतवाली प्रभारी पंकज सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह आपसी विवाद सामने आई है। मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान, बढ़ाया उत्साह

सुलतानपुर (वीओएल)। महर्षि विद्या मंदिर में गुरुवार को ओलंपियाड प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगत नारायण उपाध्याय ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना और जागरूकता का विकास करती हैं। साथ ही विद्यार्थियों को समसामयिक घटनाओं की जानकारी मिलती है और वे जिला, प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को परखने का अवसर प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में भाग लेने से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है और वे भविष्य की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी बेहतर ढंग से तैयार होते हैं। अंत में प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

मिश्रौली में शराब की दुकान से 87 हजार की चोरी

चोरी, गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के मिश्रौली बाजार में बुधवार रात चोरों ने देशी शराब की दुकान में सेंध लगाकर 87,750 रुपये नकद, आठ पाउच शराब और सीसीटीवी का डीवीआर चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। मधुबन गांव निवासी मनीष कुमार सिंह की मिश्रौली बाजार में देशी शराब की दुकान है। बुधवार रात दुकान बंद कर सेल्समैन जयप्रकाश घर चला गया था। देर रात चोर पीछे की दीवार में सेंध लगाकर दुकान में घुस गए और गल्ले में रखे 87,750 रुपये, आठ पाउच शराब तथा सीसीटीवी का डीवीआर लेकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे सेल्समैन को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। गौरतलब है कि सोमवार रात भी मिश्रौली बाजार में दो दुकानों में चोरी हुई थी। चोरों ने रघुनंदन राय की गुमटी से नकदी और शीतला प्रसाद की दुकान से हजारों रुपये का सामान पार कर दिया था।

चंद्रशेखर आजाद के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आजाद के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने चन्द्रशेखर आजाद के जीवन पर आधारित प्रभावशाली लघु नाटिका का मंचन किया। नाट्य मंचन में अवीरा श्रीवास्तव ने चन्द्रशेखर आजाद, देवेश शर्मा ने मजिस्ट्रेट, अंश तिवारी एवं दग ने पुलिसकर्मियों तथा अक्षत यादव ने जल्लाद की भूमिका का जीवंत अभिनय कर आजाद के अदम्य साहस, देश प्रेम और बलिदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

प्रधानाचार्या शर्मिला दास गुप्ता ने बताया कि चन्द्रशेखर आजाद केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि साहस, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक हैं। विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अनुशासन, निडरता और देश के प्रति समर्पण की भावना विकसित करनी चाहिए। ऐसे आयोजन बच्चों को अपने गौरवशाली इतिहास और महान क्रांतिकारियों के योगदान से परिचित कराते हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने चन्द्रशेखर आजाद के आदर्शों पर चलने और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर फैजान खान, शिवकरन पाल, संचिता त्रिवेदी, प्रशांत पांडेय, शुभी सिंह, शाहीन खान, अजय सिंह, आशुतोष, अम्बुजा, कृतिका एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

एनएसबीवीएम में मनायी गयी आजाद जयंती

रायबरेली। न्यू स्टैंण्डर्ड बालिका विद्या मंदिर रायबरेली में महान क्रांतिकारी अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने क्रांतिवीर आजाद जी के जीवन्त रूप में छात्र मो.हसन एवं आजाद जी के चित्र पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। जयंती के इस अवसर पर स्कूल स्टूडेन्ट अलीशा एवं टीचर श्रेया मिश्रा ने आजादी के दीवाने आजाद के जीवन से जुड़े कुछ प्रेरक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराया।

नन्ही अश्विनी की याद में शिक्षकों ने दिखायी संवेदना



जिला संवाददाता (vol)

- परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता

सुलतानपुर। भदैया ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय पखरौली की कक्षा एक की छात्रा अश्विनी प्रजापति की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद शिक्षकों ने मानवता की मिसाल पेश की। ब्लॉक संसाधन केंद्र भदैया में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों के सहयोग से एकत्रित एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक छात्रा के माता-पिता को सौंपा गया। गौरतलब है कि 14 जुलाई को विद्यालय गेट के सामने ऑटो रिक्शा की टक्कर से अश्विनी की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद भदैया ब्लॉक के शिक्षकों ने स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग जुटाकर पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मिश्र, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय तथा जूनियर शिक्षक संघ के जिलामंत्री कलहू पाल ने संयुक्त रूप से सहायता राशि का चेक परिजनों को सौंपा। इस अवसर पर बीईओ शिवशंकर मिश्र ने सहयोग करने वाले सभी शिक्षकों, संकुल प्रभारियों और शिक्षक संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में समाज का साथ ही सबसे बड़ी ताकत होता है। कार्यक्रम में ब्लॉक मंत्री बिपिन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्मेंद्र राय, श्याम किशोर दूबे, जबीउल्ला, विष्णु शंकर, सतीश, संजय कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत छात्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में आधुनिक शिक्षा की भूमिका पर संगोष्ठी आयोजित



सुलतानपुर (वीओएल)। संत तुलसीदास पीजी कॉलेज, कादीपुर के शिक्षा संकाय द्वारा पंडित राम किशोर त्रिपाठी स्मृति एक दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन आधुनिक शिक्षा एवं आत्मनिर्भर भारत विषय पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. आर.एन. सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्राचीन इतिहास विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सतीश कुमार सिंह उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. आर.एन. सिंह ने कहा कि आधुनिक शिक्षा का व्यापक उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि जनसमुदाय को आत्मनिर्भर बनाकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को सामाजिक विकास और नवाचार से जोड़ने का आह्वान किया। संगोष्ठी का समन्वयन शिक्षा संकायाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार पांडेय तथा संयोजन एम.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार पांडेय और डॉ. श्याम बिहारी मिश्र ने किया। इस दौरान डॉ. समीर कुमार पांडेय, डॉ. विजय नारायण त्रिपाठी, डॉ. अनिल कुमार पांडेय एवं चंद्रमौली शुक्ल सहित प्राध्यापकों और प्रतिभागियों ने विषय पर गंभीर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम में साक्षी त्रिपाठी, शिवेंद्र मिश्र, अभिषेक पांडे, शिवानी, सत्यप्रकाश आर्य, विनय प्रजापति, अंजू मिश्र, श्रिया, आदित्य, अंजू यादव और श्रिया त्रिपाठी ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। अंत में डॉ. संतोष कुमार पांडेय ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

शहीद चंद्रशेखर आजाद की मनायी जयंती



अयोध्या। क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की 120वीं जयंती के अवसर पर कचहरी स्थित सेनानी भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। भाजपा नेता दिनेश जायसवाल ने कहा कि क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में हुआ था क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद ने देश की आजादी में अपनी महिती भूमिका निभाई है शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाकी निशा होगा। भाजपा नेता अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने कहा क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद ने कहा था कि यदि कोई युवा मातृभूमि की सेवा नहीं करता है तो उसका जीवन व्यर्थ है मेरा नाम आजाद है, मेरे पिता का नाम स्वतंत्रता और मेरा घर जेल है आजाद ने कहा था आजाद ने कहा था अगर आपके लहू में रोश नहीं है तो यह पानी है जो आपकी रगों में बह रहा है ऐसी जवानी का क्या मतलब, अगर वह मातृभूमि के काम ना आए, नमन करने वालों में प्रमुख रूप से विनोद तिवारी, राम नंदन तिवारी ,पूर्व पार्षद अनुभव जायसवाल, अजय ओझा, दीपक निषाद, वीरेंद्र निषाद, अजय कुमार , अरविंद त्रिवेदी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बबलू मिश्रा बने अध्यक्ष, कालिका प्रसाद मिश्र को मिली महामंत्री की जिम्मेदारी



गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। गुरुवार को कटका बाजार में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक आयोजित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह की मौजूदगी में पदाधिकारियों की घोषणा की गई। नई कार्यकारिणी में बबलू मिश्रा को अध्यक्ष, कालिका प्रसाद मिश्र को महामंत्री, इमरान खान कोषाध्यक्ष ,रमेश शर्मा एवं देवमणि को मंत्री, महेश कसौधन व विजय सेठ को उपाध्यक्ष तथा चंद्रभान सिंह को संरक्षक बनाया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन का उद्देश्य व्यापारियों के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं का समाधान कराना तथा संगठन को मजबूत बनाना है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से व्यापारियों को संगठित कर उनके हितों के लिए सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में जिले के कई पदाधिकारी एवं क्षेत्र के व्यापारी मौजूद रहे।

डीएम ने राजकीय पुस्तकालय का किया निरीक्षण

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए विकसित किया जाये आदर्श अध्ययन केंद्र : जिलाधिकारी

रायबरेली। डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय में पुस्तकों के रखरखाव, स्वच्छता, अध्ययन कक्ष, पेयजल, शौचालय एवं इंटरनेट सुविधा सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को पुस्तकालय को अधिक उपयोगी एवं छात्र हितैषी बनाने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि राजकीय पुस्तकालय ज्ञान और अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां आने वाले छात्र-छात्राओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराया जाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों का सुव्यवस्थित रखरखाव किया जाए तथा समय-समय पर उनकी सूची का अद्यतन किया जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए नवीनतम पाठ्य सामग्री,



विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित नई पुस्तकों, संदर्भ ग्रंथों तथा राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर की प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अद्यतन अध्ययन सामग्री उपलब्ध होने से उनकी तैयारी अधिक प्रभावी होगी। उन्होंने पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के बैठने की व्यवस्था को और बेहतर एवं सुविधाजनक बनाने, स्वच्छ एवं उपयोगी शौचालय, शुद्ध पेयजल तथा निर्बाध इंटरनेट सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही पुस्तकालय परिसर की नियमित साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं शांत अध्ययन वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि पुस्तकालय को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए इसे विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के लिए एक आदर्श अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सैनिक बंधु समिति की बैठक संपन्न

रायबरेली। नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु समिति की बैठक बुधवार को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली (विंग कमांडर) अखिलेश पाण्डेय (अ०प्रा०) द्वारा स्वागत किया गया तथा पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर विचार-विमर्श कर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया। बैठक में जनपद के सी०ओ० सिटी, प्रतिनिधि अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद, व सैनिक बन्धु समिति के सदस्य एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

अयोध्या में सैकड़ों संतों की हुई बैठक



अयोध्या। रामनगरी अयोध्या की मणिराम दास छावनी स्थित धर्म मंडपम में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में सैकड़ों संतों की अहम बैठक हुई। बैठक में राम मंदिर में चढ़ावे की अनियमितता, श्रद्धालुओं की आस्था, सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और पूजा व्यवस्था को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक के बाद संत समाज ने एकजुट होकर कहा कि कुछ व्यक्तियों की गलती के कारण पूरे राम मंदिर, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट और संत समाज को बदनाम करना उचित नहीं है। संतों ने अयोध्या के पांच प्रमुख संतों को रामलला की पूजा-अर्चना और धार्मिक व्यवस्थाओं से जुड़ी 9 सदस्यीय धर्म समिति में शामिल करने के फैसले का स्वागत किया।विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री बजरंग लाल बागड़ा ने कहा कि संत समाज को ट्रस्ट के पदाधिकारियों की ईमानदारी और निष्पक्षता पर पूरा विश्वास है। वहीं महंत राजकुमार दास ने कहा कि आरोपी जेल में हैं और मामले की एफ्ज जांच चल रही है, इसलिए बिना जांच पूरी हुए किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचना चाहिए। संत समाज ने

संक्षेप

लूटी गयी लकड़ी एवं बाइक के साथ एक गिरफ्तार

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सल्लहपुर के पुलिस के लूटी गयी 28कुन्तल यूकेलिप्टस की लकडी ,घटना में शामिल आपाची बाईक के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया ।शेत्र तीन आरो्पियो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है ।

पुलिस मुखबीर की सूचना पर किसान इण्टरमीडिएट कालेज सल्लहपुर के पास स्थित बागीचे पास सल्लहपुर निवासी संजय यादव को गिरफ्तार कर उसके निशानदेही पर सल्लहपुर मन्दिर के पास से लूटे गये यूकेलिप्टस के 166बोटे 28कुन्तल बराबर कर मामले में प्रयुक्त आपाची बाईक ने पुलिस कब्जे में लिया है ।

पूछताछ में संजय यादव ने बताया कि अपने साथियो शिव यादव विकास यादव श्रीराम यादव के साथ मिलकर सल्लहपुर पुलिस के पास ट्रेक्टर ट्राली रोकर चालक का मोबाईल छीन लिया था ।चालक को बाईक से इधर उधर घुमाते रहे ।जबकि अन्य साथियो ने ट्राली से यूकेलिप्टस की लकडी उतार कर सल्लहपुर मन्दिर के पास छिपा दिया ।बाद में चालक को ट्रैक्टर ट्राली सौप दिया ।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक उपेन्द्र आरक्षी सुधीर कुमार एवं संजय कुमार शामिल रहे ।

पूर्व प्रभारी मंत्री मोती सिंह ने किया बुद्ध का दर्शन, चढ़ाया चीवर

कसया, कुशीनगर। जनपद कुशीनगर के पूर्व प्रभारी मंत्री राजेंद्र सिंह उर्फ मोती सिंह का बुद्ध स्थली कुशीनगर पहुंच तथागत बुद्ध का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया।

गुरुवार को दोपहर बाद पूर्व प्रभारी मंत्री और पूर्व विधायक श्री सिंह कुशीनगर पहुंचे। जहां उनका स्वागत पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में फूल मालाओं से किया गया। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सबके विकास के लिए कार्य कर रही है।

पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बदौलत तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से उनका कुशल क्षेम पूछा और आपसी चर्चा के पश्चात अपने मधुबनी बिहार के लिए निकल गए।

इस दौरान ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, दिवेंदु मणि त्रिपाठी, अनिल कुमार मल्ल आदि मौजूद रहे।

हाईवे पर बाइक की ठोकर से बाइक चालक की मौत

जौराबाजार, कुशीनगर। जोकवा बाजार कर मोटरसाइकिल से घर जा रहे 45 वर्षीय युवक को तेज रफ्तार बाइक सवार ने ठोकर मार दी।

हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का इलाज गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है ।यह दुर्घटना बुधवार की देर रात तुर्कपट्टी के गांव मधुरिया चौहान पट्टी स्थित नेशनल हाइवे पर हुई ।चौरा खास क्षेत्र के गांव सरैया महंथ पट्टी निवासी 45 वर्षीय प्रदीप कुशवाहा रात करीब 10 बजे मोटरसाइकिल से जोकवा बाजार से घर लौट रहे थे,इसी दौरान मधुरिया चौहान पट्टी के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज थी कि प्रदीप सड़क पर गिर पड़े और गिरते ही उनकी मौत हो गई ।जबकि टक्कर मारने वाला बाइक सवार सड़क किनारे लगे सीमेंट के कुर्सी से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान कसया थाना क्षेत्र के गांव सबया निवासी 20 वर्षीय ईसहाक अंसारी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर ईसहाक को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने हालत में सुधार न होता देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।

घटना की सूचना पर पहुंची तुर्कपट्टी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रदीप की मौत की खबर से स्वजन में कोहराम मच गया है ।मृतक का एक 14 बर्षीय पुत्र हिमांशु कुशवाहा व एक 10 बर्षीय बेटी अर्पिता है।

हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से पहुंचे

बरहज में आयोजित हुआ सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान कल्याणकारी शिविर

जिला संवाददाता



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निदेर्शानुसार कल्याण सेक्टर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को तहसील बरहज सभागार में ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ थीम पर कल्याणकारी शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरहज विधायक दीपक मिश्र (शाका) रहे। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित कर योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।

विधायक दीपक मिश्र ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से गांव-गांव जाकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने तथा महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित करने का आह्वान किया शिविर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की ओर से 10 दिव्यांगजनों को दिव्यांग पेंशन स्वीकृति पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, महिला कल्याण विभाग द्वारा 10 निराश्रित महिला पेंशन एवं 10 कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने 'ओ' लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त 20 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए, जबकि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा 30 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए शिविर में महिला कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन-181, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098, हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन, मिशन शक्ति, बाल विवाह निषेध, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं पॉक्सो अधिनियम सहित विभिन्न योजनाओंकी जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी बरहज शशिकांत मणि, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) राम जनम, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सावित्री देवी, जेंडर स्पेशलिस्ट मंशा सिंह, हरीश सिंह, अनुराधा राज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सरफराज आलम ने किया।

दहेज हत्या केआरोपी पति ससुर गिरफ्तार

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर दहेज हत्या के वांछित दो आरो्पियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया ।

बताया गया है कि ग्राम सिंहपुर में नेहा पत्नी अमित चौरसिया का शव फन्दे सेलटकी शव को पुलिस ने बरामद किया था ।नेहा के पिता संजय चौरसिया ग्राम रतनपुरा थाना बरियारपुर निवासी द्वारा दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए भटनी थाने में 19जुलाई को तहरीर दिया था ।पुलिस ने मु अ स 208/26धारा 80(2),85बीएन एस व 3/4डी पी एक्ट के अन्तर्गत पति अमित अमित चौरसिया ससुर राजेश चौरसिया पुत्र स्वामीनाथ चौरसिया ग्राम सिंहपुर थाना भटनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विविक कार्यवाही में जूट गयी थी ।इसी बीच 22जुलाई को मुखबीर की सूचना पर भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर के भैरोपुर जगरनाथ छपरा मार्ग पर अमित चौरसिया एवं स्वामीनाथ चौरसिया को गिरफ्तार किया ।

राष्ट्रीय चेतना की प्रखर अभिव्यक्ति है तिलक जी का जीवन : मान बहादुर सिंह



देवरिया। राष्ट्रीय स्वाभिमान और स्वदेशी चेतना के सशक्त हस्ताक्षर के रूप में बाल गंगाधर तिलक का जीवन आज भी प्रासंगिक है, विपरीत परिस्थितियों में कैसे राष्ट्रीय चेतना के माध्यम से संस्कृति और परंपरा की रक्षा की जा सकती है,इसका जीवंत उदाहरण है।₹ उक्त बातें सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर में आयोजित बाल गंगाधर तिलक जन्म जयंती समारोह में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य मान बहादुर सिंह ने कहा। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने स्वदेशी और स्वराज्य के महत्व को आधुनिक भारत के संदर्भ में रेखांकित करते हुए कहा कि महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रीय एकता और संस्कृति की रक्षा के सदैव प्रयत्नशील रहना होगा।

विद्यालय के सामाजिक विज्ञान विषय प्रमुख अशोक यादव जी ने अपने संबोधन में तिलक जी जीवन के विषय में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि अपने संक्षिप्त जीवन काल में तिलक जी कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में और होम रुल लीग के माध्यम से राष्ट्रभक्ति की जो चेतना जगाई,विश्व के इतिहास में इसके उदाहरण कम ही है।अपने कालजयी सूत्र वाक्य ₹स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है,हम इसे लेकर रहेंगे₹ के माध्यम से राष्ट्रीय आंदोलन को एक नयी दिशा देने वाले महान राष्ट्रवादी चिंतक तिलक जी अपने विचार,कर्म और दृढ़ता के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे।इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिवार द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ।राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया। बाल गंगाधर तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को हुआ थाकार्यक्रम का सफल संयोजन जितेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

मोबाइल बरामद दो गिरफ्तार

भटनी (देवरिया)। स्थानीय रेलवे पुलिस ने नशा मुक्ति केन्द्र सोनबरसा गोरखपुर में छापेमारी कर दो अभियुक्तों को एनड्रॉयड मोबाईल के साथ किया गिरफ्तार ।पुलिस उच्चाधिकारियों के निर्देश परयात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया ट्रेनो में अपराध नियंत्रण वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी ट्रेनो में शराब की तस्करी रोकधाम के लिए चलाये गये अभियान के क्रम में पुनर्जन्म नशामुक्ति केन्द्र सोनबरसा गोरखपुर से जी आर पी भटनी थाने में पंजीकृत एन्ड्राइड मोबाईल चोरी के मामले में छापेमारी कर चोरी के मोबाईल के साथ सुदर्शन कुशवाहा पुत्र रामनारायण कुशवाहा ग्राम सोनहौली थाना सलेमपुर हालमोकाम पिपरपाती थाना खुखुन्दू ,सत्या कुशवाहा पुत्र सुदर्शन ग्राम सोनहौली थाना सलेमपुर हालमोकाम पिपरपाती थाना खुखुन्दू को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाप्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मौर्या उपनिरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय मुख्य आरक्षी है।

स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा में डीएम ने प्रगति बढ़ाने के दिए निर्देश



देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए ग बैठक में जिलाधिकारी ने ब्लॉकवार प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजनांतर्गत भुगतान की स्थिति, एचबीएनसी (ल्इठउ) रिपोर्ट, एएनसी पंजीकरण, आरबीएसके (फ्इरङ) की प्रगति तथा अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए जिलाधिकारी ने आभा (अइल्अ) आईडी बनाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा, ताकि पात्र व्यक्तियों को समय पर योजनांतर्गत लाभ मिल सके। बैठक में सीबीएसी की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान एवं स्क्रीनिंग का कार्य प्रभावी ढंग से किया जाए, जिससे लोगों को समय रहते उपचार उपलब्ध कराया जा सके उन्होंने शिशु मृत्यु दर के कारणों की भी विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रत्येक प्रकरण का विश्लेषण करने तथा मृत्यु के कारकों को कम करने के लिए प्रभावी रणनीति अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े सभी कार्यक्रमों का नियमित अनुश्रवण किया जाए और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

पूर्व प्रभारी मंत्री मोती सिंह का कुशीनगर में हुआ स्वागत



जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के पूर्व प्रभारी मंत्री राजेंद्र सिंह उर्फ मोती सिंह का बुद्ध स्थली कुशीनगर में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकताओं द्वारा गगनभेदी नारे के साथ भव्य स्वागत किया गया।

गुरुवार को दोपहर बाद पूर्व प्रभारी मंत्री और भाजपा के पूर्व विधायक श्री सिंह कुशीनगर पहुंचे। जहां उनका स्वागत पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में फूल मालाओं से किया गया। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सबके विकास के लिए कार्य कर रही है। पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बदौलत तीसरी बार भाजपा सरकार बनेगी।

पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से उनका कुशल क्षेम पूछा और आपसी चर्चा के पश्चात अपने मधुबनी बिहार के लिए निकल गए। इस दौरान दिवेंदु मणि त्रिपाठी, अनिल कुमार मल्ल आदि मौजूद रहे।

66 लोगों ने किया रक्तदान



देवरिया। इण्डियन रेड क्रास सोसाइटी देवरिया द्वारा रक्तदान सीविर का आयोजन अपने आजीवन सदस्य कृष्णा वर्मा के जन्मदिवस पर बैकुण्ठपुर मे किया गया। उक्त सिविर का उद्?घाटन इण्डियन रेड ?क्रास सोरतइटी के सभापति रमेश चन्द सिंह के द्वारा किया गया विशिष्ठ अतिथि के रूप मे उप सभापति डा०टी०पी०सिंह, डा. मिथिलेश सिंह उपस्थित उपस्थित रहे।रेड ?क्रास सोसाइटी सचिव अखिलेन्द्र शाही ,रोटरी क्लव के कपिल सोनी , डा0 मनोज मद्धेशिया ,जावेद असमद सिद्धकी, रक्तदान प्रभारी अनील तिवारी ,लालजी गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, रक्तदान सिविर मे सहयोगी संस्था के रूप मे लाईफ चैरिटेबक ब्लड सेन्टर देवरिया का सहयोग सराहनीय रहा

रक्तदान करने वालो मे कृष्णा वर्मा, मुकेश गुप्ता, सुनील गुप्ता, हरिकेश, सुधीर यादव, रुपेश कुशवाहा, रामधीर पासवान, शिवजी वर्मा, अंकित वर्मा, नितेश चौहान आदि इत्यादि लोग मैनुद मौजूद रहे; कुल संख्या 66 युनीट ब्लड डोनेशन किया गया अन्त मे लाईफ चैरिटेबल ब्लड सेन्टर के अनन्त वर्मा ने सभी के प्रति धन्यबाद ज्ञापित किया।

आई रे बदरिया, पिया घर आओ ना...

- कजरी भारतीय लोक संस्कृति की अमूल्य धरोहर: सुरेश
- संस्कार संगम की कजरी संध्या में बिखरे लोकसंगीत के रंग

कुशीनगर। अखिल भारतीय सांस्कृतिक संस्था संस्कार संगम, कुशीनगर के तत्वावधान में सावन के आगमन की बेला पर पारंपरिक कजरी संध्या का आयोजन किया गया।

बुधवार की शाम को।वार्ड संख्या 24 में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्यअतिथि सुरेश गुप्त ने अपने उद्बोधन में कहा कि कजरी भारतीय लोक संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।इसकी उत्पत्ति उत्तर प्रदेश के विंध्याचल एवं मिजापुर क्षेत्र से मानी जाती है, जहाँ सावन के आगमन पर कजरी गायन की समृद्ध परंपरा आज भी जीवित है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने और नई पीढ़ी तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम हैं।विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीष गुप्ता ने कहा कि कजरी केवल एक लोकगीत नहीं, बल्कि भारतीय जनजीवन की भावनाओं, प्रकृति और लोकसंस्कारों की सजीव अभिव्यक्ति है। वहीं डॉ. बच्चा मद्धेशिया ने कहा कि लोककलाओं का संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा युवाओं को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के लिए ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों की निरंतर आवश्यकता है। दिनेश तिवारी 'भोजपुरिया' ने प्रसिद्ध कजरी ₹रेलिया बैरन पिया को लिए जाए रे...₹ प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



इसके बाद डॉ. अमरीश विश्वकर्मा ने ₹मोती झील से आई रे बदरिया, पिया घर आओ ना...₹ की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। सरिता मिश्रा (एडवोकेट) ने सावन और लोकजीवन पर आधारित अपने काव्यपाठ से वातावरण को भावविभोर कर दिया। वंदना वैदेही ने कजरी विषयक काव्य प्रस्तुत कर साहित्यिक रंग बिखेरे।सुनील मिश्रा ने ₹सावन की रिमझिम बरसे फुहार, आ जा हो पिया...₹ तथा अतुल भारती ने ₹झूला पड़े अमरैया में, सखी गावे कजरी...₹ प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सुरमयी बना दिया। अंत में संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन राजू कुमार मद्धेशिया ने किया। इस अवसर पर राम प्रताप चौरसिया, आनंद शेखर सिंह, मीरा देवी पूर्व सभासद, रविशंकर पाठक, गोपाल मद्धेशिया, कृष्ण मद्धेशिया, रिंकी मद्धेशिया, धीरज जायसवाल उपस्थित रहे।

ओटीपी की समस्या होगी दूर, एसडीएम ने जनहित में बदलाया सीयूजी नंबर

एसडीएम के निजी नंबर पर अब प्राप्त होंगे ओटीपी

वॉयस आफ लखनऊ खबर का हुआ बड़ा असर

खबर का असर

महोली/सीतापुर तहसील में निवास प्रमाण पत्र बनवाने के दौरान आ रही ओटीपी की दिक्कतों को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम महोली ने सीयूजी नंबर हटाने एवं निजी नंबर को अपडेट करने हेतु जिला प्रभारी ई डिस्टिक सीतापुर को पत्र लिखा है। जनहित के मुद्दों को वायस ऑफ लखनऊ ने ओटीपी का हवाला देकर ₹निर्गत नहीं हो रहे निवास प्रमाण पत्र ₹शीर्षक से खबर प्रकाशित कर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया था। जनता के इस विस्फोटक मुद्दे को जब खबर के माध्यम से एसडीएम महोली शैलेंद्र गौतम ने पढ़ा तो अविलंब कार्यवाही के रूप में नेटवर्क युक्त मोबाइल सिम अपडेट करने के निर्देश संबंधित पटल प्रभारी को दिए हैं। एसडीएम महोली के द्वारा इस कार्यवाही को आम जनमानस जनहित को लेकर उठाया गया बड़ा कदम बताया जा रहा है। मालूम हो कि गुजरे कुछ दिनों से निवास प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आ रही जनता को पटल प्रभारी द्वारा ओटीपी न आने का हवाला देकर मामले को अगले दिन देखने की बात कही जा रही थी जिसके चलते सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली जनता को दुश्वारियां का सामना करना पड़ता था। इसी को ध्यान में रखते हुए वायस ऑफ लखनऊ द्वारा खबर को प्रकाशित कर अधिकारियों के पटल तक पहुंचने का काम किया था। जिसके बाद एसडीएम शैलेंद्र गौतम के द्वारा खबर का संज्ञान लेने के बाद कार्यवाही सुनिश्चित की गई। पिलवक्त एसडीएम शैलेंद्र गौतम की इस कार्यशैली ने तहसील क्षेत्र की जनता के चेहरे पर संतुष्ट के भाव दिखाई पड़ने लगे हैं इसके लिए क्षेत्र की जनता एसडीएम व वायस आफ लखनऊ को धन्यवाद ज्ञापित कर रही है।

शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई: फर्जी प्रमाणपत्रों पर नौकरी करने वाले 7 शिक्षक बर्खास्त

सीतापुर। शिक्षा विभाग ने फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने वालों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सात सहायक अध्यापकों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। विभागीय जांच में टीईटी और डीएलएड के फर्जी अंकपत्रों के आधार पर नियुक्ति पाने की पुष्टि होने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने तत्काल प्रभाव से बर्खास्तगी के आदेश जारी किए हैं। साथ ही सभी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि विभागीय जांच में सात शिक्षकों द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा एवं डीएलएड के फर्जी अंकपत्र प्रस्तुत कर नियुक्ति प्राप्त करने की पुष्टि हुई। इसके बाद 22 जुलाई को सभी की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया गया। कार्रवाई की जद में खैराबाद ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर में तैनात सहायक अध्यापिका कुसुमलता, लहरपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भानपुर के सहायक अध्यापक मनीष सिंह तथा प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर के सहायक अध्यापक भूपेंद्र कुमार शामिल हैं। इन तीनों पर फर्जी टीईटी अंकपत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने का आरोप सिद्ध हुआ। वहीं महोली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बसारा की सहायक अध्यापिका पूजा और प्राथमिक विद्यालय महुआकोला के सहायक अध्यापक विवेक कुमार के खिलाफ फर्जी टीईटी के साथ-साथ फर्जी डीएलएड अंकपत्र लगाने की पुष्टि हुई जिसके चलते उनकी भी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। इसके अलावा सकरन ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय ताजपुर में तैनात सहायक अध्यापक मुरारी लाल रावत तथा प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी के सहायक अध्यापक जय नारायण सिंह को भी फर्जी टीईटी प्रमाणपत्र के आधार पर नियुक्ति लेने के मामले में बर्खास्त किया गया है। बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में फजीर्वाड़ा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

सरकारी किताबें जलाने पर दो शिक्षक निलंबित, पूरे स्टाफ का वेतन रोका

सीतापुर। बेहटा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय ऊंचगांव में सरकारी किताबें और अभिलेख जलाने के मामले में बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच में आरोप सही पाए जाने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक रणविजय सिंह और सहायक अध्यापक जीतपाल सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही विद्यालय के पूरे स्टाफ का एक दिन का वेतन भी रोक दिया गया है। मंगलवार को विद्यालय परिसर में किताबें और अभिलेख जलाए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जांच में सामने आया कि दोनों शिक्षकों के बीच चार्ज को लेकर चल रहे विवाद के चलते यह घटना हुई। बीएसए ने स्पष्ट किया कि सरकारी अभिलेखों और शैक्षणिक सामग्री के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

चार माह की दुधमुंही बच्ची के लापता होने के मामले में तीसरे दिन वन विभाग ने चलाया सर्च आपरेशन

रेउसा (सीतापुर)। थानगांव थाना क्षेत्र के बैजवारी गांव से चार माह की दुधमुंही बच्ची सोनम के लापता होने के मामले में तीसरे दिन वन विभाग का सर्च ऑपरेशन चलाया। लेकिन बच्ची का कोई सुराग नहीं मिल सका। गुरुवार को वन विभाग के एसडीओ विकास यादव और रेंजर अतुल श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घर के आसपास तथा गन्ने के खेतों में घंटों तक सघन कॉम्बिंग अभियान चलाया। इसके बावजूद न तो बच्ची का कोई पता चला और न ही घटना से जुड़ा कोई ठोस साक्ष्य मिला। वन विभाग ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की तथा एहतियात के तौर पर गांव में टीम तैनात कर दी है। हालांकि, स्पष्ट साक्ष्य के अभाव में विभाग सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की बात कह रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिस जंगली जानवर पर घटना को अंजाम देने का संदेह जताया जा रहा है, उसे पकड़ने के लिए अब तक न तो पिंजरा लगाया गया है और न ही कोई प्रभावी कदम उठाया गया है। इससे पूरे गांव में भय और आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि जब तक संदिग्ध जंगली जानवर को पकड़कर इलाके को सुरक्षित नहीं किया जाता, तब तक बच्चों और महिलाओं की जान पर खतरा बना रहेगा।

घटना मंगलवार रात करीब 1रू30 बजे की है। गुड़िया देवी अपनी चार माह की बेटी सोनम के साथ मायके बैजवारी स्थित झोपड़ीनुमा घर में सो रही थीं। इसी दौरान बच्ची के कथित रूप से जंगली जानवर द्वारा उठा ले जाने की बात सामने आई। परिजनों और ग्रामीणों ने पूरी रात तलाश की, लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। थानगांव क्षेत्र पूर्व में भी जंगली जानवरों के हमलों को लेकर चर्चित रहा है। वर्ष 2017 से 2019 के बीच करीब एक दर्जन मासूम बच्चों की मौत जंगली जानवरों के हमलों में हुई थी, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए थे। इसके बावजूद संवेदनशील क्षेत्रों में स्थायी सुरक्षा व्यवस्था और प्रभावी वन्यजीव प्रबंधन अब भी सवालों के घेरे में है। परिजनों और कुछ ग्रामीणों का आरोप है कि मौके पर पहुंचे एसडीओ ने मीडिया को घटनास्थल से हटाया और घटना को जंगली जानवर की बजाय किसी व्यक्ति द्वारा किए जाने की आशंका जताने के लिए दबाव बनाया। हालांकि, इस संबंध में वन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

खाली बोरा लदी डीसीएम धू-धू कर जली

पहला (सीतापुर)। थाना रामपुर कलां अंतर्गत बिसवां सरैंयां मार्ग पर स्थित गन्ना क्रय केंद्र सरैंयां के निकट बुधवार को शाहजहांपुर से गोंडा को खाली बोरा लदी एक डीसीएम वाहन में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया और डीसीएम धू-धू कर जलने लगी। चालक नीरज जायसवाल ने कूद कर अपनी जान बचाई। आग की लपटें और उठता धुआं देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के चलते बिसवां-सरैंयां मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक डीसीएम का बड़ा हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हो चुका था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

हिंसक होता आंदोलन

देश बड़े उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है। नीट पेपर लीक मामले में दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहा कॉकरोच जनता पार्टी का धरना चर्चा का विषय बन गया है। इसे समर्थन देने के लिए जिस तरह राजनीतिक दलों में कमर कस ली है, उसका असर संसद से सड़क तक दिखाई देने लगा है। छात्रों के हित को लेकर सरकार पहले ही आश्वस्त कर चुकी है लेकिन जिस तरह से शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को पक्ष-विपक्ष ने अपनी नाक का सवाल बना लिया है, उससे दिल्ली ही नहीं, पूरे एनसीआर की हालत पतली हो गई है। मेट्रो स्टेशनों पर प्रवेश प्रतिबंधित किए जाने पर सर्वोच्च न्यायालय ने भी सरकार को चेताया है कि अगर शीघ्र मेट्रो स्टेशन पर व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उसे हस्तक्षेप करना पड़ेगा। शंभू बार्डर पर पंजाब के किसानों और निहंगों ने डेरा डाल रखा है। कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक ने भी अपने आंदोलन की तुलना पूर्व में हुए किसान आंदोलन से की है। मतलब आंदोलनकारियों की नीयत दिल्ली को राहत देने की बिल्कुल भी नहीं है। राजनीतिक दलों की खुरपेंच भी इस मामले को और अधिक पेचीदा बना रही है। विरोध के लिए बहानेकी जरूरत होती है। विपक्ष को पता है कि इस बार के मानसून सत्र में सरकार कुछ बड़े और कड़े बिल ला सकती है जो उन्हें असहज कर सकते हैं। इसलिए उन्होंने मानसून सत्र के पहले ही दिन से संसद में गतिरोध का खेल चालू कर रखा है। मतलब न खेलब न खेलय देब, खेलवय बिगारब। इस बार जिस तरह सड़क से संसद तक विपक्ष हमलावर है, उससे एक बात तो साफ हो गई है कि अब संसद सत्र से पूर्व सर्वदलीय बैठक बुलाने का कोई औचित्य नहीं बचा है।



बेहतर होगा कि इस रस्मी औपचारिकता में समय जाया करने की बजाय सीधे मुद्दे पर आया जाएऔर जो होगा, देखा जाएगा कि रीति-नीति पर अमल करते हुए आगे बढ़ा जाए। वैसे भी जिस तरह देशमें राजनीतिक असहिष्णुता और निराधार विमर्श के ग्रॉफ बढ़ रहे हैं, उसकी भयावहता देश को बड़े खतरे में डाल सकती है। भाजपा के नेपथ्य में पड़े नेता जो पहले से ही नरेंद्र मोदी से खार खाए बैठे हैं, वे भी मौके पर अपने उदगार व्यक्त करने लगे हैं। जब सरकार ने पहले ही सुस्पष्ट कर दिया है कि वह छात्रों के हितोंसे कोई समझौता नहीं करने जारही है। एक भी दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर दोषियोंको सजा दिलाई जाएगी और ऐसी पुख्ता व्यवस्था की जाएगी कि इस तरह की घटनाओंकी पुनरावृत्ति न हो लेकिन आंदोलनकारी सरकार की बात पर यकीन करने की बजाय दुराग्रह ठाने बैठे हैं। उन्हें इस बात पर भी विचार करना चाहिए कि जो प्रियंका गांधी आज पेपर लीक के मुद्दे पर लंबे-लंबे भाषण कर रही हैं, राजस्थान में अशोक गहलोत सरकार के दौर में हुए पेपर लीक के मामलों पर उन्होंने खुलेआम कहा था कि पेपरलीक राष्ट्रीय समस्या है, ऐसा नहीं कि अशोक गहलोत ने पेपर लीक और परीक्षा में नकल रोकने का प्रयास नहीं किया लेकिन वे सफल नहीं सके। जब कल्याण सिंह उत्तर प्रदेश में नकल विरोधी अध्यादेश लाए थे तो मुलायम सिंह यादव नकलचियों के पक्ष में खड़े हो गए थे। उत्तर प्रदेश और बिहार में परीक्षाओं में नकल किस तरह होती थी, यह किसी से छिपा नहीं है लेकिन राजनीति में अपनी सुविधा का संतुलन देखा जाता है। जो अरविंद केजरीवाल सरकार को जेन जी की धमकी दे रहे हैं, पंजाब में पेपरलीक का विरोध कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज मामले में उन्होंने चुप्पी सी साध रखी है। विरोध करना अच्छी बात है लेकिन जब विरोध का पानी गले से ऊपर बहने लगे और आंदोलन अराजक हो जाए। आंदोलनकारी पत्थरबाजी पर आमादा हो जाएं तो फिर नए सिरे से सोचने की जरूरत है। यह विचार करनाहोगा कि ये अपने ही देश के बच्चे हैं जिन्हें हमेशा अनुशासन या मर्यादाका पाठ पढ़ाया गया है। राजनीतिक बहकावे में आकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन का ऐलान सही मायने में कानून व्यवस्था को चुनौती है। ऐसे में निर्णय तो कठोर लेना ही बनता है।

विचार

जो व्यक्ति निरुत्साहित, दीन और शोका-कुल रहता है, उसके सभी काम बिगड़ जाते हैं और वह बड़े संकट में पड़ जाता है।

- महर्षि बाल्मीकि.

श्रद्धा का अर्थ है आत्मविश्वास और आत्मविश्वास का अर्थ है ईश्वर पर विश्वास।

- महात्मा गांधी.

कोई भी व्यक्ति जब तक किसी वस्तुके लिए श्रम नहीं करेगा , तब तक वह वस्तु उसे प्राप्त नहीं हो सकती।

- गारफील्ड.

जो संपूर्ण प्राणियों को शांत रखने का प्रयत्न करता है। सर्वदा सत्य व्यवहार करता है।कोमल व्यवहार होकर सबका सम्मान करता है, सर्वदा शुद्ध भावसे रहताहै, वह कुल में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

- महात्मा विदुर.

जो व्यक्ति को कुचले, वह अत्याचारी है। चाहे उसका नाम कुछ भी क्यों न रख दिया जाये।

- गिल.

छठवीं कक्षा से ही लागू करें त्रिभाषा फॉर्मूला



अनिता राठौर

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि कक्षा 9 से तीन भाषा फॉर्मूला लागू करने से छात्र अनावश्यक तनाव में आ जायेंगे। अगर यह फॉर्मूला लागू भी करना है, तो इसे कक्षा 6 से लागू किया जाना चाहिए। न्यायाधीश बी.वी. नागरत्ना और न्यायाधीश आर. माधवन की खंडपीठ 16 जुलाई 2026 को मद्रास हाईकोर्ट के निर्देश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की अपील पर सुनवायी कर रही थी। मद्रास हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि राज्य के हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित किये जायें, जो तीन भाषा नीति का पालन करते हैं। गौरतलब है कि तीन भाषा नीति को चुनौती देने वाली याचिकाएं भारत के मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व वाली खंडपीठ के समक्ष विचाराधीन हैं।

तमिलनाडु सरकार का कहना था कि मद्रास हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य की आपत्ति का संबंध तीन भाषा नीति से है। इससे उसे लगता है कि हिंदी को थोपा जा रहा है, लेकिन न्यायाधीश बी.वी. नागरत्ना और न्यायाधीश आर माधवन की खंडपीठ ने कहा कि नीति में कहीं नहीं कहा गया है कि हिंदी आवश्यक है। खंडपीठ के अनुसार, राज्य की भाषा को पढ़ाया जाना है। अंग्रेजी को पढ़ाया जाना है और कोई तीसरी भाषा पढ़ानी है। इसमें हिंदी की कोई बाध्यता नहीं है। इस दावे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कि तीसरी भाषा कक्षा 9 से लाजमी हो जाती है, न्यायाधीश नागरत्ना ने कहा, नहीं, यह तो बहुत खराब है। नवीं कक्षा तो तनावपूर्ण होती है। आप नवीं कक्षा में नई भाषा क्यों थोपना चाहते हैं? इसे छठी कक्षा से लागू करें, यही बेहतर होगा।

सीबीएसई स्कूलों में कक्षा 9 से तीसरी भाषा लागू करने पर गहरी चिंता व्यक्त करके सुप्रीम कोर्ट ने छात्रों, पैरेंट्स और टीचर्स के लिए आवाज उठायी है। दरअसल, तीन भाषा नीति कोई ऐसा मुद्दा नहीं है, जिसे सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचना चाहिए था, लेकिन वह पहुंचा। इस नीति के प्रभावों ने नये मुद्दों को जन्म दिया है और वह भी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचे हैं।

> सर्वोच्च न्यायालय की दो सदस्यीय खंडपीठ ने कहा है कि नीति में कहीं नहीं कहा गया है कि हिंदी आवश्यक है। राज्य की भाषा को पढ़ाया जाना है। अंग्रेजी को पढ़ाया जाना है और कोई तीसरी भाषा पढ़ानी है। इसमें हिंदी की कोई बाध्यता नहीं है। नवीं कक्षा तो तनावपूर्ण होती है। नवीं कक्षा में नयी भाषा क्यों थोपना चाह रहे हैं, इसे छठवीं से ही लागू करें।



खंडपीठ की टिप्पणी पूर्णतः समझदारी भरी है, जिसे नीति निर्माताओं और शिक्षा मंत्रालय को खुद ही समझ लेना चाहिए था। यह तो मुमकिन ही न था कि मई 2026 में जल्दबाजी में लाये गये सर्कुलर- सेशन के बीच में तीन भाषा फ्रेमवर्क को लाजमी बनाना पर आपत्ति न होती। सुप्रीम कोर्ट को छोड़िये, छात्रों व स्कूलों को ही सत्ता को बता देना चाहिए था कि इस किस्म की नीति छात्रों व संसाधनों पर अनुचित दबाव डालेगी।

चिंतन

तीन भाषा फ्रेमवर्क में अंग्रेजी को विदेशी भाषा बना दिया गया है व इसके अतिरिक्त दो क्षेत्रीय भाषाएं- कारणहीन भय प्रतीत हो रहा है, जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए था। किसी ने भी यह बहस नहीं की है कि स्कूल पाठ्यक्रम के रूप में अनेक भाषाएं नहीं पढ़ानी चाहिए। बच्चा तो जितनी अधिक भाषाएं सीखेगा, उतना ही अच्छा होगा। स्कूली शिक्षा का उद्देश्य ही यही होता है कि बच्चे को विश्व साहित्य, संस्कृति, विज्ञान आदि से परिचित कराकर उसकी सोच का विस्तार किया जाये। लेकिन क्या यह संभव है कि सभी स्कूल, सभी आर्थिक व सामाजिक वर्ग, क्षेत्र और समुदाय बच्चों को शिक्षा के ये साधन उपलब्ध करा सकेंगे? नहीं। सीबीएसई का नया आदेश कि कक्षा 9 के छात्रों को तीन भाषाएं पढ़नी पड़ेंगी, जिनमें से दो भारतीय भाषाएं होनी चाहिएं, सुनने में बहुत अच्छा लगता है कि इसमें राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की संभावना है और वह छात्र अतिरिक्त बुद्धिमान हो जाता है, जो एक से अधिक भाषा जानता है। इसके अलावा अगर वह कोई विदेशी भाषा भी सीख लेता है, तो उसके लिए रोजगार के अवसर बढ़ जाते हैं। लेकिन वर्तमान स्थिति में 3-भाषा फॉर्मूला अराजकता व भ्रम को ही आमंत्रित करेगा, क्योंकि ट्रेंड टीचर्स की कमी है, आवश्यक पाठ्यपुस्तकों का अभाव है और छात्र अपनी पसंद की भाषाएं नहीं पढ़ सकेंगे।

इसका अर्थ है कि सरकार अपनी मर्जी की भाषाएं उन पर थोपेगी। इसलिए यह मुद्दा सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जो 3-भाषा फॉर्मूला की वैधता की जांच करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने इस संदर्भ में 27 मई 2026 को शिक्षा मंत्रालय, सीबीएसई और एनसीईआरटी को नोटिस जारी किये थे। हालांकि अनेक विख्यात वकीलों ने 1 जुलाई 2026 से लागू हुए सीबीएसई के आदेश पर स्टे लगाने की मांग की थी, लेकिन भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के नेतृत्व वाली तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने आग्रह को टाल दिया। खंडपीठ इस बात से सहमत नहीं थी कि 3-भाषा फॉर्मूला संघवाद में हस्तक्षेप करता है, लेकिन उसने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर व ट्रेंड टीचर्स की कमी के कारण छात्रों को मुश्किलें आयेंगी, इस आधार पर इसकी समीक्षा की जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस सिलसिले में अनेक याचिकाओं को स्वीकार किया हुआ है। दूसरी ओर एक नजरिया दो भाषा फॉर्मूला के पक्ष में है, जिसमें एक भाषा अंग्रेजी हो और दूसरी क्षेत्रीय भाषा हो। इस नजरिये के पक्षधरों का कहना है कि अंग्रेजी में प्रवीणता दोनों भारत व विदेशों के कार्य क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है और क्षेत्रीय भाषा बच्चों में न सिर्फ.शुरुआती शिक्षा को प्रोत्साहित करती है बल्कि उन्हें अन्य भाषाएं सीखने के लिए भी प्रेरित करती है।

इस नजरिये के पक्षधर क्षेत्रीय भाषा को मातृभाषा की श्रेणी में नहीं रखते हैं; क्योंकि उनका मानना है कि आधुनिक समाज बहुआयामी-देशज पृष्ठभूमियों से बना हुआ है। तीसरी भाषा के संदर्भ में इन लोगों का कहना है कि ऐसा नहीं है कि बच्चे इससे परिचित नहीं हैं, चाहे विदेशी हो या भारत की क्षेत्रीय भाषा। जिन स्कूलों में इसे पढ़ाने के संसाधन हैं और दिलचस्पी रखने वाले पर्याप्त छात्र भी, उनमें तीसरी भाषा पढ़ाई जा रही है। तीसरी भाषा का पढ़ाया जाना पूर्णतरू स्कूल की क्षमता व छात्रों की इच्छा पर छोड़ देना चाहिए। यह राजनेताओं व नीति-निर्माताओं का संकीर्ण दृष्टिकोण और संकुचित वृत्ति है, जो शिक्षा को शोकगीत बनाये हुए है। तीसरी भाषा के लिए सबसे अच्छी नीति यह है कि कोई नीति न हो। बहरहाल, दो भाषा फॉर्मूले के इस नजरिये से हर कोई सहमत नहीं है। तीन भाषा फ्रेमवर्क को लेकर समस्या कुछ और है। सीबीएसई का आदेश इस साल मई के मध्य में आया, यह कहते हुए कि जुलाई से 3-भाषा फॉर्मूला कक्षा 9 के छात्रों के लिए अनिवार्य होगा। कोई कारण नहीं बताया गया। यह भी नहीं बताया गया कि प्रभावित छात्रों पर यह आदेश थोपने की इतनी अधिक जल्दी किस लिए है।

सत्र का बीच चल रहा है। इसकी टाइमिंग का बचाव करना इतना ज्यादा मुश्किल है कि बीजेपी के पूर्व नेता, जिन्होंने अब अपनी एक अलग पार्टी का गठन कर लिया है, के अन्नामलाई, जो तीन-भाषा नीति (टीएलपी) के कट्टर समर्थक उस राज्य तमिलनाडु में हैं जहां इसका सबसे अधिक विरोध होता है, ने भी सीबीएसई के नवीनतम आदेश की जमकर मुखालफत की है। सुप्रीम कोर्ट, जैसा कि ऊपर बताया जा चुका है, इस नई नीति की जांच करेगा कि क्या यह संसाधनों व बच्चों पर

सोशल मीडिया

विपक्षी दल के नेता विकसित भारत के अभियान को पटरी से उतारने पर आमादा हैं। वे संसद की मर्यादा तार-तार कर रहे हैं।
जेपी नड्डा.



सरकार की तानाशाही देखिए, सोनम वांगचुक से मिलने तक की नहीं दे रही, हाईकोर्ट ने साफ कहा है कि 'वो पुलिस डिटेंशन में नहीं हैं', तो फिर मिलने से क्यों रोका गया। संजय सिंह.



विद्या युवाओं का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को नहीं बख्शेंगे।
पीएम मोदी.



आत्म परिष्कार का स्वर्णिम काल खंड है चातुर्मास



अध्यात्म

एक ऐसी भारत की आध्यात्मिक परम्पराओं ने मानव जीवन को केवल भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं माना, बल्कि उसे आत्मबोध, चरित्र-निर्माण और चेतना के उत्कर्ष की यात्रा के रूप में देखा है। इसी दृष्टि का एक अद्वितीय और कालजयी उपहार है चातुर्मास। यह केवल चार महीनों का धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा के परिष्कार, मन के अनुशासन, विचारों की निर्मलता और जीवन के पुनर्निर्माण का एक स्वर्णिम कालखण्ड है।

25 जुलाई 2026 से प्रारंभ होने वाला चातुर्मास केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिए ही नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के प्रत्येक व्यक्ति को यह दुर्लभ अवसर देता है कि वह बाहरी उपलब्धियों की दौड़ से कुछ क्षण विराम लेकर अपने भीतर के सत्य से साक्षात्कार करे। जब वर्षा की फुहारें धरती को हरित और उर्वर बनाती हैं, तब चातुर्मास मनुष्य के अंतर्मन को भी करुणा, शांति, विवेक और आत्मप्रकाश से सिंचित करने का निमंत्रण देता है। यदि वर्षा प्रकृति का नवजीवन है तो चातुर्मास चेतना का नवजागरण है। यह वह ऋतु है जिसमें केवल शरीर का नहीं, बल्कि आत्मा का शोधन और संस्कार होता है।

चातुर्मास को यदि आध्यात्मिक प्रशिक्षण शिविर कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। जिस प्रकार किसी सैनिक को युद्धभूमि के लिए तैयार किया जाता है, उसी प्रकार चातुर्मास मनुष्य को जीवन के संघर्षों में संतुलित, संयमी और जागरूक बनने का अभ्यास कराता है। यह आत्मबल अर्जित करने का समय है, जहाँ मनुष्य स्वयं को भीतर से इतना सशक्त बनाता है कि परिस्थितियां उसे विचलित न कर सकें। यही कारण है कि भारतीय ऋषियों और जैन आचार्यों ने इस अवधि को आत्मविकास की सर्वश्रेष्ठ प्रयोगशाला माना। जैन परम्परा में चातुर्मास का विशेष महत्व है। वर्षा ऋतु में साधु-साध्वियां एक स्थान पर निवास कर ध्यान, स्वाध्याय, तप और धर्मोपदेश के माध्यम से समाज को नैतिक और आध्यात्मिक दिशा प्रदान करते हैं। उनका स्थिर निवास केवल परम्परा नहीं, बल्कि अहिंसा का महान प्रयोग है। वर्षा में असंख्य सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते हैं; इसलिए अनावश्यक भ्रमण से बचकर वे जीवन के प्रत्येक रूप के प्रति संवेदनशीलता का संदेश देते हैं। यह पर्यावरण-संरक्षण और जैव विविधता के सम्मान का ऐसा उदाहरण है, जिसकी प्रासंगिकता आज के वैश्विक पर्यावरण संकट में और भी बढ़ जाती है।

चातुर्मास का वास्तविक उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठानों का पालन नहीं, बल्कि स्वयं को बदलना है, स्वयं की आत्मा का उन्नयन करना है। संसार को बदलने की आकांक्षा रखने वाला व्यक्ति यदि स्वयं नहीं बदलता, तो उसका प्रयास अधूरा रह जाता है। इसलिए चातुर्मास पहले स्वयं को साधने का आह्वान करता है। यह आत्मा की ओर लौटने की यात्रा है, जहां व्यक्ति अपने दोषों को पहचानता है, दुर्बलताओं का सामना करता है और अपने भीतर छिपी दिव्यता को जागृत करता है। इन चार महीनों में ध्यान, साधना, मौन, स्वाध्याय, जप, तप, योग, प्राणायाम, सामायिक, प्रतिक्रमण, व्रत, उपवास और संयम जैसे अनेक आध्यात्मिक उपक्रम किए जाते हैं। इनका उद्देश्य केवल धार्मिक कर्मकांड नहीं, बल्कि मन, वचन और कर्म को संतुलित करना है। आधुनिक मनोविज्ञान भी स्वीकार करता है कि ध्यान और मौन मनुष्य के तनाव को कम करते हैं, मानसिक स्पष्टता बढ़ाते हैं और निर्णय क्षमता को परिष्कृत करते हैं। भारतीय आध्यात्मिक परम्पराएं हजारों वर्षों से इन्हीं प्रयोगों के माध्यम से मनुष्य को भीतर से स्वस्थ और समर्थ बनाती रही हैं।

चातुर्मास का सबसे बड़ा संदेश है- आत्मबोध। जब मनुष्य स्वयं को पहचान लेता है, तब उसके जीवन की दिशा बदल जाती है। आत्मबोध से सम्यक दर्शन उत्पन्न होता है, सम्यक दर्शन से सम्यक ज्ञान और सम्यक ज्ञान से सम्यक चरित्र का निर्माण होता है। यही जैन दर्शन की आधारशिला है। यह दर्शन केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। इन चार महीनों में व्यक्ति यदि सत्यनिष्ठा, निष्काम कर्म, अनाग्रह, अपरिग्रह, अभय, समता, सहिष्णुता और अहिंसा को अपने जीवन का हिस्सा बना ले, तो उसका संपूर्ण व्यक्तित्व बदल सकता है। सत्यनिष्ठा विश्वास का निर्माण करती है, निष्काम कर्म अहंकार को समाप्त करता है, अपरिग्रह जीवन को हल्का बनाता है, अनाग्रह संबंधों में मधुरता लाता है और अहिंसा मनुष्य को समस्त प्राणियों के प्रति संवेदनशील बनाती है।

पवित्र बनाता है अध्यात्म

आध्यात्मिक उन्नति का अर्थ संसार से पलायन नहीं, बल्कि संसार के बीच रहते हुए अपने भीतर की पवित्रता को सुरक्षित रखना है। गृहस्थ भी अपना जीवन उतनी ही पवित्रता से जी सकता है जितना कोई साधु। यदि वह प्रतिदिन कुछ समय ध्यान करे, मौन का अभ्यास करे, क्रोध और कटुता पर नियंत्रण रखे, क्षमा और कृतज्ञता का अभ्यास करे, भोजन एवं उपभोग में संयम अपनाए तथा सेवा और दया को जीवन का हिस्सा बनाए, तो उसका प्रत्येक दिन साधना बन सकता है। चातुर्मास का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण पक्ष है आत्मिक शक्तियों का विकास। भारतीय दर्शन मानता है कि प्रत्येक मनुष्य के भीतर असीम संभावनाएँ विद्यमान हैं। ध्यान, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से चेतना का ऐसा विस्तार संभव है, जहां व्यक्ति असाधारण धैर्य, विवेक, अंतर्दृष्टि, करुणा और अतीन्द्रिय संवेदनशीलता का अनुभव करता है। यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि आत्मशक्ति के जागरण का परिणाम है। आज जब मानवता तनाव, हिंसा, असहिष्णुता, पर्यावरण संकट, नैतिक पतन और मानसिक अशांति जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब अध्यात्म का संदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है। यह हमें याद दिलाता है कि विश्व-शांति की शुरुआत व्यक्ति के मन की शांति से होती है। यदि मनुष्य स्वयं शांत होगा तो परिवार शांत होगा, परिवार शांत होगा तो समाज शांत होगा और समाज शांत होगा तो विश्व में स्थायी शांति स्थापित होगी। अध्यात्म किसी एक सम्प्रदाय की सीमाओं में बंधी हुई विधा नहीं है। इसका मूल संदेश सार्वभौमिक है। यह प्रत्येक व्यक्ति को आमंत्रित करता है कि वह अपने भीतर की श्रेष्ठता को जागृत करे। चाहे वह किसी भी धर्म, संस्कृति या विचारधारा से जुड़ा हो, यदि वह सत्य, अहिंसा, करुणा, आत्मसंयम, नैतिकता और जागरूकता को अपनाता है तो वह अध्यात्म में जी रहा है। प्रत्येक साधना मनुष्य को उसके उच्चतर स्वरूप के निकट ले जाती है। इसलिए पूजा उपासना को महज कर्मकांड में ही नहीं, बल्कि आत्मजागृति, आत्मसंयम, आत्मानुशासन और आत्मोन्नति के महाअभियान के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। यही वह काल है जो मनुष्य को साधारण से असाधारण, अशांत से शांत, सीमित से असीम और अहंकार से आत्मबोध की ओर ले जाता है। यही नर से नारायण बनने की शाश्वत चेतना है, यही उसकी कालातीत विरासत है और यही मानव जीवन को प्रकाशमय बनाने का उसका अमूल्य संदेश है। अध्यात्म बाहर की चमक-दमक की दुनिया नहीं है, वह आत्मा का विज्ञान है। जो आत्मावलोकन की प्रक्रिया में पारंगत हो जाता है। संसार के रहस्य उसके लिएअसाध्य नहीं रह जाते। इसलिए संयम पूर्वक अध्यात्म पथ पर चलना चाहिए।

अंतर्दृष्टि

कॉकरोचों ने भी पढ़ी राजनीति

व्यंग्यलोक

कॉकरोच पहले घर के कोनों में मिलते थे। बड़े समझदार जीव थे। जानते थे कि उजाले में निकलेंगे तो चप्पल पड़ेगी। इसलिए अंधेरे, सीलन और दरारों से अपनी पुरानी दोस्ती निभाते थे। पर समय बड़ा शिक्षक है। पेपर लीक, व्यवस्था वीक और जनता की चीख ने कॉकरोचों को भी राजनीति पढ़ा दी। अब वे कोनों में नहीं मिलते। अधबीच में मिलते हैं। रोटी और भूख के बीच। सच और बयान के बीच। कानून और न्याय के बीच। जनता और व्यवस्था के बीच। और जब से हर नाली का रास्ता जंतर-मंतर होकर जाने लगा, तब से कॉकरोचों ने भी समझ लिया कि सबसे सुरक्षित जगह कोना नहीं, व्यवस्था का अधबीच है। वहां जानलेवा चप्पल से अधिक बहसें चलती हैं, निर्णय नहीं। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से बौछारें चलीं। लगा था कॉकरोच बह जाएंगे। पर नालियों ने पानी कम, कॉकरोच ज्यादा उगले। दूर-दूर से बसों, ट्रेनों और गलियों से वे ऐसे उमड़े जैसे चुनाव आते ही वादे निकलते हैं—रंग-बिरंगे, आत्मविश्वासी और संख्या में अकूत। सत्ता ने चप्पल उठाई। सबसे बुजुर्ग कॉकरोच मुस्कराया। इतनी पुरानी तकनीक? अब इससे कुछ नहीं होगा। पुलिस ने हिट छिड़का। वह बोला— धन्यवाद! विरोध हमारे लिए वही काम करता है, जो खाद फसल के लिए करती है। अफसर ने फिनाइल बहाई। कॉकरोच उसमें ऐसे तैरने लगे जैसे कुछ लोग योजनाओं के बजट में तैरते हैं। झाड़ू उठाई ही थी कि सलाह आ गई। पहले यह सिद्ध कीजिए कि आपकी झाड़ू निष्पक्ष है। कॉकरोच अब कीट नहीं रहे थे। वे प्रतिक्रिया बन चुके थे। समाचार आया कि जंतर-मंतर पर उनका धरना चल रहा है। तख्तियों पर लिखा था- अंधेरा हमारा मौलिक अधिकार है। दरारें बचाओ, लोकतंत्र बचाओ। चप्पल हिंसा है, सड़ांध सह अस्तित्व है। देखते-देखते नेता पहुंच गए। हर दल के दलदल में फँसे नेता कॉकरोच-फौज से मिलने लगे। उन्हें लगा कि यह भविष्य का वोट बैंक है। पहले ने कहा कि कॉकरोच हमारी प्राचीन विरासत हैं। दूसरे ने कहा कि इन्होंने सदियों का संघर्ष किया है। तीसरे ने घोषणा कर दी कि हमारी सरकार बनी तो हर सीलन को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाएगा। तालियां बजीं। कॉकरोचों ने मूंछों पर ताव दिया। पास बैठी छिपकली को पहली बार लगा कि लोकतंत्र सचमुच सबको अवसर देता है। इधर एक गृहिणी अपनी रसोई बचाने में लगी थी। उधर टीवी पर बहस चल रही थी कि क्या चप्पल असंवैधानिक है? क्या फिनाइल पर्यावरण विरोधी है? क्या सफाई सामाजिक न्याय के विरुद्ध है? पांच एंकर गरज रहे थे। कॉकरोच चुपचाप पिज्जा, बर्गर, मैगी, ब्रेड और बिस्कुट कुतर रहे थे। वे जानते थे कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे, कॉकरोच मौज करे।

वी आर श्रीवास्तव

आप की बात

कृषि की समस्याओं को समझें

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।'

कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं, लेकिन यह सोचने का प्रयास नहीं किया गया कि खाद्य सुरक्षा कानून बनाने से कैसे मजबूत होगी। क्या लोग कानून खायेंगे? हालांकि अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा बीते साल की गयी है। इससे जरूर खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी, अनाजों की बर्बादी भी कम होगी, किसानों को उनके उपज का वाजिब मूल्य दिलाने में भी मदद मिलेगी, गांवों में रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा।

ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.

सामाजिक सुरक्षा का दायरा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

युवती की हत्या रेलवे ट्रैक पर मिला शव

फतेहपुर। थाना राधानगर क्षेत्रान्तर्गत एक युवती की हत्या कर उसका शव रेलवे ट्रैक पर रखकर साक्ष्य छिपाने से जुड़े सनसनीखेज मामले में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने घटना से संबंधित समस्त परिस्थितियों का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए मौके पर उपलब्ध साक्ष्यों और विवेचना की वर्तमान प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।घटनास्थल निरीक्षण का विवरणपुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक घटनास्थल पर पहुंचकर रेलवे ट्रैक के आसपास के पूरे क्षेत्र, शव को रखे जाने की संभावित जगह, आने-जाने के रास्ते और आसपास मौजूद भौतिक साक्ष्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने जांच अधिकारियों से अब तक की पड़ताल, मृतका की पहचान, उसके पारिवारिक एवं सामाजिक संबंधों, घटना की समयरेखा और आरोपितों की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।एसपी ने मौके पर मौजूद पुलिस टीम से यह भी जानकारी प्राप्त की कि शुरूआती स्तर पर घटना को किस रूप में देखा गया, रेलवे और स्थानीय लोगों से क्या सूचना मिली, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य जैसे फॉरेंसिक, सीसीटीवी, कॉल डिटेल, लोकेशन आदि किस स्तर तक जुटाए गए हैं और आगे की जांच किस दिशा में चल रही है।वैज्ञानिक और निष्पक्ष विवेचना के निर्देशनिरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घटना के हर पहलू की निष्पक्ष एवं वैज्ञानिक ढंग से विवेचना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह मामला केवल साधारण दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या और उसे दुर्घटना का स्वरूप देने की कोशिश से जुड़ा प्रतीत होता है, इसलिए हर एंगल पारिवारिक, सामाजिक आर्थिक, संबंधों और संभवत आनर प्रतिष्ठा जैसे मुद्दों पर गहराई से जांच की जाए।

इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आई महिला, मौत

बहराइच। पयागपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को रेलवे ट्रैक पार करना एक महिला के लिए जानलेवा साबित हुआ। कान्धी कुइयां रेलवे गुमटी के पास गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।मृतका की पहचान गोबरे बाग निवासी नीलम (पत्नी राजीव तिवारी) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नीलम रेलवे ट्रैक पार कर रही थीं।

इसी दौरान तेज गति से आ रही गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही पयागपुर थाना पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

गौकाशी के दो आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

फतेहपुर। थाना हथगांव क्षेत्र में पूर्व में हुई गौकशी की घटना के संबंध में वांछित चल रहे दो आरोपियों आफताब और शमीम के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी, जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि दोनों पर पहले से भी गौकशी के मामलों में मुकदमे दर्ज हैं और अब समस्त विधिक कार्रवाई पूरी कर इन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। घटना का विवरणपुलिस के अनुसार, हथगांव थाना क्षेत्र में बीती रात गौकशी प्रकरण में वांछित आरोपी आफताब और शमीम की गतिविधियों की सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी। संदिग्धों की घेराबंदी के दौरान आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने की कोशिश की।

पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें दोनों आरोपियों के पैरों में गोली लगी और उन्हें मौके पर ही दबोच लिया गया।

पुलिस की टीम ने घटनास्थल से अवैध तमंचे, कारतूस और गौकशी में प्रयुक्त उपकरण समेत अन्य सामान बरामद किए हैं।

मौके से बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आगामी श्रावण माह शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था, आपसी सौहार्द एवं सामाजिक समरसता बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न धर्म गुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि श्रावण शिवरात्रि महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है, जिसे सभी के सहयोग एवं आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी धर्म गुरुओं से अपील की कि वे अपने-अपने अनुयायियों को शांति, सौहार्द एवं कानून का पालन करने के लिए प्रेरित करें तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा अफवाहपूर्ण सूचना पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध अथवा आपत्तिजनक गतिविधि संज्ञान में आती है तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को उपलब्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान शासन की गाइडलाइन एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं का पूर्ण पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की नई परंपरा प्रारम्भ न की जाए तथा धार्मिक आयोजनों का संचालन आपसी समन्वय एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप किया जाए। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रावण शिवरात्रि पर्व के दौरान सभी धर्म गुरुओं एवं आयोजकों द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने निर्देश देते हुए कहा कि श्रावण शिवरात्रि पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद पुलिस पूरी तरह सतर्क एवं मुस्तैद रहेगी। उन्होंने निर्देशित किया कि कांवड मार्गों, प्रमुख शिवालयों एवं भीड-भाड वाले स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। सोशल मीडिया पर 24 घन्टें निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा द्वारा जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों की थानेवार कानून एवं शांति व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने प्रत्येक थाना क्षेत्र में श्रावण शिवरात्रि पर्व के दौरान आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों, कांवड मार्गों, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों, पुलिस एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान धर्म गुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए श्रावण शिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए हर संभव सहयोग देने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

वीआईपी दौरे से पहले डीएम एसपी ने परखीं तैयारियां



फतेहपुर। जनपद में आगामी जिलाधिकारी फतेहपुर निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल एवं अन्य व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। मुख्य विवरणनिरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने कार्यक्रम स्थल पर बने मुख्य मंच, अतिथियों और आमजन की बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वारों, सेक्टरवार बनाए गए ब्लॉकों तथा सुरक्षा घेरे का अवलोकन किया।

उन्होंने कार्यक्रम क्षेत्र के आसपास साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत और प्रकाश व्यवस्था को भी परखा और संबंधित विभागों के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। इसके उपरांत दोनों अधिकारी प्रस्तावित हेलीपैड पर पहुंचे, जहां हेलीकॉप्टर की लैंडिंग एवं टेक-ऑफ जोन, सुरक्षा घेरा, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था, आगमन एवं निर्गमन मार्गों और वाहनों की पार्किंग की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया गया। हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए मार्ग-निर्धारण, बैरिकेडिंग और ड्यूटी प्वाइंट की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। सुरक्षा और यातायात के बिंदुनिरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग स्थल, आगमन एवं निर्गमन मार्गों, वीआईपी मूवमेंट, बैरिकेडिंग, ड्यूटी प्वाइंट, यातायात प्रबंधन तथा सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न बिंदुओं का गहन निरीक्षण किया गया।

डीएम और एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वीआईपी आने-जाने के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़भाड़ की स्थिति न बने, इसके लिए बैरिकेडिंग को मजबूत किया जाए।

वानप्रस्थ आश्रम में राष्ट्र अर्पण संगठन ने बुजुर्गों को वस्त्र बांटकर लिया आशीर्वाद



मुरादाबाद। राष्ट्र अर्पण संगठन द्वारा मुरादाबाद स्थित वानप्रस्थ वृद्ध आश्रम में वस्त्र एवं चादर वितरण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप आवास आयुक्त मांगे राम चैहान ने शिरकत की। उन्होंने अपने हाथों से आश्रम के वृद्ध माता-पिता को वस्त्र व चादरें भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुवार को महानगर अध्यक्ष शालिनी अग्रवाल और मुरादाबाद संयोजिका रेनू सक्सेना के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से वृद्धजनों का हाल-चाल जाना और उनकी सेवा की। उप आवास आयुक्त मांगे राम चैहान ने संगठन के इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि बुजुर्गों की निस्वार्थ सेवा ही सबसे बडा धर्म है। इस अवसर पर महानगर उपाध्यक्ष नीरज चैहान, महामंत्री स्नेहलता चैधरी, कुसुमलता शर्मा, बुद्धिजीवी मंडल अध्यक्ष राजीव शर्मा, गोविंद नगर मंडल अध्यक्ष रविंद्र महंत, महेंद्र जी और दीपाली जी सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

रजिस्ट्रेशन नम्बर के बाद ही डीलर ग्राहकों को दें नये वाहन: एआरटीओ



बिजनौर। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने जनपद के वाहन डीलरों को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक वाहन का विक्रय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही किया जाए और पंजीकरण की सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के बाद ही वाहन स्वामी को वाहन सौंपा जाए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) महेश कुमार शर्मा बुधवार को परिवहन विभाग कार्यालय में आयोजित दोपहिया एंव चारपहिया वाहन डीलरों की बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की डीलर प्वाइंट पंजीकरण व्यवस्था के तहत डीलरों को वाहन पंजीकरण का अधिकार दिया गया है। ऐसे में इस व्यवस्था का किसी भी स्तर पर उल्लंघन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि वाहनों से संबंधित सभी ऑनलाइन आवेदन समयबद्ध तरीके से परिवहन कार्यालय को भेजे जाएं। साथ ही डीलर प्वाइंट पर केवल प्रशिक्षित एवं अधिकृत कर्मचारियों से ही वाहन विवरण की फीडिंग और सत्यापन कराया जाए, ताकि नि पंजीकरण प्रक्रिया में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। एआरटीओ महेश कुमार शर्मा ने चेतावनी दी कि मोटर वाहन अधिनियम के नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन डीलरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी डीलरों से पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखने और विभागीय दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन करने का आह्वान किया।

कांवड़ियों को मिले शुद्ध भोजन सामग्री : डीएम



महोबा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सलाहकार कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने विगत वित्तीय वर्ष में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा की गयी प्रवर्तन कार्यवाहियों की समीक्षा की तथा निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी कांवड यात्रा/सावन माह को दृष्टिगत रखते हुए उपजिलाधिकारियों से समन्वय बनाकर ढाबों पर प्रवर्तन कार्यवाही की जाये एवं सुनिश्चित किया जाये कि श्रद्धालुओं को शुद्ध भोजन सामाग्री मिले। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर महोबा जनपद में विक्रय हो रहे दूध, घी, मावा, पनीर एवं रंगीन मिठाइयों पर नमूना संग्रहण किया जाये। साथ ही निर्देशित किया कि जनपद महोबा के चरखारी स्थित तालाबों में मछली विक्रेताओं द्वारा मछलियों का अवशिष्ट तालाबों में न डाला जाये। नगर पालिका चरखारी एवं उपजिलाधिकारी चरखारी से समन्वय बनाकर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, उपजिलाधिकार शिवध्यान पाण्डेय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्रकान्त बाजपेयी एवं अन्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

तेंदुए का हमला, चारा काटने गयी महिला की मौत



जिला संवाददाता

बहराइच। बहराइच और लखीमपुर खीरी की सीमा से सटे दुर्गा गौड़ी गांव में तेंदुए के हमले में एक महिला की मौत हो गई। बुधवार शाम खेत में मवेशियों के लिए चारा काटने गई महिला पर गन्ने के खेत में छिपे तेंदुए ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ महिला को छोड़ जंगल की ओर भाग निकला। घटना से इलाके में दहशत फैल गई।

मृतका की पहचान दुर्गा गौड़ी गांव निवासी 51 वर्षीय राजकुमारी के रूप में हुई है। वह प्रेमनगर मजरे स्थित अपने खेत में गन्ने की पत्तियां काट रही थीं। इसी दौरान गन्ने के बीच छिपे तेंदुए ने अचानक उन पर हमला बोल दिया और गले पर पंजों व दांतों से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

महिला की चीख सुनकर पास के खेत में परवल की फसल की रखवाली कर रहे किसान मनोहर मौके पर पहुंचे। उन्होंने शोर मचाते हुए अन्य ग्रामीणों को बुलाया। बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए, जिसके बाद तेंदुआ महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। हालांकि तब तक महिला की मौत हो चुकी थी।सूचना मिलते ही धौरहरा रेंज के वन विभाग की टीम और मुर्तिहा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रात होने के कारण पोस्टमार्टम गुरुवार दोपहर कराया गया।मृतका के देवर ननकऊ ने बताया कि जब तक परिवार के लोग खेत पहुंचे, तब तक जंगली जानवर भाग चुका था। महिला के गले और शरीर पर मिले गहरे घावों के आधार पर तेंदुए के हमले की आशंका जताई गई है। वन विभाग ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही ग्रामीणों से अकेले खेतों में न जाने और सतर्क रहने की अपील की है।

देवी मंदिर से अष्टधातु की प्रतिमा चोरी, श्रद्धालुओं में आक्रोश



बांदा। जसपुरा थाना के रामपुर के प्राचीन मंदिर मां भीखर देवी से चोर अष्टधातु की प्राचीन प्रतिमा चोरी कर ले गए। पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे पुजारी को गर्भगृह से प्रतिमा गायब मिली तो हड़कंप मच गया। इनकी सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मंदिर पहुंच गए। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है। मां भीखर देवी सेवा ट्रस्ट के संरक्षक भजन सिंह ने बताया कि शनिवार रात चोर मंदिर के गर्भगृह में घुसकर अष्टधातु की प्रतिमा उठा ले गए। पुजारी नरेंद्र पांडेय ने बताया कि प्रतिमा की कीमत लगभग एक लाख रुपये से अधिक आंकी जा रही है। उनका कहना है कि कुछ समय पहले भी प्रतिमा चोरी करने का प्रयास किया गया था, लेकिन तब चोर सफल नहीं हो सके थे। इसके बावजूद मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत नहीं की गई।सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक ऋषि देव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाते हुए अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। ट्रस्ट के संरक्षक भजन सिंह ने थाना जसपुरा में तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई, प्रतिमा की शीघ्र बरामदगी और आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र के श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

बाल श्रम के विरुद्ध मोनालिसा जौहरी की कड़ी कार्रवाई



- 9 बच्चे कराए गए मुक्त, 7 नियोक्ताओं पर विधिक कार्यवाही

बहराइच। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में तहसील प्रशासन नानपारा द्वारा नानपारा नगर क्षेत्र में बाल श्रम के विरूद्ध सघन छापामारी अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान 9 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया, जबकि 7 प्रतिष्ठान संचालकों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 (संशोधित-2016) के तहत विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई।एसडीएम श्रीमती जौहरी ने बताया कि राजस्व विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई व रोज संस्थान की संयुक्त टीम द्वारा शिवपुर रोड, बाईपास चौराहा तथा नगर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में स्थित ऑटो सर्विस सेंटर, वेल्डिंग वर्क्स, प्रोविजन स्टोर, वस्त्रालय एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई स्थानों पर नाबालिग बच्चों से कार्य कराए जाने की पुष्टि होने पर उन्हें तत्काल श्रम से मुक्त कराया गया और संबंधित नियोक्ताओं को नोटिस जारी करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू की गई।

छापामारी की कार्यवाही के दौरान एसडीएम द्वारा लोगों को जागरूक किया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी व्यवसाय में कार्य कराना पूर्णतः प्रतिबंधित है तथा 14 से 18 वर्ष आयु के किशोरों से खतरनाक कार्य कराना भी कानूनन अपराध है। ऐसे मामलों में दोषी नियोक्ताओं के विरुद्ध जुमार्ना एवं कारावास का प्रावधान है। उन्होंने व्यापारियों एवं व्यवसायियों से अपील की कि बच्चों से कदापि मजदूरी न करायें बल्कि उन्हें विद्यालय भेंजे क्योकि बच्चों के हाथों में औजार नहीं पुस्तक होनी चाहिए।

गोष्ठी में जल ही जीवन का दिया संदेश



बांदा। नाबार्ड सहायतित जलागम विकास परियोजना के तहत ग्राम चंदवारा में जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डीडीएम नाबार्ड संदीप कुमार गौतम ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने किसानों और महिलाओं से कहा कि जल है तो कल है और जल संरक्षण का करो प्रयास, जल ही जीवन की आस। खेतों में मेडबंदी कराकर वर्षा के पानी को रोका जा सकता है। खेत तालाब योजना के तहत भी पानी संग्रहित कर आस-पास के खेतों में नमी रखी जा सकती है। पशुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था की जा सकती है। पानी को बेकार न बहाएं और भविष्य के लिए सुरक्षित रखने का संकल्प लेने पर जोर दिया। रामकिशोर ने कृषि रक्षा इकाई, फव्वारा विधि से सिंचाई और ड्रोन से दवाओं के छिड़काव की जानकारी दी। ग्राम प्रधान अरविंद सिंह ने वर्षा जल और प्राकृतिक जल के संरक्षण के उपाय बताए। परियोजना प्रभारी रविशंकर ने भूगर्भ जल पुनर्भरण प्रक्रिया समझाई और रिचार्ज पिट के बारे में बताया। प्रदुम्न द्विवेदी ने सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। इसके बाद पौध रोपित कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान शाखा प्रबंधक यूको ग्रामीण बैंक विशाल गुप्ता, राकेश सिंह, जलागम विकास समिति के पदाधिकारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और किसान मौजूद रहे।

शिक्षकों ने बीईओ पर लगाया वसूली का आरोप, सौंपा ज्ञापन



बांदा। जनपद में शिक्षक-शिक्षिकाओं की विभिन्न समस्याओं व लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के लिए उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा, महामंत्री राजवीर सिंह ने बताया कि आयुक्त व जिलाधिकारी सहित संगठन के प्रादेशिक प्रभारियों को समस्या से अवगत कराया गया है। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रधानाध्यापकों के सामने एमडीएम भुगतान की समस्या है। प्रधान के हस्ताक्षर संबंधी समस्या है। प्रोन्नत वेतनमान, वर्षा ऋतु में विद्यालय पहुंचने में विलंब होने, मार्ग खराब होने पर 10-20 मिनट विलंब होने पर दंडात्मक कार्यवाही न की जाए। निरीक्षण के नाम पर बीईओ जसपुरा लगभग तीन हजार रुपये वसूल रही हैं। इस पर रोक लगाई जाए। कंपोजिट ग्रांट में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी की शिकायत की निष्पक्ष जांच की जाए। सप्ताह में एक दिन बीआरसी कार्यालय में बीईओ बैठ कर समस्याओं का निस्तारण करें यह मांग बीएसए से की गई है।

सभी कर्मियों को बिना प्रीमियम मिलेगा अतिरिक्त लाभ: केके अवस्थी



बांदा। भारतीय स्टेट बैंक का राज्य सरकार के साथ एमओयू हो गया है। इसके तहत परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों को बैंक में वेतन खाता खोलने के लिए बीआरसी स्तर पर कैंप लगाए जा रहे है। साथ ही बैंक शाखाओं में भी पटल खोला गया है। राज्य के कर्मचारियों, मानदेय, संविदा कर्मियों को सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। राज्य शासन और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बीच स्टेट गवर्नमेंट सैलरी पैकेज को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू के तहत एसबीआई में वेतन खाता रखने वाले कर्मचारियों को करोड़ों रुपये का बीमा कवर पूरी तरह निःशुल्क मिलेगा। भारतीय स्टेट बैंक कचहरी शाखा के सहायक शाखा प्रबंधक केके अवस्थी ने बताया कि एमओयू के अनुसार कर्मचारियों को एक करोड़ रुपए का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा, एक करोड़ 60 लाख रुपए का हवाई दुर्घटना बीमा, एक करोड़ रुपए का स्थायी पूर्ण दिव्यांगता बीमा, 80 लाख रुपए का आंशिक दिव्यांगता बीमा और 10 लाख रुपए का समूह जीवन बीमा दिया जाएगा। खास बात यह है कि इन सभी बीमा सुविधाओं के लिए कर्मचारियों को कोई अतिरिक्त प्रीमियम नहीं देना होगा। इसके अलावा एसबीआई रुपे कार्ड पर 1 करोड़ रुपए के बीमा कवर में अतिरिक्त 10 लाख रुपए का लाभ भी मिलेगा। स्वास्थ्य बीमा टॉप-अप जैसी सुविधाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी। कहा कि यह समझौता कर्मचारियों को आर्थिक जोखिम से बचाने की दिशा में अहम पहल है। वहीं कई शिक्षकों, मानदेय कर्मियों ने बताया कि बैंक अब दूसरी शाखाओं में जाने को कहता है। जो उनके लिए असुविधाजनक साबित हो रहा है।

डाले की टक्कर से बाइक सवार वृद्धा की मौत, बेटा घायल

सिधौली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सिंहपुर गांव के निकट सब्जी से भरे एक मैजिक डाले ने बाइक में टक्कर मार दी। बुजुर्ग मां की मौत हो गयी। वहीं बाइक चालक 22 वर्षीय बेटा घायल हो गया।

विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितिं में लगायी फांसी, मौत

बांदा। मर्का थाना क्षेत्र अंतर्गत इंगुवा गांव के मंगलहाडेरा में 20 वर्षीय नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना और हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलहा डेरा निवासी गोरेलाल निषाद की पत्नी प्रभावती का शव बुधवार देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला।

घटना की सूचना मिलते ही मर्का थाना पुलिस और नायब तहसीलदार रजोले प्रसाद मौके पर पहुंचे। देर रात्रि ही शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। गुरुवार दोपहर पोस्टमार्टम कि कार्यवाही पूरी हुई। मायके पक्ष से मृतका की मां शिवकलिया देवी, भाभी गोमती देवी और चचेरे भाई अरुण कुमार ने बताया कि प्रभावती की शादी इसी साल 13 मई हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग उसे मारते-पीटते थे। घटना से एक सप्ताह पहले पति गोरेलाल और उसका बहनोई उसे लेने आए थे। घटना से ठीक पहले प्रभावती ने फोन पर अपनी दीदी से बात की थी, जिसके बाद उसका मोबाइल छीन लिया गया, और उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद ससुराल पक्ष ने उन्हें फोन पर आत्महत्या करने की झूठी सूचना दी। थानाध्यक्ष का कहना है कि तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का खुलासा हो सकेगा।

बेटे ने कुल्हाड़ी से ली मां की जान

बहराइच। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के पुरैना गांव में गुरुवार सुबह रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली वारदात सामने आई। घरेलू विवाद के बाद एक युवक ने अपनी ही मां पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी बेटे को हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के मुताबिक, पुरैना गांव निवासी कन्या देवी (55) पत्नी भगवानदीन की हत्या उनके सबसे छोटे बेटे छैल बिहारी उर्फ छैलू (27) ने की। बताया जा रहा है कि बुधवार रात किसी घरेलू बात को लेकर मां-बेटे के बीच कहासुनी हुई थी। गुरुवार तड़के विवाद फिर बढ़ा तो गुस्से में आरोपी ने घर में रखी कुल्हाड़ी उठाकर मां की गर्दन पर कई वार कर दिए। गंभीर चोट लगने से कन्या देवी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।महिला की चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संदीप कुमार द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी को मौके से ही हिरासत में ले लिया और हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली। घटनास्थल से फोरेंसिक साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी की मानसिक स्थिति पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। हालांकि पुलिस इस दावे की भी जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में घरेलू विवाद को हत्या की वजह माना जा रहा है, जबकि पुलिस सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।इस नृशंस वारदात से पूरे पुरैना गांव में मातम पसरा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

संक्षेप

एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने की सीएससी के साथ पार्टनरशिप

कोलकाता। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के साथ एक मैमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग एमओयू पर दस्तखत किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य देश में डिजिटल बैंकिंग एवं बिल पेमेंट सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाकर वित्तीय समावेशन लाना है। एमओयू पर दस्तखत कोलकाता में सीएससी के 17वें फाउंडेशन डे के अवसर पर किए गए इस पार्टनरशिप के बाद एयरटेल पेमेंट बैंक की बैंकिंग और डिजिटल पेमेंट सेवाएं देश में 560,000 से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) पर उपलब्ध होंगी। इससे भारत के गाँवों में रहने वाले लोगों तक औपचारिक वित्तीय सेवाएं पहुँचाने में मदद मिलेगी।सीएससी ई-गवर्नेंस की शुरूआत इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने नागरिकों के लिए सरकारी (जी2सी) योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए की थी। कॉमन सर्विस सेंटर नागरिकों को जी2सी सेवाएं उपलब्ध कराते हैं। सीएससी आउटलेट पर आकर ग्राहक एयरटेल पेमेंट बैंक बचत खाता खुलवा सकेंगे।

वेदांता का नंद घर देशभर में बढ़ा रहा है अपनी पहुंच

नई दिल्ली। वेदांता की प्रमुख सामाजिक पहल नंद घर ने भारत के 18 राज्यों और 76 जिलों में 15,000 केंद्रों का महत्वपूर्ण पड़ाव हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि कार्यक्रम के राष्ट्रीय विस्तार की तेज गति को दर्शाती है। नवंबर 2025 में 10,000 नंद घरों का आंकड़ा पार करने के बाद, इस पहल ने मात्र आठ महीनों में 5,000 नए केंद्र जोड़ लिए हैं। पिछले एक वर्ष में नंद घर ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार जैसे नए राज्यों में भी अपना विस्तार किया है, जिससे देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक-निजी भागीदारी पहलों में से एक के माध्यम से भारत के आंगनवाड़ी तंत्र को और सशक्त बनाया जा रहा है। भारत की विकास क्षमता उसके बच्चों में निहित है। भारत की आंगनवाड़ियों को पोषण, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के आधुनिक उत्कृष्टता केंद्रों में बदलने का लक्ष्य है, हमें गर्व है कि आज हमने 18 राज्यों में 15,000 नंद घर केंद्रों का मील का पत्थर हासिल किया है।

जेएलआर इंडिया ने अश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम की घोषणा की

मुंबई। जेएलआर इंडिया ने आज अपने अश्योर्ड बायबैक प्रोग्राम और बेहतर फाइनैंसिंग समाधानों को पेश करने की घोषणा की है। इन्हें देश भर में ग्राहकों के लिए रेंज रोवर, डिफेंडर और डिस्कवरी गाड़ियों की ओनरशिप को ज्यादा सहज, अनुमान लगाने योग्य और सुविधाजनक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।जेएलआर का यह प्रोग्राम खासतौर पर भारतीय मार्केट के लिए तैयार किया है, जिसमें पहले से तय फ्यूचर वैल्यू और फाइनैंस के आकर्षक विकल्प शामिल हैं, इससे ग्राहक के लिए वाहन की खरीद का पूरा अनुभव सहज और ज्यादा निश्चित बन जाता है। इस प्रोग्राम के तहत अब योग्य ग्राहक ओनरशिप की प्रत्यास्थ अवधि के साथ एक्स-शोरूम कीमत के 55 प्रतिशत तक न्यूनतम अश्योर्ड बायबैक वैल्यू का लाभ उठा सकते हैं- ये फायदे माइलेज की तय सीमा के भीतर, मॉडल की एलिजिबिलिटी और रीटेलर द्वारा पहले से निर्धारित नियमों और शर्तों पर निर्भर करेंगे।

माजा के 50 साल पूरे होने पर स्पेशल कवर जारी

नई दिल्ली। माजा® ने बागों से करोड़ों उपभोक्ताओं तक भारतीय आमों का असली स्वाद पहुँचाने के 50 साल पूरे कर लिए हैं। नेशनल मैंगो डे के अवसर पर कोका-कोला इंडिया और भारत सरकार के डाक विभाग ने माजा के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष लिफाफा (स्पेशल कवर) जारी किया। इस कार्यक्रम में कोका-कोला इंडिया फाउंडेशन आनंदना के प्रोजेक्ट उन्नति से जुड़े आम किसानों को भी सम्मानित किया गया। इसमें उन किसान परिवारों के योगदान को सराहा गया जिन्होंने भारत की आम विरासत को सहेजने में मदद की और माजा के पांच दशकों के सफर को संभव बनाया। इस विशेष लिफाफे का विमोचन भारत सरकार के केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री ने किया। 1976 में अपनी शुरूआत के बाद से ही माजा भारतीय घरों का एक पसंदीदा हिस्सा रहा है, जो देश भर के बागों से आम का बेहतरीन स्वाद लोगों तक पहुँचाता आ रहा है। पिछले पांच दशकों से यह ब्रांड भारत के इस सबसे पसंदीदा फल के स्वाद से लोगों को साल भर जोड़े हुए है।

सेंसेक्स में 364 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। पश्चिम एशिया में जारी संकट के कारण कच्चे तेल के दाम में उछाल से मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 364 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की गिरावट आई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 363.66 अंक यानी 0.47 प्रतिशत टूटकर 76,391.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 603.07 अंक लुढ़ककर 76,151.98 अंक तक आ गया था। वहीं, पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 126.65 अंक यानी 0.53 प्रतिशत टूटकर 23,869.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, इंटरग्लोब एविएशन, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और टाटा स्टील के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इटर्नल और बजाज फिनसर्व के शेयर लाभ में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत 4.52 प्रतिशत बढ़कर 98.32 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गई। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और वैश्विक स्तर पर एआई निवेश को लेकर फिर से बढ़ी चिंताओं ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 819.20 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में संभावित बाधाओं की आशंका के बीच कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंचने से निवेशकों की धारणा महंगाई और कंपनियों के मुनाफे पर पड़ने वाले असर से प्रभावित हुई है। हालांकि, यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में गिरावट का रुख रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 1.10 प्रतिशत टूटा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप 1.07 प्रतिशत के नुकसान में रहा।बीएएसई में सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,684 शेयरों में गिरावट रही जबकि।,556 शेयर लाभ में रहे। वहीं 151 के भाव अपरिवर्तित रहे। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे। सेंसेक्स बुधवार को 715.06 अंक और निफ्टी 191.45 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ था।

रुपया चार पैसे टूटकर 96.57 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे टूटकर 96.57 (अस्थायी) के स्तर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भारतीय मुद्रा पर दबाव पड़ा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संभावित हस्तक्षेप से रुपये को कुछ बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.53 के स्तर पर खुला और कारोबार के दौरान 96.45 से 96.59 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट के साथ 96.57 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया बुधवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 28 पैसे टूटकर 96.53 के स्तर पर बंद हुआ था। कमजोर घरेलू बाजार और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण रुपये पर दबाव रहा। पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच राजनयिक वार्ता से रुपये में तेज गिरावट को रोका जा सकता है। उनके अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपया का हाजिर भाव 96.30 से 96.85 रुपये के दायरे में रहने की उम्मीद है। पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने, विशेषकर हूती विद्रोहियों द्वारा सऊदी तेल टैंकरों पर हमले के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेज उछाल रुपये को प्रभावित करने वाला प्रमुख नकारात्मक कारक है। उन्होंने कहा कि आरबीआई का बाजार में हस्तक्षेप रुपये में तेज गिरावट को रोकने में मदद करेगा। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 101.12 पर लगभग स्थिर रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 2.21 प्रतिशत बढ़कर 96.15 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आपूर्ति की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के कारण कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स लगातार दूसरे दिन गिरावट के साथ 363.66 अंक टूटकर 76,391.39 अंक पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 126.65 अंक गिरकर 23,869.60 अंक पर आ गया।

ईयू ने गूगल पर लगाया एक अरब डॉलर का जुर्माना

ब्रसेल्स। यूरोपीय संघ (ईयू) ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा नियमों के उल्लंघन के आरोप में बृहस्पतिवार को गूगल पर 89 करोड़ यूरो (करीब एक अरब डॉलर) का जुर्माना लगाया है। कंपनी पर आरोप लगाया गया है कि उसने गूगल प्ले ऐप स्टोर और सर्ज इंजन को इस तरह से संचालित किया है, जिससे ग्राहक उसकी ही सेवाओं तथा ऐप की ओर मुड़े रहें। इन सब से प्रतिस्पर्धियों को नुकसान पहुंचा है।

यह बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों पर की गई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। गूगल को हाल ही में एक अन्य मामले में भी झटका लगा था। वह एंड्रॉयड मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम से जुड़े 4.5 अरब डॉलर के प्रतिस्पर्धा नियमों के उल्लंघन पर लगे जुर्माने के खिलाफ अपनी अपील हार गया था। यूरोपीय आयोग की कार्यकारी उपाध्यक्ष (स्वच्छ एवं प्रतिस्पर्धी बदलाव) टेरेसा रिबेरा ने कहा कि सबसे अच्छे उत्पादों को इसलिए सफल होना चाहिए क्योंकि वे बेहतर हैं, न कि इसलिए कि वे उस कंपनी के स्वामित्व में हैं जो सर्च इंजन संचालित करती है। यूरोपीय उपभोक्ताओं को यह जानने का अधिकार है कि ऐप डेवलपर उन्हें सर्वोत्तम पेशकश के लिए कहां पंजीकरण करने को कह रहे हैं, भले ही ऐप स्टोर संचालक को उसमें कोई हिस्सा न मिले।

कमजोर मांग से सोना वायदा कीमतों में गिरावट



नयी दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 180 रुपये की गिरावट के साथ 62,507 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव 180 रुपये यानी 0.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 146,180 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसमें 916 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कमजोरी के रुख के कारण सोना वायदा कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,121.55 डॉलर प्रति औंस रह गया। कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से बृहस्पतिवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत 1236 रुपये की गिरावट के साथ 72,400 रुपये प्रति किग्रा रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्स्चेंज में चांदी के सितंबर महीने में डिलीवरी वाले अनुबंध की कीमत।,236 रुपये यानी 0.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,25,762 रुपये प्रति किलेग्राम रह गया। इसमें 427 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों की बिकवाली के कारण मुख्यतः चांदी वायदा कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी की कीमत 0.23 प्रतिशत की हानि के साथ 59.61 डॉलर प्रति औंस रह गयी।

भंडारण आधारित ई-कॉमर्स में विदेशी निवेश की अनुमति

नयी दिल्ली। सरकार ने केवल निर्यात उद्देश्यों के लिए भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की बृहस्पतिवार को अनुमति दे दी। इस कदम से छोटे खुदरा कारोबारियों के कारोबार पर असर डाले बिना भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, भंडारण-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल के तहत खुदरा कारोबार में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति नहीं है।

भारतीय विक्रेताओं को वैश्विक बाजारों तक आसान और व्यापक पहुंच उपलब्ध कराकर निर्यात बढ़ाने के उद्देश्य से मौजूदा एफडीआई नीति की समीक्षा की गई है। इसके तहत यह निर्णय लिया गया है कि देश में विनिर्मित औराया उत्पादित वस्तुओं एवं उत्पादों के निर्यात के मामले में माल भंडार-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल पर लागू प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाला उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग प्रत्यक्ष विदेशी निवेश से जुड़े मामलों को देखता है। विभाग प्रेस नोट के माध्यम से एफडीआई नीति में बदलाव जारी करता है। मौजूदा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति के अनुसार, कारोबार-से-कारोबार (बी2बी) ई-कॉमर्स और मार्केटप्लेस मॉडल में एफडीआई की अनुमति है। कंपनी-से-उपभोक्ता (बी2सी) मॉडल में ई-कॉमर्स और इन्वेंट्री-आधारित ई-कॉमर्स मॉडल में एफडीआई की अनुमति नहीं है।

भारत रणनीतिक तेल भंडार के दूसरे चरण का निर्माण पीपीपी मॉडल के तहत करेगा



नयी दिल्ली। भारत सरकार रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) कार्यक्रम के दूसरे चरण को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत विकसित करेगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 14,527 करोड़ रुपये है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि जुलाई 2021 में मंजूर एसपीआर कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत ओडिशा और कर्नाटक में दो भंडारण सुविधाएं स्थापित की जाएंगी। इससे कुल 65 लाख टन वाणिज्यिक-सह-रणनीतिक कच्चे तेल भंडारण क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि ओडिशा में 40 लाख टन और कर्नाटक में 25 लाख टन क्षमता की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकार अतिरिक्त रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार स्थापित करने के लिए नए स्थानों का लगातार आकलन भी कर रही है। मंत्री ने कहा कि पहले चरण के तहत इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लिमिटेड (आईएसपीआरएल) के माध्यम से विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन), मंगलुरु (15 लाख टन) और पादुर (25 लाख टन) में कुल 53.3 लाख टन क्षमता वाले रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार स्थापित किए गए हैं। ये सुविधाएं 2016 से 2018 के बीच चालू की गई थीं। इन भूमिगत भंडारों में रखे जाने वाले कच्चे तेल की मात्रा बाजार की मौजूदा परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है। पहले चरण के तहत एसपीआर सुविधाओं के विकास और निर्माण के लिए सरकार की ओर से कोई बजटीय सहायता नहीं दी गई थी। दूसरे चरण के लिए कुल 14,527 करोड़ रुपये की परियोजना लागत के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल प्रस्तावित है। इसमें सरकार की ओर से दी जाने वाली व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) सहायता कुल परियोजना लागत के 60 प्रतिशत तक सीमित होगी। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार स्थापित करने के लिए नए स्थानों का आकलन एक निरंतर प्रक्रिया है। गोपी ने बताया कि आईएसपीआरएल ने अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत संयुक्त अरब अमीरात की ऊर्जा कंपनी को मंगलुरु स्थित 7.5 लाख टन क्षमता वाले भूमिगत भंडार के उपयोग की अनुमति दी गई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने रणनीतिक सहयोग के लिए एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं।

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से ब्रेंट कच्चे तेल का भाव कुछ समय के लिए 100 डॉलर के पार गया

एजेंसी

न्यूयॉर्क। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका के बीच ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत मई के बाद पहली बार कुछ समय के लिए 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई। ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.2 प्रतिशत बढ़कर 99.94 डॉलर प्रति बैरल हो गई और कुछ समय के लिए 100 डॉलर के स्तर को पार कर गई।

यह दो महीने में पहली बार है जब सबसे अधिक कारोबार वाले वायदा अनुबंध ने इस स्तर को छुआ है। कीमतों में यह तेजी लाल सागर में सऊदी अरब के दो तेल टैंकर पर हुए हमलों के बाद आई। ब्रेंट क्रूड की कीमत 6.2 प्रतिशत बढ़कर 99.94 डॉलर प्रति बैरल हो गई और कुछ समय के लिए 100 डॉलर के स्तर को पार कर गई। कुछ सप्ताह पहले ही ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत घटकर 72 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई थी।

सैमसंग इंडिया ने लॉन्च की नयी फोल्डेबल स्मार्टफोन सीरीज

नयी दिल्ली। सैमसंग ने अपने नए फोल्डेबल स्मार्टफोन गैलेक्सी जेड फोल्ड8, गैलेक्सी जेड फोल्ड8 अल्ट्रा और गैलेक्सी जेड फ्लिप8 की भारत में प्री-ऑर्डर बुकिंग शुरू करने की घोषणा की है। नई गैलेक्सी जेड सीरीज सात पीढ़ियों के फोल्डेबल नवाचार पर आधारित है और गैलेक्सी एआई तथा जेमिनी इंटेलीजेंस से लैस है, जो उपयोगकताओं को कम चरणों में कार्य पूरा करने में मदद करती है। साथ ही, यह पारदर्शिता, गोपनीयता और उपयोगकर्ता नियंत्रण को भी प्राथमिकता देती है। पिछली सात जेनरेशन्स में हमारे फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को मिली शानदार प्रतिक्रिया इस श्रेणी में सैमसंग की अग्रणी भूमिका को मजबूत करती है। उपभोक्ता हमारे फोल्डेबल डिवाइसों को उनके आकर्षक डिजाइन और पर्सनलाइज्ड गैलेक्सी एआई अनुभव के लिए पसंद कर रहे हैं, जो उत्पादकता और रचनात्मकता को नई ऊंचाई देते हैं।

पेज एक का शेष

नीट मुद्दे

हुए कहा कि विपक्ष देशहित में हर चुनौती का सामना करेगा। उपसभापति हरिवंश ने उन्हें आगे बोलने की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता को केवल गतिरोध समाप्त करने और नीट प्रश्नपत्र लीक मामले पर चर्चा शुरू कराने के उद्देश्य से बोलने का अवसर दिया गया था, जिसके लिए सरकार पहले ही सहमति जता चुकी है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर विस्तृत चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष केवल विरोध प्रदर्शन करना चाहता है। इसके बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। इससे पहले, पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। दो बजे कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर भी गतिरोध जारी रहा और सदन को तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। सुबह कार्यवाही शुरू होते ही रीजीजू ने कहा कि सरकार आज ही नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है और विपक्ष को बहस के लिए कोई शर्त नहीं रखनी चाहिए।

इस पर खरगे ने कहा कि इस विषय पर चर्चा शुरू होने से पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना होगा। सत्ता पक्ष ने इस पर कड़ा विरोध जताया। दोनों पक्षों की नारेबाजी जारी रहने पर सभापति सी. पी. राधाकृष्णन ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी।

युवाओं का

लिए नीट की दोबारा परीक्षा कराने को प्राथमिकता दी गई, उसका सफलतापूर्वक आयोजन कराया गया और परिणाम भी बिना किसी देरी के घोषित किए गए। बैठक में मौजूद सांसदों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने नीट प्रश्नपत्र लीक को घोर पाप बताया। यह परीक्षा मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हालांकि पुनः परीक्षा से छात्रों को असुविधा हुई, लेकिन सरकार ने न केवल बिना विलंब के परीक्षा आयोजित करायी, बल्कि दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए प्रतिष्ठित वकीलों की भी सेवाएं लीं। सांसदों के अनुसार, मोदी ने स्पष्ट कहा कि छात्रों के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों को गुमराह करना आसान है, लेकिन उन्हें सही रास्ता दिखाना कठिन होता है। प्रधानमंत्री ने दोषियों को सजा दिलाने और सभी के सहयोग से ऐसी अचूक व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न हों।परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आंदोलन का नेतृत्व कर रही कॉजपा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तत्काल बर्खास्त करने तथा नीट प्रश्नपत्र लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक 28 जून से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। उन्होंने कॉजपा के आंदोलन में शामिल होने के बाद यह अनशन शुरू किया था।

आस्था पर

ध्यान देने के साथ ही खाली स्थानों पर पौधरोपण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कूड़ा सड़क पर न फेंकें और न ही नाली में डालें। नालों पर अतिक्रमण न करें, इससे जलनिकासी बंद हो जाएगी तथा मच्छरों व बीमारियों को पनपने का मौका मिलेगा। शुद्ध पेयजल का इस्तेमाल करें। इससे हम विषाणुजनित बीमारियों से बच सकेंगे। हमें स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना होगा। सभी लोग खाली स्थानों पर एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाएं और जो भी पौधे लगाएं, उसकी सुरक्षा भी करें। उन्होंने लोगों को सार्वजनिक जमीनों पर अतिक्रमण से बचने की सलाह देते हुए कहा कि जब आवागमन तीव्र गति से होगा तो हम अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में सफल होंगे। विकास से न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य को भी बेहतर बना सकेंगे।

हर पंप पर

लगभग 160 रुपये प्रति लीटर है, जबकि 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित सामान्य पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपये प्रति लीटर है। सरकार ने यह भी कहा कि यदि भविष्य में ई20 से अधिक इथेनॉल मिश्रण बढ़ाने पर विचार होगा तो उससे पहले विस्तृत वैज्ञानिक और तकनीकी अध्ययन किए जाएंगे तथा वाहन निमार्ता कंपनियों, तेल विपणन कंपनियों और अनुसंधान संस्थानों से सलाह ली जाएगी। सरकार के अनुसार एक्सपी-100, पॉवर-100 और स्पीड-100 जैसे प्रीमियम पेट्रोल विशेष प्रदर्शन वाले ईंधन हैं। इनमें ऐसे एडिटिव्स मिलाए जाते हैं जो वाहन के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए तैयार किए गए हैं। इसी कारण इनमें इथेनॉल मिश्रण नहीं किया जाता।

दूसरी ओर सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की ईंधन कंपनियों को इथेनॉल ब्लेंडेड पेट्रोल (इबीपी) कार्यक्रम के तहत सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अधिकतम 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की आपूर्ति करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने यह भी बताया कि न्यूनतम 95 रिसर्च ऑक्टेन नंबर (आरओएन) वाला इथेनॉल मिश्रित मोटर स्पिरिट एक अप्रैल 2026 से अधिसूचित किया जा चुका है।

गंगा किनारे

आकाश वशिष्ठ ने पटना में गंगा नदी के किनारे और नदी क्षेत्र में सैकड़ों अतिक्रमणों का मुद्दा उठाया। वशिष्ठ ने कहा कि ऐसी स्थिति होने के बावजूद राज्य के अधिकारी इस मामले में कोई कार्वाई नहीं कर रहे हैं और उन्हें कम से कम इस मामले को देखना चाहिए। अदालत पटना निवासी अशोक कुमार सिन्हा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के 30 जून 2020 के आदेश को चुनौती दी थी। एनजीटी ने पर्यावरण की दृष्टि से गंगा के संवेदनशील डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ सिन्हा की याचिका खारिज कर दी गई थी। उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया है कि एनजीटी ने बाढ़ क्षेत्र में अतिक्रमण करने वाले लोगों और अवैध निर्माणों की विस्तृत जानकारी की जांच किए बिना ही आदेश पारित कर दिया था।

दुराचार और हत्या

की रात को गांव के शादी कार्यक्रम में गया था। रात में घर नहीं आया। सुबह खोजने पर घर से करीब 400 मीटर दूर रास्ते के बगल में झाड़ी में उसका शव पड़ा मिला, जिसके गर्दन पर घाव थे। मुकेश निषाद पुत्र रामसुंमिरन व रामविजय निषाद पुत्र रामबली एंव रामबली पुत्र अज्ञात द्वारा रंजिशवश मेरे बेटे की हत्या कर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग दर्ज करते हुए विवेचनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्राधिकारी कैसरगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। घटना के अनावरण के लिए थाना कैसरगंज पुलिस टीम द्वारा गहन पूछताछ एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त द्वारा बालक की हत्या से पूर्व बालक का दुष्कर्म किया गया था, जिसके सम्बन्ध में वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किये गये थे। पुलिस टीम द्वारा ग्राम घाघी रघौली मंझारा तौकली स्थित एक बाग से अभियुक्त मुकेश कुमार निषाद (20) पुत्र राम सुमिरन निवासी ग्राम दयालपुरवा दा0 मंझारा तौकली थाना कैसरगंज जनपद बहराइच को 13 मई 2026 को गिरफ्तार किया गया। उसने स्वीकार किया कि उसने लक्ष्मण निषाद से रंजिश को लेकर उसके बेटे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म कर उसकी निर्मम हत्या की थी।

श्रमिकों के

बल्कि उन लोगों के जीवन को बेहतर बनाना भी जरूरी है, जो इन परियोजनाओं के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसी उद्देश्य से श्रमिकों और उनके परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कल्याणकारी योजनाओं को व्यापक रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से संचालित योजनाओं में श्रमिक परिवारों की मूलभूत जरूरतों को केंद्र में रखा गया है। स्वास्थ्य सुविधा, बच्चों की शिक्षा, पोषण, आवास और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का लाभ पात्र श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। उद्देश्य है कि श्रमिक परिवार आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण श्रमिकों को कई बार ऐसे स्थानों पर काम करना पड़ता है, जहां आसपास स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं होतीं। ऐसे श्रमिकों की सुविधा के लिए दो मोबाइल मेडिकल वैन शुरू की गई हैं। इनके माध्यम से निर्माण स्थलों और श्रमिक क्षेत्रों में आवश्यक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिकों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए उनके कार्य से जुड़े संसाधनों की उपलब्धता भी महत्वपूर्ण है। कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से पात्र श्रमिकों को औजार, साइकिल और सिलाई मशीन जैसी आवश्यक सामग्री प्रदान की जा रही है। इससे उन्हें अपने काम को सुचारू रूप से संचालित करने के साथ आय के साधनों को बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के श्रमेव जयते के संदेश से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार श्रमिकों के अधिकारों, सम्मान और कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य तभी सफल माना जाएगा, जब उनका लाभ पात्र व्यक्ति तक बिना किसी परेशानी के पहुंचे। कार्यक्रम में विधायक उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर एवं दुर्गेश्वर लाल, राज्य सलाहकार संविदा बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत, सतर्कता समिति की अध्यक्ष गीता रावत, मीडिया समिति के अध्यक्ष प्रो. गोविंद सिंह, सचिव श्रीधर बाबू अद्यांकी, श्रमायुक्त पीसी दुम्का सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य प्रणालियों

माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि भारत ने जन-कें



भारत ने जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराया

टी-20 : श्रेयस की कप्तानी में पहली जीत, सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली

एजेंसी



हरारे। भारत ने पहले टी-20 में जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हरारे में जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 125 रन बनाए। जवाब में भारत ने 13.2वें ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। वैभव सूर्यवंशी ने 15 साल 118 दिन की उम्र में अर्धशतक जड़कर इतिहास रच दिया। वे टी-20 इंटरनेशनल में फिफ्टी लगाने वाले दुनिया के सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए। उन्होंने जिब्राल्टर के लुई ब्रूस का रिकॉर्ड तोड़ दिया। ब्रूस ने 16 साल 56 दिन में यह उपलब्धि हासिल की थी। यह श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत की पहली जीत भी रही। इससे पहले उन्हें आयरलैंड सीरीज में 2-0 और इंग्लैंड सीरीज में 4-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

वेस्ली मधेवेरे ने सबसे ज्यादा 39 रन की पारी खेली। आखिर में तदिवानाशे मरुमानी ने नाबाद 27 रन जोड़कर टीम को 100 के पार पहुंचाया। भारत की ओर से मयंक यादव और प्रिंस यादव ने 2-2 विकेट लिए। मयंक ने पारी की पहली ही गेंद पर ब्रायन बेनेट को आउट किया और फिर डियोन मायर्स का विकेट भी झटका। शिवम दुबे और रवि बिश्नोई को 1-1 विकेट मिला। वेस्ली मधेवेरे रन आउट हुए। भारत ने जिम्बाब्वे को पहले टी-20 में 7 विकेट से हरा दिया। 126 रन के टारगेट का पीछा करते हुए भारत ने 13.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 126 रन बनाए। ब्लेसिंग मुजाराबानी ने 12वें ओवर में भारत को दूसरा झटका दिया। उन्होंने ईशान किशन को 24 गेंदों पर 35 रन के स्कोर पर आउट किया। गेंद अतिरिक्त उछाल के साथ बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और कवर पर खड़े डियोन मायर्स ने कैच लपक लिया। सूर्यवंशी ने 15 साल 118 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाकर इतिहास रच दिया। वे टी-20 इंटरनेशनल में फिफ्टी लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 16 साल 56 दिन की उम्र में अर्धशतक लगाने वाले जिब्राल्टर के लुई ब्रूस का रिकॉर्ड तोड़ा। वैभव सूर्यवंशी ने 19 गेंदों पर अपना पहला इंटरनेशनल अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर आउट हो गए। रिचर्ड नगारवा की गेंद पर वे कवर की दिशा में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप थर्ड पर बेन करन को कैच दे बैठे। सूर्यवंशी ने 19 गेंदों पर 50 रन बनाए, जिसमें 4 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। भारत ने 6 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 66 रन बना लिए हैं। ईशान किशन ने इस ओवर में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 3 चौके लगाए और 11 गेंदों पर 16 रन बना लिए हैं। वैभव सूर्यवंशी 17 गेंदों पर 48 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

भारत को जीत के लिए 60 रन और चाहिए। भारत ने 5 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 52 रन बना लिए हैं। वैभव सूर्यवंशी शानदार बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंदों पर 48 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने इस ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाया, जबकि ईशान किशन 5 गेंदों पर 2 रन पर हैं। भारत को जीत के लिए 74 रन और चाहिए। ब्लेसिंग मुजाराबानी ने तीसरे ओवर में जिम्बाब्वे को पहली सफलता दिलाई। उन्होंने अभिषेक शर्मा को 8 गेंदों पर 1 रन के स्कोर पर आउट किया। अभिषेक ने गेंद को हवा में थर्ड मैन की ओर खेल दिया, जहां ब्रैड इवांस ने आसान कैच लपक लिया। दूसरे ओवर में वैभव सूर्यवंशी ने शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने रिचर्ड नगारवा के ओवर में दो छक्के और एक चौका लगाया, जिससे भारत ने ओवर से 20 रन बटोरे। 2 ओवर के बाद भारत का स्कोर बिना विकेट खोए 22 रन है और सूर्यवंशी 8 गेंदों पर 20 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारत ने 126 रन के टारगेट का पीछा करते हुए पहले ओवर में 2 रन बनाए। अभिषेक शर्मा 4 गेंदों पर 1 रन और वैभव सूर्यवंशी 2 गेंदों पर 1 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजाराबानी ने पहला ओवर मेडन नहीं, बल्कि 2 रन देकर पूरा किया। जिम्बाब्वे ने आखिरी ओवर में 8 रन बनाए और 2 विकेट गंवाए। इसके बावजूद तदिवानाशे मरुमानी के 20 गेंदों पर नाबाद 27 रन की मदद से जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 125 रन बनाए। भारत को जीत के लिए 126 रन का टारगेट मिला है। 16वें ओवर में जिम्बाब्वे के वेस्ली मधेवेरे ने तेज बल्लेबाजी की। उन्होंने अशोक शर्मा की लगातार दो गेंदों (15.4 और 15.5) पर चौके लगाए। पहले शॉर्ट गेंद को विकेटकीपर के ऊपर से अपर कट किया, फिर ऑफ स्टंप के बाहर अच्छी लेंथ की गेंद को फाइन थर्ड की ओर खेलकर चौका बटोरा। ओवर की आखिरी गेंद पर एक रन लेकर उन्होंने स्ट्राइक अपने पास रखी। 16 ओवर के बाद जिम्बाब्वे का स्कोर 89/5 है। मधेवेरे 23 रन (25 गेंद) और तदिवानाशे मरुमानी 9 रन (7 गेंद) बनाकर क्रीज पर हैं। अशोक शर्मा ने अपने 4 ओवर में 29 रन दिए, लेकिन कोई विकेट नहीं मिला। रवि बिश्नोई ने 14वें ओवर में भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। उन्होंने रयान बर्ल को 35 गेंदों पर 26 रन के स्कोर पर आउट किया। बर्ल ने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन तिलक वर्मा ने बाउंड्री से कुछ गज अंदर शानदार कैच लपक लिया।

शिवम दुबे ने 8वें ओवर में भारत को चौथी सफलता दिलाई। उन्होंने जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा को 7 गेंदों पर 4 रन के स्कोर पर आउट किया। रजा ने डीप स्क्वायर लेग की दिशा में शॉट खेला, जहां सब्स्टीट्यूट सूर्यांश शेडगे ने आसान कैच लपक लिया। जिम्बाब्वे ने पावरप्ले में 6 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 26 रन बनाए। कप्तान सिकंदर रजा 6 गेंदों पर 4 रन और रयान बर्ल 8 गेंदों पर 1 रन बनाकर क्रीज पर हैं। मयंक यादव ने 5वें ओवर में भारत को तीसरी सफलता दिलाई।

उन्होंने डियोन मायर्स को 14 गेंदों पर 6 रन के स्कोर पर आउट किया। मायर्स ने गेंद को मिड-ऑन के ऊपर से खेलने की कोशिश की, लेकिन शिवम दुबे ने आसान कैच लपक लिया। प्रिंस यादव ने भारत को दूसरी सफलता दिलाई। उन्होंने 3.2 ओवर में बेन करन को आउट किया। शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पर करन ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन बल्ले का अंदरूनी किनारा लगा और मिडविकेट पर वैभव सूर्यवंशी ने शानदार कैच लपक लिया। करन 8 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हुए। जिम्बाब्वे की पारी के पहली ही गेंद पर मयंक यादव ने ब्रायन बेनेट को आउट कर भारत को शानदार शुरूआत दिलाई। गेंद ऑफ स्टंप के बाहर पिच होकर बाहर निकली और बेनेट के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों में गई।

लवलीना ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पहला पदक सुनिश्चित किया



ग्लास्गो। लवलीना बोरगोहेन ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का पहला पदक सुनिश्चित कर दिया जब उन्हें महिलाओं के 75 किलो वर्ग के सेमीफाइनल में सीधे प्रवेश मिला जिससे कम से कम कांस्य पक्का हो गया। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना को पांच मुक्केबाजों के ड्रॉ में पहले दौर में बाय मिला जिससे अंतिम चार में उनका प्रवेश तय हो गया। लवलीना का सामना 31 जुलाई को सेमीफाइनल में तुवालू की टीकेबीपी ताफाकी से होगा।

यह 28 वर्ष की लवलीना का राष्ट्रमंडल खेलों में पहला पदक है। वह ओलंपिक, विश्व चैम्पियनशिप, एशियाई खेल और एशियाई चैम्पियनशिप पदक जीत चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर भारतीय मुक्केबाजी के दिग्गज और पूर्व कोच मोहम्मद अली कमर का मानना है कि देश ने ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ महिला टीम उतारी है और इसकी सभी सातों सदस्य पदक जीतने में सक्षम हैं। भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 14 सदस्यीय मुक्केबाजी टीम का चयन किया है, जिसमें सात पुरुष और सात महिलाएं शामिल हैं। मुक्केबाजी प्रतियोगिता शुक्रवार से शुरू होगी। तोक्यो ओलंपिक सहित लगभग छह वर्ष तक भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच रहे कमर ने पीटीआई से कहा, राष्ट्रमंडल खेलों में हमारे मुक्केबाजों ने हमेशा पदक जीते हैं। अभी जिन मुक्केबाजों का चयन किया गया है वे बहुत अनुभवी हैं। उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि भारत राष्ट्रमंडल खेलों में अच्छा प्रदर्शन करेगा। मैनचेस्टर में 2002 में खेले गए राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले कमर ने कहा, तोक्यो ओलंपिक के लिए मैंने जिन मुक्केबाजों को तैयार किया था, उनमें से कई राष्ट्रमंडल खेलों में भाग ले रही हैं, जैसे जैस्मीन (लैम्बोरिया, 57 किलो) और लवलीना (बोर्गोहेन, 75 किलो)। हमने अरुंधति चौधरी (70 किलो) को स्पैरिंग पार्टनर (अभ्यास की साथी) के रूप में रखा था।

प्रिया (60 किलो) युवा वर्ग से सीनियर वर्ग में आई हैं। वह अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। इसलिए मुझे सभी सातों महिला मुक्केबाजों से पदक की उम्मीद है। उन्होंने कहा लवलीना अच्छा प्रदर्शन करेगी। अरुंधति, साक्षी, परवीन (65 किलो), जैस्मीन, प्रीति (पवार, 54 किलो), प्रिया। ये सभी अच्छी मुक्केबाज हैं। मुझे उम्मीद है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगी और जीतने में सफल रहेंगी।

संक्षेप

अनाहत विश्व जूनियर स्क्वाश क्वार्टर फाइनल में

नयी दिल्ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए मलेशियाई खिलाड़ी डॉयस ये सान ली को आसानी से हराकर कनाडा के ओंटारियो में चल रही विश्व स्क्वाश जूनियर व्यक्तिगत चैंपियनशिप के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला विश्व रैंकिंग में 20वें स्थान पर काबिज और पिछली बार की कांस्य पदक विजेता अनाहत ने बुधवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की अपनी प्रतिद्वंद्वी को 11-4, 11-8, 11-3 से हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला मिस्र की हबीबा रिज्क से होगा। पुरुष वर्ग में हालांकि भारत को निराशा हाथ लगी तथा आर्यवीर दीवान अंतिम 16 से आगे नहीं बढ़ पाए। एशियाई अंडर-19 चैंपियन आर्यवीर अमेरिकी खिलाड़ी यासीन शलाबी से 4-11, 1-11, 5-11 से हार गए।

धैर्य बनाए रखना और सरकार पर भरोसा करना महत्वपूर्ण है : शिखर

नयी दिल्ली। पूर्व भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने नीट परीक्षाओं में अनियमितताओं के विरोध में देश भर में हो रहे प्रदर्शनों के बीच बृहस्पतिवार को छात्रों से धैर्य बनाए रखने और देश की संस्थाओं और शासन व्यवस्था पर भरोसा रखने का आग्रह किया। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के अनशन के बीच चल रहे विरोध प्रदर्शन हाल के दिनों में हिंसक हो गए, जिसमें छात्रों और पुलिस के बीच झड़प हुई है और दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू क्रिकेट से 2024 में संन्यास लेने वाले शिखर धवन ने एक्स पर पोस्ट किया, हमारे युवा हमारे देश का भविष्य हैं।

आत्मविश्वास जगाने वाली शिक्षा प्रणाली की जरूरत : अभिनव

नयी दिल्ली। भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने नीट परीक्षा में अनियमितताओं के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि देश को एक ऐसी शिक्षा प्रणाली की जरूरत है जो आत्मविश्वास जगाए। बिंद्रा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को हटाने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन पर प्रत्यक्ष टिप्पणी करने से परहेज किया, लेकिन एक पारदर्शी और योग्यता-आधारित प्रणाली की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया मैंने कभी खुद को राजनीतिक व्यक्ति नहीं माना।

ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल : भारत ने महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को हराया

एजेंसी



ग्लास्गो। भारत ने ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बृहस्पतिवार को महिला पेयर्स बॉल्स स्पर्धा में माल्टा को रोमांचक टाई-ब्रेक में हराकर अपने अभियान की जीत से शुरुआत की। भारत की रूपा रानी टिर्की (लीड) और पिंकी (स्किप) ने पहला सेट 7-1 से अपने नाम किया।

हालांकि दूसरे सेट में उन्हें माल्टा की रेबेका लूसी रिक्सन (लीड) और कोनी ले रिक्सन (स्किप) की जोड़ी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद ग्रुप बी के पहले दौर के मुकाबले का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ।

टाई-ब्रेक में भारतीय टीम अपने प्रतिद्वंद्वियों से पीछे चल रही थीं लेकिन अंत में पिंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी आखिरी बॉल के साथ निर्णायक बढ़त दिलाते हुए भारत को जीत दिला दी। भारतीय महिला पेयर्स टीम शुक्रवार को ग्रुप बी के अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। टिर्की और पिंकी दोनों ही 2022 के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला फोर्स टीम का हिस्सा थीं।

हालांकि, ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बॉल्स प्रतियोगिता से पुरुष और महिला फोर्स स्पर्धाओं को हटा दिया गया है। इस बार केवल पुरुष और महिला एकल तथा पुरुष और महिला युगल स्पर्धाएं ही शामिल की गई हैं।

एसए20 : सनराइजर्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच होगा पहला मैच

एजेंसी



जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका की घरेलू क्रिकेट लीग एसए20 का पांचवा सत्र 17 जनवरी को शुरू होगा, जिसमें पहला मुकाबला मौजूदा चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप और प्रिटोरिया कैपिटल्स के बीच गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में खेला जाएगा। प्रिटोरिया कैपिटल्स के मुख्य कोच पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली और कप्तान केशव महाराज हैं। उसकी टीम पिछले सत्र में फाइनल में पहुंची थी।

सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने खिलाड़ियों और कप्तानी में बदलाव के बावजूद अपना दबदबा बरकरार रखा है। उसने मुख्य कोच एड्रियन बिरेरेल की मौजूदगी में एक बार फिर से चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इसे देखते हुए इन दोनों टीम के बीच पहला मुकाबला काफी रोमांचक होने की संभावना है। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में डरबन सुपर जायंट्स, जोबर्ग सुपर किंग्स, एमआई केप टाउन, प्रिटोरिया कैपिटल्स, पार्ल रॉयल्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप शामिल हैं। इन सभी फ्रेंचाइजी का पूर्ण या आंशिक स्वामित्व आईपीएल टीम के मालिकों के पास है। प्लेऑफ की शुरुआत 16 फरवरी को पार्ल में क्वालीफायर एक से होगी।

इसके बाद 17 फरवरी को जोहानिसबर्ग में एलिमिनेटर और 19 फरवरी को क्वालीफायर दो खेला जाएगा। फाइनल 21 फरवरी को केप टाउन में होगा। इस सत्र में चार डबल-हेडर मैच होंगे। इनमें से पहला 23 जनवरी को होगा जब डरबन सुपर जायंट्स किंग्समीड में प्रिटोरिया कैपिटल्स की मेजबानी करेगी, जिसके बाद उसी दिन जोबर्ग सुपर किंग्स वांडरर्स में सनराइजर्स ईस्टर्न केप का सामना करेगी। इसके बाद 30 जनवरी, छह फरवरी और 13 फरवरी को भी दो-दो मैच खेले जाएंगे।

एसए20 लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा, एसए20 के पांचवें सत्र की शुरुआत पिछले साल फाइनल में जगह बनाने वाली दोनों टीम के बीच होने वाले मैच से होगी और यह रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। सत्र की शुरुआत का इससे बेहतर कोई बेहतर तरीका नहीं हो सकता। वहीं दूसरी ओर भारत के 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र में अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने बृहस्पतिवार को हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सिर्फ 18 गेंद में यह उपलब्धि हासिल की।

भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों में स्थायी संस्थागत विरासत छोड़ेगा : मांडविया

एजेंसी

ग्लास्गो। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2030 में अहमदाबाद में आयोजित होने वाले 100वें राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करते समय भारत एक स्थायी संस्थागत विरासत छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मांडविया ने यहां आयोजित राष्ट्रमंडल खेल मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अधिक मजबूत और सदस्य-प्रधान ढांचे की जरूरत पर जोर दिया।

खेल मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार उन्होंने कहा, 2030 के शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों और अहमदाबाद में आयोजित होने वाली 13वीं राष्ट्रमंडल खेल मंत्रियों की बैठक के मेजबान के रूप में हम उत्कृष्ट खेलों का आयोजन करने के साथ राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एक स्थायी संस्थागत विरासत छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मांडविया ने संचालन व्यवस्था में किए गए सुधारों, मजबूत एंटी डोपिंग ढांचे और जमीनी स्तर पर प्रतिभा निखारने के लिए खेलो इंडिया जैसी पहल का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत राष्ट्रमंडल खेल समन्वय मंच की स्थापना की योजना का दृढ़ता से समर्थन करता है जो मंत्रिस्तरीय फैसलों को अमल में लाने के लिए एक सालाना मंच के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा भारत 2030 से पहले की तैयारियों के दौरान बैठकों, तकनीकी कार्यशालाओं और क्षेत्रीय परामर्शों की मेजबानी करके खुश होगा।

द ओवल में नौ जून से खेला जाएगा 2027 विश्व टेस्ट फाइनल

एजेंसी



लंदन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि 2027 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल नौ से 13 जून तक द ओवल में खेला जाएगा। इंग्लैंड ने पिछले साल 2027, 2029 और 2031 के अगले तीन डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी के अधिकार हासिल किए थे। प्रत्येक चरण के लिए मैदान का चयन मेजबान बोर्ड इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) करेगा। अब तक खेले गए डब्ल्यूटीसी के तीनों फाइनल भी ब्रिटेन में ही आयोजित हुए हैं। यह दूसरा मौका होगा जब द ओवल डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी करेगा।

इससे पहले 2023 में यहां फाइनल खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराकर टेस्ट चैंपियनशिप की गदा (मेस) अपने नाम की थी। मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र के समाप्त होने में अब एक साल से भी कम समय बचा है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ रोमांचक मोड़ पर पहुंच गई है। अब भी सभी नौ टीमें फाइनल की दौड़ में बनी हुई हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपने आठ में से सात टेस्ट जीतकर 87.50 प्रतिशत अंक के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर मजबूत पकड़ बना रखी है।

उसके बाद मौजूदा चैंपियन दक्षिण अफ्रीका 75 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड 72.22 प्रतिशत अंक के साथ दक्षिण अफ्रीका के करीब बना हुआ है जबकि बांग्लादेश ने मई में पाकिस्तान को 2-0 से हराकर 58.33 प्रतिशत अंक के साथ फाइनल की दौड़ में अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल खेल चुकी भारतीय टीम नौ टेस्ट में चार जीत के बाद 48.15 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर है।

उसके ठीक पीछे श्रीलंका 41.67 प्रतिशत अंक प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर है। इंग्लैंड (24.36 प्रतिशत), वेस्टइंडीज (15 प्रतिशत) और पाकिस्तान (8.33 प्रतिशत) को फाइनल में पहुंचने के लिए अंक तालिका में लंबी छलांग लगानी होगी। जुलाई और अगस्त के दौरान डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ और भी तेज होने वाली है क्योंकि कई महत्वपूर्ण टेस्ट श्रृंखलाएं अंक तालिका की तस्वीर बदल सकती हैं। वेस्टइंडीज 25 जुलाई से अपने घर में पाकिस्तान के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगा। दोनों टीमों के लिए यह अंक हासिल करने का महत्वपूर्ण अवसर होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया 13 अगस्त से बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की घरेलू श्रृंखला में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ और मजबूत करने की कोशिश करेगा।

सिंधू चाइना ओपन के दूसरे दौर से बाहर

चांग्झू। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू शुरुआती बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और बृहस्पतिवार को यहां दूसरे दौर के मैच में चीन की खिलाड़ी चेन युफेई से तीन गेम के कड़े मुकाबले में हारकर चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस मैराथन मुकाबले में सिंधू विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी युफेई से 21-16, 20-22, 18-21 से हार गईं। हैदराबाद की रहने वाली 30 वर्षीय सिंधू ने पिछले सप्ताह जापान ओपन जीतकर लंबे समय से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था और उन्हें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। पहले गेम से ही यह स्पष्ट हो गया था कि मुकाबला काफी कड़ा होने वाला है। भारतीय खिलाड़ी ने पहले गेम में 7-13 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर दिया था।

अंडर-19 : भारत ने श्रीलंका को 211 रन से हराया



एजेंसी

कोलंबो। लेग स्पिनर रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज सी वेंकट ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे भारत अंडर-19 टीम ने बृहस्पतिवार को यहां दूसरे युवा टेस्ट के चौथे और अंतिम दिन श्रीलंका अंडर-19 को 211 रन से हरा दिया। पहले मैच ड्रॉ रहने के भारत अंडर-19 टीम ने दो मैच की श्रृंखला 1-0 से जीती। भारतीय टीम ने इससे पहले युवा एकदिवसीय श्रृंखला 1-2 से गंवाई थी। भारत अंडर-19 के 472 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम लंच के ब्रेक के बाद 76.5 ओवर में 260 रन पर सिमट गई। कल 55 रन बनाकर खेल रहे कप्तान विमथ दिनसारा सुबह के सत्र मे आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे। वह 64 रन बनाने के बाद तेज गेंदबाज प्रणव राघवेंद्र का शिकार बने।

वेंकट (27 रन पर तीन विकेट) ने कल रात भारत को जीत की राह पर पहुंचाया था जिसके बाद सुबह के सत्र में रोहित (49 रन पर चार विकेट) ने श्रीलंकाई टीम का स्कोर नौ विकेट पर 242 रन किया। सेथमिका सेनेविरत्ने (42 रन, 49 गेंद, छह चौके, एक छक्का) कुछ देकर संघर्ष किया लेकिन हार को कुछ देर के लिए ही टाल पाए।

ऑफ स्पिनर जे हेमुचुदेशन ने सेनेविरत्ने को आउट करके श्रीलंका की पारी का अंत किया। वहीं दूसरी ओर भारतीय मूल के खिलाड़ी आर्यन शर्मा और जेसन सांघा को ऑस्ट्रेलिया की उस डेवलपमेंट टीम में शामिल किया गया है जो अगले महीने एमआरएफ पेस अकादमी में प्रशिक्षण लेगी। ऑस्ट्रेलिया की यह टीम एमआरएफ अकादमी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए एक से 13 अगस्त तक चेन्नई की यात्रा करेगी।

यूपी टी-20 : 250 से अधिक खिलाड़ियों पर लगेगी बोली



नयी दिल्ली। यूपीटी20 लीग की संचालन परिषद के अध्यक्ष संजय कपूर ने कहा कि इस प्रतियोगिता को पहली बार दो अलग-अलग शहरों में आयोजित करने से साजो सामान संबंधी चुनौती पेश होगी लेकिन इससे अधिक लोगों को लीग से जोड़ने में मदद मिलेगी। चौथी यूपीटी20 लीग 14 अगस्त से लखनऊ और कानपुर में खेली जाएगी। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में काशी रुद्र का मुकाबला मौजूदा चैंपियन मेरठ मावेरिक्स से होगा। कपूर ने बयान में कहा, इस लीग

यूपीटी20 लीग का दो शहरों में आयोजन से लोगों को जोड़ने में मदद मिलेगी : संजय कपूर

की नीलामी और मैचों का आयोजन अलग-अलग शहरों में करना महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इससे हालांकि साजो सामान से जुड़ी कुछ चुनौतियां हैं लेकिन इससे अधिक लोगों को लीग से जोड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, इस साल मैच लखनऊ और कानपुर में खेले जाएंगे, जबकि नीलामी आगरा में होगी, जिसका मतलब है कि यूपीटी20 पहले ही उत्तर प्रदेश के तीन महत्वपूर्ण शहरों से जुड़ चुका है। लीग का उद्घाटन समारोह और पहला चरण लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसके बाद टूर्नामेंट कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला जाएगा। लीग में कुल 24 मैच खेले जाएंगे। पिछले तीन सीजन में कई खिलाड़ियों ने इस लीग में शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। यही कारण है कि इस बार लीग को और अधिक आकर्षक तथा प्रतिस्पर्धात्मक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि लीग का आयोजन पूरी तरह आईपीएल की तर्ज पर किया जाएगा। खिलाड़ियों के चयन से लेकर मैचों के आयोजन, प्रसारण, तकनीकी व्यवस्था और दर्शकों के अनुभव तक हर पहलू को पेशेवर तरीके से तैयार किया गया है। इस बार भी लीग के सभी मुकाबलों का जियो हॉटस्टार पर सीधा प्रसारण होगा, जिससे देशभर के क्रिकेट प्रेमी मुकाबलों का आनंद ले सकेंगे। डॉ. कपूर ने बताया कि 24 जुलाई को होने वाले खिलाड़ियों के ऑक्शन में 250 से अधिक खिलाड़ियों पर बोली लगेगी।

यूपीटी20 लीग का चौथा सीजन 14 अगस्त से, जल्द शुरू होगी महिला टी20 लीग

ईरान पर अमेरिकी हमले जारी

दोनों पक्षों ने असैन्य बुनियादी ढांचों को बनाया निशाना

दुबई। अमेरिकी सेना ने बुधवार को घोषणा की कि वह ईरान पर लगातार 12वीं रात भी हवाई हमले कर रही है। इन हमलों में दोनों पक्षों की ओर से असैन्य बुनियादी ढांचों को भी निशाना बनाया जा रहा है। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि इन हमलों का उद्देश्य क्षेत्रीय समुद्री मार्गों से गुजरने वाले असैन्य नाविकों और वाणिज्यिक जहाजों को खतरा पहुंचाने की ईरान की क्षमता को और कमजोर करना है। अमेरिका, होर्मुज जलडमरूमध्य पर फिर से नियंत्रण स्थापित करने और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार को सामान्य करने का प्रयास कर रहा है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को चेतावनी दी थी कि यदि ईरान जलडमरूमध्य में किसी जहाज पर हमला करेगा तो अमेरिका उसके जवाब में एक पुल या बिजली संयंत्र को नष्ट कर देगा। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, अब से, इस्लामी गणराज्य ईरान जब भी होर्मुज जलडमरूमध्य में किसी जहाज पर मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन या किसी अन्य हथियार से निशाना साधेगा, अमेरिका उसके एक पुल या बिजली संयंत्र पर बमबारी करेगा और उसे नष्ट कर देगा। अमेरिका की ओर से लगातार हवाई हमले



ऐसे समय जारी हैं, जब कूटनीतिक प्रयासों में सार्वजनिक रूप से कोई खास प्रगति दिखाई नहीं दे रही है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े हुए हैं। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि उनका देश जैसे को तैसा की रक्षा नीति अपनाएगा। उन्होंने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किया, ईरान या उसके बुनियादी ढांचे के खिलाफ किसी भी प्रकार की आक्रामक कार्रवाई का शक्तिशाली और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि बुधवार देर रात अमेरिकी मिसाइलों ने पश्चिमी ईरान के अहवाज, रमशीर और अंदीमेश्क शहरों के निकट स्थित स्थलों को निशाना बनाया। सरकारी मीडिया के अनुसार, इराक सीमा पर स्थित शलमचेह कस्बे में अमेरिकी मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत हो गई। इस बीच, कुवैत के सैन्य अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी वायु रक्षा प्रणाली ईरान की निंदनीय आक्रामक कार्रवाई के बाद शत्रुतापूर्ण ड्रोन हमलों का मुकाबला कर रही है। अमेरिकी हमलों के जवाब में ईरान ने पड़ोसी खाड़ी देशों के ऊर्जा प्रतिष्ठानों और समुद्री जल को शोधित कर पेयजल उपलब्ध कराने वाले विलवणीकरण संयंत्रों को निशाना बनाया है।

अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत सामान्यतः ऐसे बुनियादी ढांचे पर हमला प्रतिबंधित है, जब तक कि उनका उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए न किया जा रहा हो।

सरकार का संकल्प देश के युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करना है: शाह



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि युवाओं का कल्याण और उनका उज्ज्वल भविष्य मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता भी है और संकल्प भी है। मंत्री ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक संदेश में कहा कि प्रश्नपत्र लीक मामलों की सुनवाई में तेजी लाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा त्वरित अदालतें स्थापित करने का निर्णय उनकी इसी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि प्रश्नपत्र लीक के जरिए युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह अहम कदम एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के युवाओं का कल्याण उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं के भविष्य को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। नीट परीक्षा में गड़बड़ियों और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) के नेतृत्व में हजारों छात्रों के संसद चलो मार्च में शामिल होने के तीन दिन बाद मोदी ने युवाओं से संपर्क साधा। मार्च के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े, जिससे कई छात्र घायल हो गए। विरोध मार्च को रोकने की कोशिश में 100 से अधिक पुलिसकर्मी भी घायल हुए। मोदी ने एक्स पर अपने संदेश में यह भी कहा कि सरकार ने प्रश्नपत्र लीक में शामिल लोगों को जल्द और कड़ी सजा दिलाने के लिए त्वरित अदालत बनाने का फैसला किया है। मोदी ने कहा कि हमारे युवाओं के कल्याण और भविष्य से बढ़कर कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं है। हमारे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

संक्षेप

नीट पेपर लीक और छात्रों पर लाठीचार्ज के मुद्दे पर विधानसभा और विधान परिषद में हंगामा

पटना। बिहार विधानसभा और विधान परिषद में बृहस्पतिवार को पटना में एक दिन पहले हुए छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक के कारण भारी हंगामा हुआ। सुबह 11 बजे विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई सदस्य बुधवार को छात्रों और पुलिस के बीच हुए हिंसक टकराव के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराते हुए अपनी-अपनी सीट पर खड़े हो गए। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कुछ ही मिनट में सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी। हंगामे के दौरान राजग के कई विधायक सदन के वेल में पहुंच गए। हंगामे के दौरान भाजपा विधायक श्याम बाबू यादव विपक्षी सदस्यों की ओर बढ़ते हुए दिखाई दिये। राजग के विधायक यह आरोप लगाते रहे कि बुधवार के प्रदर्शन में छात्र नहीं, बल्कि गुंडे शामिल थे। उनका कहना था कि दिनभर चले इस हिंसक संघर्ष में कम से कम 22 पुलिसकर्मी घायल हुए और अंत में मुख्यमंत्री आवास के निकट पुलिस तथा प्रदर्शनकारियों के बीच आमना-सामना हुआ।

मोदी दबाव में हैं, युवाओं के भविष्य को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया: कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दबाव में हैं और उसने आरोप लगाया कि युवाओं के भविष्य को सबसे अधिक नुकसान उन्होंने ही पहुंचाया है।

इससे कुछ ही देर पहले प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के युवाओं का कल्याण और हित सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा उनके भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी ने भारत की शिक्षा व्यवस्था पर पूरी तरह कब्जा करने और उसे बर्बाद होने दिया तथा इसके लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को संरक्षण दिया।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, हमारे युवाओं के भविष्य को सबसे अधिक नुकसान आपने (मोदी ने) ही पहुंचाया है। आपने हमारी शिक्षा व्यवस्था पर पूरी तरह कब्जा करने और उसे बर्बाद होने दिया तथा उसे बढ़ावा दिया और इसके लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति को संरक्षण दिया।

राष्ट्रपति मुर्मू राजकीय यात्रा पर रोमानिया पहुंचीं



बुखारेस्ट (रोमानिया)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बृहस्पतिवार को तीन यूरोपीय देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में रोमानिया पहुंचीं। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य व्यापार, पर्यटन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग का विस्तार करना है।

यह पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय में किसी भारतीय राष्ट्रपति की रोमानिया की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति भवन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तीन देशों की अपनी राजकीय यात्रा के अंतिम चरण में रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट पहुंचीं। हवाई अड्डे पर रोमानिया की विदेश मंत्री ओआना-सिल्विया ओयू ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन, कार्यवाहक प्रधानमंत्री इली बोलोजान और सीनेट के अध्यक्ष एम. अब्रुडेआन से मुलाकात करेंगी। मुर्मू रोमानिया-भारत संसदीय मैत्री समूह के सदस्यों से भी मिलेंगी और भारत-रोमानिया कारोबार मंच को संबोधित करेंगी। वह रोमानिया में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों से भी बातचीत करेंगी। वर्तमान में रोमानिया में लगभग 13,500 भारतीय रहते हैं, जिनमें करीब 10,000 कामगार शामिल हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने 20 जुलाई को मोल्दोवा और 21-22 जुलाई के दौरान उत्तरी मैसिडोनिया की यात्रा की थी। इन दोनों यूरोपीय देशों की यात्रा करने वाली वह पहली भारतीय राष्ट्रपति हैं।

छात्र सड़क पर हैं तो हम भी उनके साथ: राहुल

बस यात्रा से गरमाई सियासत, गांधी स्मृति पहुंचा विपक्ष



नई दिल्ली। नीट पेपर लीक के मुद्दे पर सियासत अब संसद से निकलकर सड़क पर आ गई है। राहुल गांधी विपक्षी सांसदों के साथ बस में सवार होकर गांधी स्मृति पहुंचे और छात्रों के समर्थन में सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। देश की राजधानी दिल्ली में नीट-यूजी पेपर लीक को लेकर सियासी तापमान और बढ़ गया है।

गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में इंडिया गठबंधन के सांसद एकजुट होकर गांधी स्मृति पहुंचे। राहुल गांधी अपने सरकारी आवास से विपक्षी नेताओं के साथ एक बस में सवार होकर निकले। इस दौरान कांग्रेस, आरजेडी, सीपीआई(एम) समेत कई विपक्षी दलों के सांसद उनके साथ मौजूद रहे। हालांकि, यात्रा शुरू होने से पहले कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। राहुल गांधी के आवास के बाहर दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी और बस को आगे बढ़ने से रोक दिया। कुछ मिनट तक चली बातचीत के बाद पुलिस ने रास्ता खोल दिया, जिसके बाद विपक्षी नेताओं का काफिला गांधी स्मृति के लिए रवाना हो गया। रवाना होने से पहले राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्र अपने भविष्य को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में विपक्ष का कर्तव्य है कि वह उनके साथ खड़ा रहे। उन्होंने कहा, 'हम पहले इंडिया गेट जाना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद हमने गांधी स्मृति जाने का फैसला किया, वहां भी हमें कुछ देर रोका गया। हमारा सबसे बड़ा संदेश देश के छात्रों के लिए है कि हम आपके साथ हैं और आपकी आवाज संसद से लेकर सड़क तक उठाएंगे।

सऊदी अरब को परमाणु समझौते के लिए इजराइल से संबंध सामान्य करने होंगे : ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि सऊदी अरब के साथ होने वाले असैन्य परमाणु समझौते के तहत यह आवश्यक है कि पश्चिम एशियाई देश अब्राहम संधि के अनुसार इजराइल के साथ अपने रिश्ते सामान्य करे।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि इस समझौते में यूरेनियम संवर्धन की अनुमति नहीं है। हालांकि, परमाणु अप्रसार समर्थकों ने इस प्रस्तावित समझौते पर चिंता जताते हुए कहा कि इसमें परमाणु सामग्री को हथियार बनाने लायक स्तर तक संवर्धन को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय नहीं है। ट्रंप की पोस्ट में कहा गया कि समझौते को मंजूरी तो मिल जाएगी, लेकिन यह पूरी तरह से इस बात पर निर्भर करेगा कि सऊदी अरब बहुत सम्मानित और सफल अब्राहम संधि में शामिल हो। उन्होंने कहा कि अमेरिका असैन्य (गैर-संवर्धित) परमाणु सुविधाओं के खिलाफ नहीं है। सऊदी अरब ने स्पष्ट कर दिया है कि इजराइल के साथ संबंध सामान्य करने के लिए पहले फलस्तीनी राष्ट्र के गठन का स्पष्ट रास्ता बनाना जरूरी होगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फलस्तीनी राष्ट्र के विचार को खारिज कर दिया है।

ट्रंप ने 2020 की अब्राहम संधि को आगे बढ़ाने की कोशिश की है, जिससे इजराइल के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले अरब देशों की संख्या बढ़ी थी। एक अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए बताया कि यह समझौता 30 साल के लिए हो सकता है और इसके तहत परमाणु विकास में अमेरिकी कंपनियां शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि करार के तहत अमेरिका और सऊदी अरब के संयुक्त अध्ययन के बाद सऊदी अरब में यूरेनियम संवर्धन सुविधा स्थापित की जा सकेगी। इस समझौते को समीक्षा के लिए कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के सामने पेश किए जाने की उम्मीद है। इस फैसले की जानकारी रखने वाले एक दूसरे व्यक्ति के अनुसार, इस समझौते में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी का अतिरिक्त प्रोटोकॉल शामिल नहीं है, जो ज्यादा निगरानी, निरीक्षण और सत्यापन की सुविधा देता है।

इंटरटेनमेंट...

'जन नायकन' को लेकर तमिलनाडु में जबरदस्त उत्साह

चेन्नई। विजय की आखिरी फिल्म होने के कारण 'जन नायकन' सिर्फ एक रिलीज नहीं, बल्कि करोड़ों प्रशंसकों के लिए भावनात्मक मौका थी। उम्मीद थी कि यह फिल्म उनके लंबे सिनेमाई सफर को यादगार विदाई देगी। लेकिन निर्देशक एच. विनोथ इसे कहानी से ज्यादा राजनीतिक संदेश और स्टार की छवि चमकाने का माध्यम बना देते हैं। नतीजा यह कि फिल्म कई बार मनोरंजन छोड़कर चुनावी भाषण

मूवी रिव्यू: विजय की आखिरी फिल्म पर राजनीति हावी तीन घंटे का सफर बन गया थका देने वाला तमाशा

जैसी लगने लगती है। विजय की मौजूदगी तालियां जरूर बटोरती है, लेकिन कमजोर पटकथा और जरूरत से ज्यादा लंबाई फिल्म का असर कम कर देती है। फिल्म की लंबाई 3 घंटे 3 मिनट है।

फिल्म की कहानी कैसी है? कहानी वेत्री (विजय) की है, जो जेल में बंद होने के बावजूद सब पर भारी पड़ता है। ईमानदार जेलर श्रीकांत (गौतम वासुदेव मेनन) उसकी इंसानियत पहचानता है, लेकिन एक हादसे के बाद अपनी बेटी विजी (ममिता बैजू) की जिम्मेदारी वेत्री को सौंप देता है।



वेत्री उसे सेना में अधिकारी बनाने का सपना पूरा करने निकल पड़ता है। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय अपराधी जॉन हिमलर (बॉबी देओल) देश में हिंसा और अराजकता फैलाने की साजिश रच रहा है। पत्रकार कयाल (पूजा हेगड़े) भी इस कहानी का हिस्सा बनती हैं। शुरूआत में कहानी भावनात्मक लगती है, लेकिन जल्द ही महिला सशक्तिकरण, आतंकवाद, राजनीति, भ्रष्टाचार और सत्ता की लड़ाई जैसे कई मुद्दों का बोझ उठाने लगती है। इसके चलते मूल कहानी पीछे छूट जाती है। अंतराल के बाद फिल्म पूरी तरह बिखर जाती है और ऐसा लगता है कि हर दूसरा दृश्य सिर्फ विजय की छवि को और बड़ा बनाने के लिए लिखा गया है। स्टारकास्ट की एक्टिंग कैसी है? विजय हमेशा की तरह पूरे आत्मविश्वास के साथ नजर आते हैं। एंट्री, एक्शन, संवाद और स्क्रीन प्रेजेंस में उनका जलवा बरकरार है। लेकिन जब पटकथा ही कमजोर हो तो उनका स्टारडम भी फिल्म को ज्यादा दूर नहीं ले जा पाता। ममिता बैजू सबसे ज्यादा प्रभावित करती हैं और भावनात्मक दृश्यों में अपनी छाप छोड़ती हैं।

बॉबी देओल का खलनायक कागज पर जितना खतरनाक लगता है, पर्दे पर उतना असर नहीं छोड़ता। पूजा हेगड़े को करने के लिए बहुत कम मिला है। प्रकाश राज, नासर, प्रियामणि और गौतम वासुदेव मेनन जैसे कलाकार भी सीमित भूमिका में रह जाते हैं। निर्देशन और तकनीकी पक्ष कैसा है? एच. विनोथ ने एक मजबूत भावनात्मक कहानी को राजनीतिक रंग देने की कोशिश की, लेकिन यही दांव सबसे कमजोर साबित होता है। पटकथा बार-बार भटकती है और कई दृश्य बिना किसी असर के गुजर जाते हैं।

आंदोलन का हिंसक होना बेहद दुखद : सलमान

मुंबई। लंबी चुप्पी के बाद फिल्म इंडस्ट्री से जंतर-मंतर में छात्रों के साथ हुई हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने वाले सलमान खान पहले सुपरस्टार बन चुके हैं। उन्होंने न सिर्फ छात्रों के साथ हुई हिंसा की कड़ी निंदा की, बल्कि उनके विरोध प्रदर्शन को सही करार दिया। उन्होंने उम्मीद जताई है कि सरकार जल्द ही उनका साथ देगी और शिक्षा व्यवस्था में बेहतरी होगी। साथ ही एक्टर ने कहा कि ये सिर्फ छात्रों और शिक्षा का मुद्दा है इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश नहीं करना चाहिए। यह एक बेहद शांतिपूर्ण आंदोलन था। यह देखकर बहुत दुख होता है कि इसे हिंसक मोड़ लेना पड़ा। इस आंदोलन में घायल हुए छात्रों और उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। पेपर लीक एक बहुत गंभीर मुद्दा है। यह देखकर खुशी होती है।

'मोदी है तो मुमकिन है' गाने पर घिरे राजकुमार राव

मुंबई। एक्टर राजकुमार राव साल 2025 में आए राजनीतिक प्रमोशनल गाने 'मोदी है तो मुमकिन है' को लेकर विवादों में आ गए हैं। दिल्ली में नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में राजकुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट लिखी थी। इसके बाद यूजर्स ने उन्हें पुराने गाने की याद दिलाते हुए ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर के कमेंट का जवाब देते हुए राजकुमार ने लिखा कि वे उनके दबाव के बारे में सोच भी नहीं सकते। हालांकि, बाद में उन्होंने अपना यह कमेंट डिलीट कर दिया। अब इस कमेंट के स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। देरी से बोलने पर ट्रोल हुए, फिर दिया जवाब राजकुमार राव ने नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन के समर्थन में देरी से पोस्ट की। इस पोस्ट के बाद लोगों ने उन्हें देर से बोलने और राजनीतिक गाने 'मोदी है तो मुमकिन है' में काम करने के लिए ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने कमेंट किया, मेरे मन में आपके लिए बहुत सम्मान था, लेकिन एक प्रोपेगैंडा गाने की वजह से सब खत्म हो गया।

आप प्रेशर नहीं समझ सकते, मेरी आत्मा बिकाऊ नहीं, फिर कमेंट डिलीट किया

सीजेपी के प्रोटेस्ट पर एक्टर रघुवीर यादव भावुक

मुंबई। सीजेपी के जेनजी प्रोटेस्ट के दौरान बच्चों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर अब देश के चर्चित अभिनेता रघुवीर यादव भी खुलकर सामने आ गए हैं। इन दिनों वे चर्चित वेब सीरीज 'पंचायत' में प्रधान के किरदार के कारण घर-घर में लोकप्रिय हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो जारी कर घटना पर गहरा दुख जताया और कहा कि मासूम बच्चों के साथ जो हुआ, उसने उन्हें भीतर तक आहत कर दिया है। बता दें कि मध्य प्रदेश के रघुवीर यादव ने हाल ही में पंचायत वेब सीरीज में प्रधान का कैरेक्टर निभाया है। वीडियो की

मासूम बच्चों पर हुई दरिंदगी, नकाबपोशों सृष्टि कभी माफ नहीं करेगी



शुरूआत में रघुवीर यादव ने कहा कि वे बेहद आहत हैं। उन्होंने कहा, यकीन नहीं हो रहा कि जिस तरह इन मासूम बच्चों को बेरहमी से, बेदर्दी से मारा-पीटा गया।

उनकी आवाज में दर्द साफ महसूस होता है और वे बार-बार इस घटना को इंसानियत के खिलाफ बताते नजर आते हैं। अभिनेता ने कहा कि खाकी वर्दी पहनकर बच्चों पर जिस तरह हाथ उठाया गया, वह केवल कानून-व्यवस्था का सवाल नहीं बल्कि मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है।

उन्होंने कहा, इन बच्चों पर जो दरिंदगी दिखाई गई है, उसे पूरी कायनात, पूरी सृष्टि कभी माफ नहीं करेगी। रघुवीर यादव ने सवाल उठाया कि आखिर उन बच्चों का अपराध क्या था। उन्होंने कहा, अब क्या है। पीट लिया, मार लिया। बच्चों का कसूर क्या था? अब जाइए, इस महीने की तनख्वाह लेकर अपने बच्चों को रोटी खिलाइए और चैन की नींद सो जाइए, लेकिन यह सृष्टि आपको कभी माफ नहीं करेगी।



आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com